RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo ™

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 177 | ग्वालियर शुक्रवार 7 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## मुकुल अग्रवाल ने रिफाइनरी प्रमुख का कार्यभार संभाला

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**



**मथुरा।** मुकुल अग्रवाल ने मथुरा रिफाइनरी के नए कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नैनीताल से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त मुकुल अग्रवाल वर्ष 1993 में इंडियन ऑयल की मथुरा रिफाइनरी में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत की थी।

तेल एवं गैस उद्योग में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने संचालन, रिफाइनिंग, तकनीकी उन्नयन, प्रक्रिया नवाचार और परियोजना प्रबंधन के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे रिफाइनरियों में संचालित कैप्टिव थर्मल पावर प्लांट के विशेषज्ञ भी हैं। श्री अग्रवाल को मथुरा, गुजरात और पानीपत रिफाइनरियों में काम करने का अनुभव है। मथुरा रिफाइनरी में 2009 तक के कार्यकाल के दौरान उनके योगदानों में रिफाइनरी की क्षमता 6 एम.एम.टी.पी.ए से बढ़ाकर 8 एम.एम.टी.पी.ए करना और पावर प्लांट, डी.एच.डी.एस, डी.एच.डी.टी, गैस टर्बाइन और ए.वी.यू के पुनरुद्धार सहित विभिन्न इकाइयों की कमीशनिंग शामिल है। गुजरात रिफ़ाइनरी में 2009 से 2020 तक अपने कार्यकाल के दौरान, श्री अग्रवाल ने रेजिड अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया। नए गैस टर्बाइन चालू किए और विश्वसनीयता बढ़ाने वाली परियोजनाओं का हिस्सा रहे।

मथुरा रिफ़ाइनरी के कार्यकारी निदेशक और रिफ़ाइनरी प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, श्री अग्रवाल पानीपत रिफ़ाइनरी में मुख्य महाप्रबंधक (पी.एंड.यू और इंस्ट्रूमेंटेशन) की ज़िम्मेदारियाँ संभाल रहे थे और बीएसटप यूनिटों की कमीशनिंग की मेगा परियोजना का हिस्सा थे, कोविड के चरम समय के दौरान ऑक्सीजन की आपूर्ति, 2जी-3जी इथेनॉल परियोजना और पी25 क्षमता विस्तार परियोजना के लिए अपनी विशेषज्ञता दी। इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के महारथी, श्री अग्रवाल ने गुजरात और पानीपत दोनों रिफ़ाइनरियों में 220 केवी ग्रिड पावर परियोजनाओं का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। श्री अग्रवाल अपनी अत्याधुनिक तकनीकी दक्षता, विद्युत विश्वसनीयता टास्क फोर्स गठन एवं अनुपालन तथा संपूर्ण परियोजना प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। निगम के लक्ष्यों पर ध्यान देने वाले , जन प्रिय व्यक्तित्व के मालिक, वे एक सच्चे प्रेरक हैं तथा अपनी टीम की ताकत हैं। श्री अग्रवाल ने अजय कुमार तिवारी का स्थान लिया है, जिन्हें कार्यकारी निदेशक (अन्वेषण एवं योजना), बिज़नस डेव्लपमेंट, कॉर्पोरेट कार्यालय, दिल्ली के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

## ऐप्जा संगठन के पत्रकारों ने जोगराजपुर में की महत्वपूर्ण बैठक

### पत्रकारिता के गिरते स्तर और संगठन विस्तार पर हुई अहम चर्चा

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**



**जोगराजपुर, पूरनपुर-** ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) तहसील पूरनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जोगराजपुर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारी, सदस्य और क्षेत्रीय पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता संगठन संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन संयुक्त महासचिव रामनिवास कश्यप ने किया। इस दौरान संरक्षक महोदय ने संगठन के उद्देश्यों और पत्रकारिता की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के स्तर में गिरावट चिंता का विषय है, और सभी पत्रकारों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पत्रकारिता केवल समाचार संकलन का कार्य नहीं है, बल्कि यह समाज को सही दिशा दिखाने और सच्चाई उजागर करने का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि हमें निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज को सही जानकारी मिले। साथ ही, संगठन को मजबूत बनाने और आपसी तालमेल बढ़ाने के लिए सुझाव भी दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन के सभी पत्रकार अपनी गरिमा और नैतिकता बनाए रखते हुए कार्य करें, ताकि आम जनता का विश्वास बना रहे।

तहसील प्रभारी सबलू खान ने बैठक में अपने विचार रखते हुए कहा, पत्रकार समाज का आईना होते हैं, और हमारी कलम हमेशा सत्य के लिए चलनी चाहिए। हमें किसी भी प्रकार के दबाव या प्रलोभन में आए बिना निष्पक्ष पत्रकारिता करनी चाहिए। यदि हम अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएंगे, तो समाज में पत्रकारों की साख बनी रहेगी। संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष हरि ओम शर्मा, राधेश्याम सहित कई वरिष्ठ पत्रकार एवं संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक के अंत में पत्रकारों ने आपसी सहयोग और संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया।

## जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित का नपा सभाकक्ष में स्वागत कार्यक्रम

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर।** शहर का नाम देश में रोशन करने वाले और जन-जन में सनातन को वृद्धि करने वाले जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित का गुरुवार की सुबह नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में सम्मान किया। इस मौके पर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि यह हमारे शहर के लिए सौभाग्य है कि प्रयाग राज के महाकुंभ में विशेष अभिषेक के बाद क्षेत्र की आन, बान और शान पंडित श्री पुरोहित को जगद गुरु की उपाधि मिली है।

वहीं सम्मान कार्यक्रम के दौरान जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि हमारे नगर पालिका अध्यक्ष तीसरे खेड़ापति है, दो खेड़ापति तो शहर में है जिसमें खेड़ापति मंदिर, दूसरे नगर पुरोहित पृथ्वी वल्लभ दुबे और तीसरे अब नपाध्यक्ष श्री राठौर है, इसके अलावा हमारे सभी पार्षद भी अपने-अपने क्षेत्र के खेड़ापति की तरह कार्य कर रहे है। शहर को विकसित और सुंदर बनाने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी है

## नूंह में 8 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम नेहा गुप्ता

### आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा केस का निपटारा



**नूंह,नीरज सोनी तावडू दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार 8 मार्च को नूंह स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण नेहा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

## यातायात नियमों का पालन क़ो आदत में करें शुमार - कलेक्टर दीपक सोनी

### यातायात जागरूकता नारा नहीं हकीकत बने - विजय अग्रवाल

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**बलौदाबाजार।** पुलिस प्रशासन द्वारा 5 जनवरी से शुरू किये गये यातायत जागरूकता माह का समापन कार्यक्रम बुधवार क़ो पुलिस काम्युनिटी हाल बलौदाबाजार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने चित्रकला निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों क़ो प्रशस्ति पत्र तथा यातायात मित्रो क़ो हेलमेट एवं जैकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम क़ो सम्बोधित करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि यद्यपि पहले के तुलना में जिले में सड़क हादसों में कमी आई है लेकिन और कमी लाने क़ी आवश्यकता है। केवल शासन प्रशासन के प्रयास ही नहीं बल्कि सभी क़ो यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा। यातायात नियमों का पालन करने क़ी आदत डालना होगा। माता पिता नाबालिग बच्चों क़ो वाहन चलाने न दें वहीं शराब का सेवन कर वाहन चलाने पर कठोरता से रोकें। सभी मिलकर सुरक्षा मापदंडो का पालन करते हुए वाहन चलाने का संकल्प लें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल नें बताया कि यातायात जागरूकता माह के दौरान जागरूकता कार्यक्रम नुक्कड़ नाटको सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही लर्निंग लाइसेंस के लिए शिविर भी लगाए गये जिसमें 8 हजार आवेदन आये और 3 हजार लर्निंग लाइसेंस बनाए गये। उन्होंने कहा कि यातायात जागरूकता अभियान निरंतर चलते रहते है लेकिन यह अभियान केवल नारों तक सीमित न रहे बल्कि वास्तव में लोगों क़ो जागरूक करने वाला हो। इस दिशा में सभी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में कमी लाने के लिए नेशनल हाई वे में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां इंटर सेप्टर लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर सहित अन्य अधिकारी शिक्षक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने बारीघाट फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण: मोटरों की जांच कर जामडार नदी के जलस्तर पर की बात, मिनोरा ग्राम में बोरी बांध बनाने के निर्देश

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/ मनोज सिंह**



**टीकमगढ़।** गर्मी के मौसम में संभावित पानी की कमी से निपटने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने गुरुवार को बारीघाट जलशोधन संयंत्र (फिल्टर प्लांट) का निरीक्षण किया। उन्होंने बारीघाट स्टॉप डेम पर जल स्थिति का जायजा लिया और इंटेक वेल में लगी वर्टिकल टरबाइन मोटर और क्लीयर वाटर टैंक में स्थापित सेंट्रीफ्यूगल हॉरिजोंटल मोटरों की कार्यप्रणाली की जांच की।हर साल गर्मी के मौसम में जल संकट की समस्या उत्पन्न होती है। जामडार नदी का जलस्तर कम होने से बारीघाट फिल्टर प्लांट से जल आपूर्ति प्रभावित होती है। इस समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका ने पहले ही स्टॉप डेम के गेट बंद कर दिए हैं, ताकि नदी में जल संग्रहण किया जा सके और आने वाले महीनों में पर्याप्त जल उपलब्ध हो। कलेक्टर ने मिनोरा ग्राम के पास जामडार नदी का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को नदी में बोरी बांध बनाने और अन्य आवश्यक उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उनके साथ नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीताराम पटेरिया और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर का यह निरीक्षण आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से बचने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन ने ग्रामीण विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन ने जिले के ग्राम थूनाकला में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, एनआरएलएम, सीएलएफ सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## राहत भरी खबर-नपा ने विकास शुल्क की राशि घटाने का प्रस्ताव शासन को भेजा

### विकास शुल्क में 50 रुपए वर्गफीट के हिसाब से राशि ली जाती है, लेकिन अब 30 रुपए वर्ग फीट

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



**सीहोर।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन परिषद के सभाकक्ष में करीब 35 से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस मौके पर राहत देने वाली खबर यह है कि नगर पालिका ने विकास शुल्क 50 रुपए वर्ग फी के हिसाब से राशि ली जाती है, लेकिन अब उसको 30 रुपए वर्ग फीट करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित करते हुए शासन को भेजा है। इसके अलावा करोड़ों के विकास के कार्य के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ नगर पालिका भूपेन्द्र दीक्षित सहित समस्त पार्षद और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि शहर का विकास तेजी से हो रहा है। वहीं शहर के आस-पास नई कालोनी बन रही है। पहले नगर पालिका विकास शुल्क के रूप में 50 रुपए वर्ग फीट के हिसाब से राशि ले रही थी, लेकिन अब 30 रुपए करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। शहरवासियों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा सीएमओ श्री दीक्षित के अनुसार परिषद के सम्मेलन के दौरान वार्ड क्रमांक 5 में पोस्ट आफिस से लाल मस्जिद चौराहे तक नाली सीसी निर्माण के लिए 42 लाख, रेलवे क्रांसिंग सीवन के पास से पेट्रोल पंप टावर तक पाइप लाइन निर्माण कार्य करीब 63 लाख से अधिक, वर्ड क्रमांक 29 में श्मशान के पीछे बहादुर दांगी से रमेश किराना तक सीसी सड़क निर्माण, रेशम केन्द्र के पास स्टेडियम निर्माण कार्य लागत 491 लाख वित्ती स्वीकृति पुष्टि, इसके अलावा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों की पुनरीक्षित प्राक्कलन की स्वीकृति, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वार्ड क्रमांक दो में ट्रेचिंग ग्राउंड में बाउंड्री वाल-कक्ष निर्माण कार्य के लिए 2.25 करोड़ के काम की स्वीकृति, मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत सीएम मानिट अनुसार मल्टीपरपस स्वीमिंग पुल व जिम निर्माण कार्य लागत 365 लाख के कार्य के संबंध में चर्चा, राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत इंडस्ट्रीयल एरिया से प्रभात एग्रो तक नाला निर्माण कार्य लागत 99.58 लाख के कार्य पर विचार किया गया।

वहीं राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत दुल्हा बादशाह के पास स्टाप डेम निर्माण कार्य लागत 42.91 लाख के कार्य पर विचार, राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत इंग्लिशपुरा ब्रिज से दुल्हा बादशाह ब्रिज तक रिटेनिंग वाल निर्माण, राज्य आपदा प्रबंधन योजना 2.0 अंतर्गत इंग्लिशपुरा ब्रिज से कोतवाली चौराहे पुल से दुल्हा बादशाह ब्रिज तक नाला निर्माण कार्य लागत रुपए 182.98 लाख के विषय पर चर्चा आदि की गई।

## आवास सर्वे में लापरवाही बरतने पर सर्वेयर के मानदेय भुगतान पर रोक लगाने तथा पद से पृथक करने जिला पंचायत सीईओ ने दिया शोकॉज नोटिस

**केसरी हिंदुस्तान से विकास कुमार की रिपोर्ट**

अनूपपुर केंद्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान में ग्राम पंचायतों में घर- घर सर्वे कार्य किया जाकर पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उक्त सर्वे कार्य का जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा आज ग्राम पंचायत करौंदा टोला जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक एवं प्रभारी सचिव श्री गजेंद्र अहिरवार द्वारा अभी तक मात्र 6 हितग्राहियों का सर्वे कार्य किया गया है जबकि सर्वे कार्य दिनांक 17 जनवरी से प्रारंभ है। रोजगार सहायक व सर्वेयर श्री अहिरवार के उक्त कृत्य पर सीईओ जिला पंचायत ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी माह के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाए जाने संबंधित आदेश जारी किया गया है साथ ही पदीय दायित्वों के निर्वहन एवं कार्य में उदासीनता/लापरवाही बरतने के कारण पद से पृथक करने संबंधित नोटिस श्री अहिरवार को तथा ग्राम पंचायत के सरपंच को धारा 40 के तहत नोटिस जारी किया की गई है।

## कामतानाथ आईटीआई परसौडा बाँदा में छात्रों को जलशक्ति मंत्री रामकेश निषाद ने बांटे टेबलेट

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**





**बांदा** - गुरूवार को कामतानाथ आई0 टी0 आई0 परसौडा बाँदा में टैबलेट वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामकेश निषाद राज्यमंत्री जलशक्ति उ0प्र0 के द्वारा के ने छात्र छात्राओं को टेबलेट बांटे। छात्र एवं छात्रा टैबलेट पाकर खुशी से झूम उठे । इस कार्यक्रम में प्रबंधक रामप्यारे मिश्रा वारिष्ठ भा0ज0पा0 नेता राजनारायण द्विवेदी, जिला नोडल प्रधानाचार्य बाँदा ,अमित पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के द्वारा होगा क्रिकेट कार्निवल का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101**

**ग्वालियर।** लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के अध्यक्ष लायन मुकेश बिरोनिया की अध्यक्षता में क्रिकेट कार्निवल की जानकारी पत्रकारों के साथ साझा करने के लिए पत्रकार वार्ता का आयोजन होटल रमाया में किया गया क्रिकेट कार्निवल के संयोजक लायन जुबैर रहमान जी ने पत्रकार वार्ता में जानकारी दी 9 फ़रवरी रविवार को कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के आतिथ्य में क्रिकेट कार्निवल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

**यह क्रिकेट कार्यक्रम सभी क्लबों की स्नेह मित्रता एवं फ़ेलोशिप के लिए किया जा रहा है :-**

- क्रिकेट कार्निवल का उद्घाटन 9 फ़रवरी सुबह 9.00 बजे किया जाएगा
- क्रिकेट कार्निवल में दस क्लब की 11 टीम खेल रही है जिसमें दो टीम महिलाओं की भी भागीदारी करेंगी
- हर मैच में चाँदी के सिक्के से टॉस किया जाएगा और टॉस जीतने वाले कैप्टन को चाँदी का सिक्का दिया जाएगा
- हर गेम में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा
- कार्यक्रम में संगीतमय कॉमेंटरी के साथ खेल का सुखद वातावरण रहेगा
- क्रिकेट कार्निवल में-
- 1)लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल
- 2) लायंस क्लब ग्वालियर सिटी
- 3) लायंस क्लब ग्वालियर प्रेरणा
- 4) लायंस क्लब ग्वालियर




- 5) लायंस क्लब ग्वालियर दिशा
- 6) लायंस क्लब ग्वालियर क्लासिक
- 7) लायंस क्लब ग्वालियर आस्था
- 8) लायंस क्लब ग्वालियर कॉस्मिक
- 9) लायंस क्लब ग्वालियर इंद्रप्रस्थ
- 10) लायंस क्लब ग्वालियर ओजस

**भागीदारी करेंगी :-**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतपाल लायन सुमेर जैन एवं विशिष्ट अतिथि व्ही डीजी प्रथम लायन सुधीर वाजपेयी एवं पूर्व प्रांतपाल ओ पी गग्गर जी पूर्व प्रांतपाल लायन विकास गंगवाल जी एवं पूर्व प्रांतपाल नितिन मांगलिक जी उपस्थित रहेंगे

- पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से लायन व्हीडीजी प्रथम लायन सुधीर वाजपेयी एवं क्रिकेट कार्निवल की सलाहकार समीति के लायन सुनील शर्मा , लायन जे एस गुप्ता ,लायन अजय सप्रा , ,लायन सी एस तोमर ,लायन राज शिवहरे उपस्थित रहे

पीआर ऑफ़िसर क्रिकेट कार्निवल लायन डॉ रजनीश नीखरा ने पत्रकार वार्ता में आए पत्रकारों का स्वागत किया एवं संचालन कर सभी का आभार व्यक्त किया

- क्रिकेट कार्निवल की संपूर्ण व्यवस्था लायंस क्लब ग्वालियर दिशा के पूर्व अध्यक्षों द्वारा देखी जाएगी जिसमें लायन मनीष बॉंदिल , लायन राज शिवहरे ,लायन विमल सिंघल ,लायन डॉ रजनीश नीखरा , लायन उड्यन हतवलने रहेंगे।

# गर्भ कल्याणक में भगवान के जन्म से पहले माता पिता को दिखे 16 सपने, डोलने लगा इंद्र का आसन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

**अम्बाह।** सिहोंनिया । अतिशय क्षेत्र सिहोंनिया जी में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य श्री वसुनंदी सागर महाराज जी संसंघ सानिध्य में चल रहा है। इसमें स्वर्गलोक की अष्ट कुमारियां भगवान की माता मरू देवी की सेवा करती हैं। तीर्थंकर के गर्भ में आने के 6 माह पहले से ही देवता उनकी भावी जन्म नगरी में दिव्य रत्नों की वर्षा करते हैं। तीर्थंकर को जन्म देने वाली मां को 16 स्वप्न दिखाई देते हैं। तीर्थंकर के जन्म से सौधर्म इन्द्र का आसन कंपायमान होता है। अन्य चारों निकाय के देवों के महलों में भी



विचित्र संकेत होते हैं। नरक के जीवों को भी कुछ क्षण की शांति मिलती है। तीर्थंकर के जन्म के बाद इंद्र बालक को ऐरावत हाथी पर बिठाकर सुमेरु पर्वत पर ले जाकर अभिषेक कर असंख्य देवों के साथ तीर्थंकर का जन्म कल्याणक मनाता है। मीडिया प्रभारी सौरभ जैन वरेह वाले ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचकल्याणक, जैन ग्रन्थों के अनुसार वे पाँच मुख्य घटनाएँ हैं जो सभी तीर्थंकरों के जीवन में घटित होती हैं। ये पाँच कल्याणक हैं। गर्भ कल्याणक : जब तीर्थंकर प्रभु की आत्मा माता के गर्भ में आती है। जन्म कल्याणक : जब तीर्थंकर बालक का जन्म होता है।

दीक्षा कल्याणक : जब तीर्थंकर सब कुछ त्यागकर वन में जाकर मुनि दीक्षा ग्रहण करते है।

केवल ज्ञान कल्याणक : जब तीर्थंकर को कैवल्य की प्राप्ति होती है।

मोक्ष कल्याणक : जब भगवान शरीर का त्यागकर अर्थात सभी कर्म नष्ट करके निर्वाण/ मोक्ष को प्राप्त करते है।

भगवान के गर्भ में आने से छह माह पूर्व से लेकर जन्म पर्यन्त 15 मास तक उनके जन्म स्थान में कुबेर द्वारा प्रतिदिन तीन बार साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वर्षा होती है। यह भगवान के पूर्व अर्जित कर्मों का शुभ परिणाम है। दिक्ककुमारी देवियाँ माता की परिचर्या व गर्भशोधन करती हैं। यह भी पुण्य योग है। गर्भ अवतरण के समय माता को 16 उत्तम स्वप्न दिखते हैं। प्रत्येक सपना का अपना अलग-अलग मतलब होता है।

# जिले में घर-घर से किसानों को बुलाकर बनवाई जा रही हैं फार्मर आईडी

## ई-केवायसी व भू-लेख से आधार लिंकिंग का भी हो रहा है काम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**ग्वालियर।** जिले के गाँव-गाँव में घर-घर दस्तक देकर एवं विशेष शिविर लगाकर किसानों की फॉर्मर आईडी, ईकेवायसी, भू-लेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग व आधार से बैंक खाते लिंक करने का काम किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को जिले की सभी तहसीलों से जुड़े विभिन्न गाँवों में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य मैदानी कर्मचारी पहुँचे और किसानों की ऑनलाइन फार्मर आईडी बनवाई और ई-केवायसी का काम भी कराया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने लगातार विशेष अभियान जारी रखकर 15 फरवरी तक शतप्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को ग्राम मछरिया व ग्राम तोड़ा की नाथ बस्ती सहित जिले के दूरस्थ गाँवों में विशेष तौर



पर फॉर्मर आईडी व ई-केवायसी का काम मैदानी कर्मचारियों ने किया। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्य का निरीक्षण करने पहुँच रहे हैं।

**योजनाओं का लाभ लेने के लिये फार्मर आईडी व डीबीटी जरूरी :-**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने किसान भाईयों से भी अपील की है कि वे अपनी फॉर्मर आईडी अवश्य बनवा लें। किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ अब उन्ही किसानों को मिलेगा, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री अर्थात फॉर्मर आईडी बन जायेगी। साथ ही पीएम किसान पोर्टल पर ईकेवायसी, भू-अभिलेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग एवं बैंक खाते से आधार लिंक कराकर डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) कराना भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये अब अनिवार्य हो गया है।

## महामंडलेश्वर मोहनानंद सरस्वती के खालसे में हुआ विशाल संत भंडारा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

भिंड जिले के रामानंद आश्रम के पूज्य संत डॉ महामंडलेश्वर मोहनानंद सरस्वती ने प्रयागराज महाकुंभ में सेक्टर नं 15 में लगे अपने खालसे में विशाल भंडारे का आयोजन करवाया जिसमें श्री रामानन्द अखंड आश्रम जनसेवा समिति के अध्यक्ष/ संस्थापक/ महामंत्री/ श्री योगेश्वर दत्त शर्मा जी महाराज श्री के अनेकों देश-विदेश के शिष्यों एवं बड़े-बड़े मठाधीश संतों,महापुरुषों की उपस्थिति रही सभी संत समाज और श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष लगा कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में सेवा देने वाले सभी भक्तों ने पुरे सेवा भाव से अपनी सेवा दी और पूज्य संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण करने के लिए, गेल मालनपुर ने कराया मॉक ड्रिल

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

**अम्बाह।** मालनपुर। प्राकृतिक गैस पाइपलाइन दुर्घटना के मामले में आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण करने के लिए, गेल मालनपुर ने 5 फरवरी 2025 को जिला प्रशासन, भिंड (म.प्र.) के सहयोग से अग्निशमन सेवा, पुलिस, एमपीआईडीसी, चिकित्सा, नागरिक सुरक्षा, एस.डी.आर.एफ., नगरपालिका, एम.पी.आई.डी.सी., आइ.ओ.सी.एल.एच.पी.सी.ए बी.पी.सी.एल., अवंतिका गैस, अदानी गैस, और अन्य एजेंसियां को शामिल करते हुए एक ऑफ-साइट आपातकालीन ड्रिल आयोजित की। आपदा प्रबंधन योजना की प्रभावशीलता को जांचने के लिए ऑफ साइट एमरजेंसी ड्रिल के अंतर्गत, गेल की मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में एस.आर.एफ. इंड्स्ट्रीज के समीप



4 गेल-हॉटलाइन पाइपलाइन सेक्शन की एक लोकेशन (जी.पी.एस. निर्देशांक= 26.355614, 78.282162) पर गैस रिसाव और उसके बाद आग लगने का एक काल्पनिक परिदृश्य बनाया गया था। ड्रिल का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी आपदा के दौरान आवश्यक संसाधनों की प्रभावकारिता और पर्याप्तता के साथ साथ गेल एवं जिला प्रशासन की प्रतिक्रिया टीमों की तत्परता का मूल्यांकन व जांच करना था ताकि सभी संबंधित आपातकालीन प्रणालियों में और सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके । इसके अलावा, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं की तत्परता एवं प्रभावशीलता की जांच करने के लिए राहगीरों, नागरिकों की निकासी और प्रभावित हताहतों को नजदीकी चिकित्सा केंद्रों में स्थानांतरित करने का अभ्यास किया गया । ड्रिल का आयोजन गेल (इंडिया) लिमिटेड, द्वारा किया गया । गेल से श्री एस.पी. सिंह, उप महाप्रबंधक (ओ एंड एम) ने श्री प्रतुल चंद सिन्हा कार्यकारी निदेशक एमपीआईडीसी, श्री पराग जैन, एसडीएम, श्री संजय कोचा, एसडीओपी, महेश चंद,उप महाप्रबंधक गेल मालनपुर की उपस्थिति एवं निर्देशन में पूरी कार्यवाही का संचालन किया । मॉक ड्रिल समापन के बाद सभी निकायों के उच्च अधिकारियो ने एक संयुक्त समीक्षा बैठक की जिसमें ड्रिल की उपयुक्तता का विवेचन किया गया । विवेचना के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा गेल आयोजित आपातकालीन ड्रिल की सफलता की सराहना की ।

# श्याम भक्तों को देता है न्याय पंडित घनश्याम शास्त्री

माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम में चल रही श्री खाटू श्याम कथा के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित श्री घनश्याम शास्त्री जी खाटू श्याम हारे का सहारा है भक्तों को न्याय देता है इसके दर्शन करने से ही भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं यह हारे हुए को गले लगाता है महाराज ने खाटू श्याम वंश की कथा सुनते हुए बताया कि ब्रह्मा जी से अत्रि का जन्म हुआ था। इसके बाद अत्रि से चन्द्रमा, चन्द्रदेव से बुध और बुधदेव से इलानंदन पुरुरुवा का जन्म हुआ। पुरुरवा से आयु, उसके बाद आयु से राजा नहुष और उसके बाद राजा नहुष से ययाति का जन्म हुआ। ययाति से पुरु का जन्म हुआ, जिनसे पुरु वंश का उदय हुआ था। पुरु के वंश में ही आगे चलकर महान प्रतापी सम्राट राजा भरत का जन्म हुआ। राजा भरत के वंश में ही आगे चलकर राजा कुरु हुए जो महाभारत कथा की नीव माने जाते है पुरुवंश के राजा दुष्यंत और शकुन्तला के पुत्र भरत की गणना महाभारत में वर्णित सोलह सर्वश्रेष्ठ राजाओं में होती है। इनका एक नाम 'सर्वदमन' भी था क्योंकि इन्होंने बचपन में ही बड़े-



बड़े राक्षसों, दानवों और सिंहों का दमन किया था। वे समस्त वन्य तथा पर्वतीय पशुओं को भी सहज ही परास्त कर अपने अधीन कर लेते थे। अपने जीवन काल में उन्होंने यमुना, सरस्वती तथा गंगा के तटों पर क्रमश= सौ, तीन सौ तथा चार सौ अश्वमेध यज्ञ किये थे। प्रवृत्ति से दानशील तथा वीर थे। राज्यपद मिलने पर भरत ने अपने राज्य का विस्तार किया। प्रतिष्ठान पुर के स्थान पर हस्तिनापुर को राजधानी बनाया। भरत का विवाह विदर्भराज की तीन कन्याओं से हुआ था। जिनसे उन्हें नौ पुत्रों की प्राप्ति हुई इस अवसर पर अध्यक्ष पवन भटनागर चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव, पी डी सोनी ,हरिओम शर्मा ने खाटू श्याम बाबा की आरती की

# स्कूल बसो व ऑटो रिक्शा की चैकिंग



**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना कुशवाह एवं चैक पोस्ट प्रभारी श्री राजेश तोमर द्वारा आज श्योपुर जिले में स्कूल बसो व ऑटो रिक्शा की चैकिंग की गई। इस दौरान एसआर कॉन्वेट स्कूल की बस बगैर परमिट एवं फिटनेस बीमा के तथा विश्वकर्मा हायर सैकेण्डरी स्कूल दांतरदा की बस बगैर परमिट संचालित पाई गई। इसी प्रकार तीन ऑटो रिक्शा भी क्षमता से अधिक सवारी ले जाते पाये गये। उक्त सभी वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही कर 56 हजार 688 रूपये की राजस्व वसूली की गई, चैकिंग के दौरान वाहनों पर रिफलेक्टर भी लगाये गये।

# राष्ट्रीय संत नागा जी सरकार ने गौरक्षक संतोष चौहान को सम्मानित कर दिया आशीर्वाद

लहार नगर के निवासी राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित मां गायत्री गौशाला के संचालक गौ रक्षक संतोष सिंह चौहान को राष्ट्रीय वक्ता संत श्री नागा जी सरकार ने गौमाता की रक्षा सेवा के क्षेत्र में भिंड जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौरक्षक संतोष चौहान को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया साथ ही नागा जी सरकार ने धर्म मंच से जन मानस को गौमाता का महत्व बताते हुए कहा कि हर



सनातनी को अपने घर में गाय रखना चाहिए देव स्वरूप गौमाता की सेवा करना चाहिए हर वक्त आक्सीजन देने वाली गौमाता जहां रहती है वहां सुख, समृद्धि निवास करती है गौमाता की सेवा करने वाला कोई रोग विमारी से ग्रस्त नहीं हो सकता गौमाता की सकारात्मक उर्जा के प्रभाव से नकारात्मकता,एवं रोगाणु, विषाणु नष्ट हो जाते हैं गौमुत्र सेवन से बडी से बडी विमारी ठीक हो जाती है गौसेवक को को ब्रह्मांड की कोई भी अनिष्टकारी ताकत नुकसान नहीं पहुंचा सकती, गौ सेवक परमब्रह्म परमात्मा को सबसे प्रिये होता है

# एक ही ध्येय एक ही लक्ष्य विकास और जनकल्याण



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**लोकेंद्र सोलंकी**

विधानसभा भितरवार ग्राम बनहेरी से 65 लाख रूपए की लागत से बनने वाले नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का भाजपा विधायक एवं जनसेवक मोहन उल्फत सिंह राठौर * विधिवत भूमि पूजन कर ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओ से अवगत कराया एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभाग के अधिकारीओ से बात कर जल्द से जल्द निराकरण करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। यह उप स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के विकास को गति देगी और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में सहायक होगा। इस अवसर पर नरेंद्र रावत (मंडल अध्यक्ष), नारायण जाटव (जनपद अध्यक्ष), परशुराम पवैया , उदयभान रावत , रविंद्र शास्त्री , आशीष कमरिया , विजय सिंह यादव , एडिशन चतुर्वेदी , नरेश अग्रवाल , माधो कुशवाह , ब्रिजेंद्र गुर्जर , संजय चौरसिया , गंगाराम जाटव , कल्याण सिंह बघेल , राहुल कोटिया एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन सम्मलित रहें।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान करें : कमिश्नर

## आगामी ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्थाओं की कार्य योजना बनाने के निर्देश

**श्योपुर।** चंबल-ग्वालियर संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जायें तथा एल-1 स्तर पर त्वरित रूप से जवाब भरा जायें। एल-2 स्तर के अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर समस्या एवं मांगों का उचित निराकरण करायें। इसके साथ ही उन्होने आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्थाओं के लिए समुचित कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश पीएचई अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि अनुभाग स्तर पर एसडीएम विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की नियमित रूप से बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा करें तथा सतत् रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन




आवास योजना एवं पीटीजी आवास की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि चौथी किस्त प्रदाय करने के उपरांत हितग्राहियों से संपर्क कर 45 दिन में आवास पूर्ण कराये जायें। एसडीएम द्वारा इसकी समीक्षा की जाये तथा सीईओ जनपद आवास निर्माण कार्यो की अपने अमले से सतत् निगरानी करायें। उन्होने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से गुणवत्तायुक्त उपयोगी कार्य कराये जायें। उन्होने मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की सतत् रूप से निगरानी के निर्देश भी दियें। उन्होने कहा कि सीईओ जिला पंचायत प्रत्येक माह ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर आवास, एमडीएम, मनरेगा आदि कार्यो की समीक्षा करें। उन्होने निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामों में नल से जल प्रदाय किया जा रहा है, जिन ग्रामों में कार्य प्रगति पर है, उन्हें पूर्ण किया जायें। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्थाओं के लिए सर्वे कराकर आवश्यकतानुसार कार्य योजना बनाई जायें तथा कलेक्टर के माध्यम से सिंगल फेस मोटर, राईजिंग पाईप आदि के प्रस्ताव भेजे जायें।

# कोतवाली पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा का पढ़ाया पाठ, ऑनलाइन खतरों किया अवगत

## श्री अरविंदो विद्यालय एवम साईं महाविद्यालय के विद्यार्थी 19|0 पर कॉल के बतायेगें फायदे

**सीधी।** कोतवाली पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने की मंशा के साथ लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, बैनर पोस्टर, सवाल जबाब, रैली एवम अन्य माध्यमों से समाज के हर वर्ग के लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरूवार को कोवाली पुलिस द्वारा नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री अरविंदो स्कूल चकदही रोड़ एवम सांई महाविद्यालय में टीम के साथ पहुॅच कर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए ऑनलाइन माध्यमों से होने वाले खतरों एवम उनसे बचाव के तरीकों पर बड़े ही सहज व सरल रूप से अवगत किया गया। जिसके उपरांत सभी विद्यार्थियों ने पुलिस अधीक्षक डॉ.रविन्द्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, नगर निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय एवम टीम के प्रति ह्दय से साधुवाद व्यक्त किया। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों ने 19×0 पर फोन करने के फायदे, जागरूकता हटी दुर्घटना घटी सहित अन्य महत्वपूर्ण विन्दुओ को घर परिवार समाज तक पहुॅचाने का आश्वसन दिया। जिससे साइबर अपराधों पर पूर्णत: अंकुश लगाया जा सके।





श्री अरविंदो विद्यालय एवम सांई महाविद्यालय के विद्यार्थियों को आकाश राजपूत एसआई, प्रदीप मिश्रा साइबर सेल प्रभारी के द्वारा समग्र रूप से बताया गया कि इन दिनो इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़ने के साथ ही नाबालिगों के साथ साइबर क्राइम के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराध में साइबर ब्लैक मेलिंग, धमकी, उत्पीड़न के अलावा फेक प्रोफाइल, साइबर पोर्नोग्राफी, साइबर स्टॉकिंग, बुलिंग, ऑनलाइन गेम्स के जरिए इंटरनेट क्राइम समेत कुछ अन्य अपराध शामिल हैं। आगे बताया कि साइबर बुलिंग डिजिटल टेक्नोलॉजी के उपयोग से किया गया अपराध है। यह सोशल मीडिया, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, गेमिंग प्लेटफॉर्म और मोबाइल फोन से हो सकता है। यह बार.बार किया जाने वाला व्यवहार है, जिसका उद्देश्य ब'चे को डराना क्रोधित करना या शर्मिंदा करना होता है। इन दिनो देखने में आ रहा है कि अपराधी सोशल नेटवर्क पर अपलोड की गई जानकारी का दुरुपयोग करके दूसरे को परेशान भी कर रहे हैं। स्पाईवेयर का एक रूप स्टॉकरवेयर पीड़ति के कंप्यूटर, स्मार्टफोन या अन्य इंटरनेट वाले डिजिटल डिवाइस पर चल सकता है। इससे इन डिवाइसों पर होने वाली यूजर की सभी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा सकता है। कुछ व्यावसायिक सॉफ्टवेयर उन अपराधियों को सक्षम बनाता है, जो इस मैलवेयर का उपयोग करके स्मार्टफोन कैमरे और माइक्रोफोन को दूर से चालू और ट्रैक कर सकते हैं।

# बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थो की भरमार, कार्रवाई का अभाव

## लजीज व्यंजन के नाम पर परोस रहें केमिकल युक्त भोजन

**सीधी।** नगर पालिका क्षेत्र सहित ग्रामींण अंचलो में इन दिनो मिलावटी खाद्य पदार्थो की भरमार है। जिला प्रशासन के ढुलमुल रवैया के चलते कई दुकानदार लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने में जरा भी हिचक महसूस नही करते हैं। बताया जा रहा है कि एक्सपायरी व मिलावटी खाद्य पदार्थ कम दामों पर बेंच कर दुकानदार अ'छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं वैवाहिक कार्यक्रम, उत्सव एवम अन्य समारोहों में लजीज व्यंजन के नाम पर चटकारे लगाने वाले लोग बीमार पड़ने पर चिकित्सक के पास उपचार कराने हेतु भी पहुॅच रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो केमिकल मिले खाद्य पदार्थो का सेवन करना जान के लिए खतरनाक हो सकता है। घर से बाहर खाना खाने यदि जा रहे हैं तो सतर्कता की जरूरत है। आपको बतादें कि इन दिनो बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार है। पानी, दूध, दही, घी, दाल, हल्दी, चीनी, बेसन, कोल्ड ड्रिक, पनीर, मावा, मिठाई और चटनी तक में मिलावट देखने को मिल रही है। वैवाहिक कार्यक्रमो एवं त्योहारों पर सबसे अधिक मिलावट की जाती है।





### लजीज व्यंजन के नाम पर खा रहें केमिकल युक्त भोजन :-

आपको बताते चलें कि इन दिनो 'यादातर वैवाहिक कार्यक्रमो में गृहणियों की जगह हलवाई मिस्त्री, ठेकेदारों के द्वारा लजीज भोजन बनाने एवम परोसने का ठेका लिया जाता है। किन्तु कई ठेकेदारों के द्वारा अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में एक्सपायर किराना का सामान, केमिकल युक्त पदार्थो का उपयोग करते हुए गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया जाता है। वहीं 'यादातर घरो की अगर बात करें तो जंक फूड खाने में स्वादिष्ट बनाने में आसान और कम समय में तैयार होने वाला भोजन है। यह लजीज भोजन सब उम्र के लोगों की पसंद बन गया है। स्वाद में तो लाजवाब लगता ही है पर इसके सेवन से नुकसान इतने हैं कि स्वास्थ्य बिगड़ते देर नहीं लगती। जंक फूड कार्बोहाइड्रेट्स से भरा होता है पर न्यूट्रीशन रहित होता है जो कई बीमारियों को आमंत्रित करता है जैसे हाई बी पी, दिल की बीमारी, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल की अधिकता आदि। बेकरी प्राडक्ट्स, बिस्कुट, केक, पेस्ट्री का सेवन कम से कम करें इनमें चीनी की मात्रा बहुत अधिक होती है।

# वन कर्मियों की समस्याओं से डीएफओ को किया अवगत, मिला आश्वसन - पंकज पाण्डेय

**सीधी।** जिले के वन क्षेत्र एवम यहॉ निवासरत पशु पक्षी जीव जंन्तुओ की सुरक्षा के लिये 24 घंटे लगातार तत्तपर रहने वाले वन कर्मी वर्तमान में विभिन्न प्रकार की विसंगति व समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिसको लेकर कई बार अनुनय विनय एवम पत्राचार किया गया किन्तु समस्यायें यथावत बनी हैं। जिसको देखते हुए वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष पंकज पाण्डेय एवं संघ के अन्य पदाधिकारियों द्वारा वन मण्डल सीधी में नवागत वन मण्डलाधिकारी से मिलकर उनका स्वागत किया गया एवं वन कर्मचारियों से जुड़ी मौजूदा समस्याओ के निराकरण हेतु निवेदन किया गया। नवागत डीएफओ द्वारा वन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एवम उनकी टीम को समस्याओ का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। उक्त जानकारी पंकज मिश्रा वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष द्वारा दी गयी।



# किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक

**सीधी।** किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य जारी है। इसके बन जाने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के बनने से किसानों को खरीदी केन्द्रों में पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित सत्यापन में आसानी होगी। किसान भाई वेबसाइट एग्रीस्टैक डॉट जीओभी डॉट इन का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री बना सकते हैं।



इसके अलावा गिरदावरी के लिए चिन्हित किए गए स्थानीय युवा, पटवारी एवं सीएससी केन्द्रों में भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए राजस्व विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर विशेष पहल की जारी है। सभी किसान पटवारियों से भी संपर्क कर फार्मर आईडी तथा आधार आरओआर का कार्य करवा सकते हैं। जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पाएगी वे आगामी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो सकते हैं। फार्मर आईडी के बिना उपार्जन के लिए पंजीयन, फसल बीमा एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

# आधार नामांकन हेतु वैध दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

**सीधी।** तहसीलदार तहसील गोपद बनास द्वारा सभी आवेदनकर्ता एवं आधार केंद्रों को जरिये सूचना सूचित किया गया है कि 5 वर्ष के ऊपर एवं 18 वर्ष के ऊपर उम्र के आवेदकों के आधार नामांकन के लिये पहचान प्रमाण पत्र, निवास का प्रमाण, नामांकन जिसके नाम किया जावे के संबंध रखने वाले का प्रमाणित दस्तावेज एवं जन्म तिथि को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक वैध दस्तावेज लिया जाकर अपलोड आवश्यक रूप से किया जावे। उन्होंने बताया कि तहसील गोपद बनास अंतर्गत आधार केंद्रों के माध्यम से 5 वर्ष के ऊपर उम्र के ब'चों एवं 18 वर्ष के ऊपर उम्र के आवेदकों के आधार नामांकन हेतु आवेदन आधार पोर्टल पर किये जा रहे है। प्राय: देखने में आया है कि आधार नामांकन के लिए विधिक एवं आवश्यक दस्तावेज नहीं लिये जा रहे है। उक्त आधार नामांकन फार्म सत्यापन के लिए तहसीलदार गोपद बनास की आई.डी. में प्राप्त होते हैं। आवश्यक दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से सत्यापन में विलंबता होती है। उन्होंने तहसील गोपद बनास क्षेत्रान्तर्गत समस्त पटवारी को निर्देशित किया है कि आधार सत्यापन के दौरान समस्त वैध दस्तावेज प्राप्त कर परीक्षण करेगे तथा परीक्षण करते हुए नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनो पर सत्यापन की रिपोर्ट कार्यालय तहसीलदार तहसील गोपद बनास जिला सीधी में समय-सीमा के भीतर वैध एवं आवश्यक दस्तावेजो के साथ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। दर्ज आधार नामांकन फार्मों के आवश्यक विधिक दस्तावेज न होने पर दर्ज आवेदन को अस्वीकृत कर दिये जावेगें।



# छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लंबित आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराएं - कलेक्टर

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य और नोडल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया है। कलेक्टर ने कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के वर्ष 2021-22, 2022-2× एवं 202×-24 के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के ऑनलाइन आवेदन के लिए एमपी टॉस पोर्टल ×1 जनवरी 2025 तक खोला गया था, जिसे आगामी 15 फरवरी तक के लिए पुनरू खोलकर अंतिम अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए लंबित हैं उनके आवेदन निर्धारित अवधि तक पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के नवीनीकरण व नवीन छात्रों के आवेदन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा है कि यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति तथा आवास सहायता के लाभ से वंचित रहता अथवा इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था प्रमुख एवं नोडल प्रभारी की होगी और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# बरिगंवा में पुलिस बल के चांदमारी अभ्यास के लिए अस्थाई फायरिंग रेंज घोषित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चांदमारी का अभ्यास के लिए वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत आयुध नियम 2016 के नियम ×8 के अधीन ग्राम बरिगंवा तहसील गोपद बनास की खसरा क्रमांक 289 रकवा 2.21 हे., 294 रकवा 2.11 हे., 29× रकवा 0.8600 हे., 295 रकवा 0.2200 हे., 296 रकवा 1.9500 हे., 297 रकवा 1.1600 हे., 298 रकवा 0.500 हे., ×00 रकवा 2.×600 हे. कुल किता 08 योग रकवा 11.×700 हे. भूमि को ×0 दिवस के लिए पुलिस बल के चांदमारी अभ्यास के लिए अस्थाई फायरिंग रेंज घोषित किया गया है। उक्त स्थल पर फायरिंग रेंज बनाने के लिये रेंज सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी होगा, जिसके अंतर्गत फायरिंग लाइन पर सुरक्षा, राउण्ड की सीमा और सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल शामिल है। पुलिस फायरिंग रेंज में पुलिस चांदमारी अभ्यास के पूर्व अनुमति तथा अस्थाई फायरिंग रेंज परिसर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने के लिए पृथक से प्रस्ताव प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।



# विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. कृष्णा मोदी होंगे सम्मानित

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान शिबू विश्वकर्मा**

## 14 फरवरी को होशंगाबाद में होगा भव्य आयोजन

**बैतूल।** सारनी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. कृष्णा मोदी को इस वर्ष विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह 14 फरवरी को होशंगाबाद में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना ने बताया कि परंपरानुसार इस बार भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें राजनीति, पत्रकारिता, समाजसेवा, साहित्य, प्रशासन, विधि और संचार सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

**डॉ. कृष्णा मोदी आज़ादी से ट्रेड यूनियन तक का सफर :-**

डॉ. कृष्णा मोदी का जीवन संघर्ष और उपलब्धियों से भरा रहा है। मात्र 12 वर्ष की आयु में भारत छोड़ो आंदोलन (1942) में सक्रिय भागीदारी से लेकर ट्रेड यूनियन और श्रमिक आंदोलन तक, उन्होंने अपने जीवन के 67 वर्ष सार्वजनिक क्षेत्र की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान में समर्पित किए हैं।

**संघर्ष की शुरुआत और स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका :-**

1942 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ वारासिवनी नगर में हुए प्रदर्शनों के दौरान उन्होंने टिहलीबाई हाई स्कूल में आगजनी जैसी साहसिक गतिविधियों में



भाग लिया। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की, लेकिन वे भूमिगत रहे। बाद में बालाघाट कलेक्टर और एसपी ने उन्हें धमकाकर छोड़ दिया, जिससे उनका संघर्ष यहीं समाप्त नहीं हुआ, बल्कि आगे और प्रखर हुआ।

**ट्रेड यूनियन में 67 वर्षों का प्रभावशाली योगदान :-**

डॉ. मोदी ने वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र में ट्रेड यूनियन आंदोलन की नींव रखी और कोल इंडिया लिमिटेड की जेबीसीसीआई कमेटी के पहले सदस्य (1977) बने। उन्होंने 30 वर्षों तक एटक यूनियन के अविभाजित मध्यप्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और 15 वर्षों तक राष्ट्रीय एटक के उपाध्यक्ष रहे।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के 10 वर्षों तक सदस्य रहे। मध्य प्रदेश सरकार के श्रम कल्याण मंडल और न्यूनतम वेतन कमेटी सदस्य के रूप में काम किया। 1986 में सोवियत यूनियन (रूस/यूक्रेन) का दौरा कर कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। 95 वर्षीय डॉ. कृष्णा मोदी वर्तमान में एटक यूनियन कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (प्रतिष्ठित) हैं और इस उम्र में भी श्रमिक और सामाजिक हितों के लिए सक्रिय हैं। यह सम्मान समारोह न केवल उनके असाधारण योगदान का सम्मान करेगा, बल्कि युवा पीढ़ी को प्रेरणा भी देगा।

# शराब के नशे में दुकानदार से मारपीट: आरक्षक अमित सिंह पर हो सख्त कार्रवाई, मोस्ट वांटेड से संबंधों का भी खुलासा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रिपोर्ट रीवा**

**रीवा।** पुलिस का काम आम जनता की सुरक्षा करना है, लेकिन जब वही पुलिसकर्मी कानून तोड़ने लगे, तो यह न सिर्फ विभाग की साख पर बट्टा लगाता है, बल्कि जनता के विश्वास को भी तोड़ देता है। आरक्षक अमित सिंह द्वारा शराब के नशे में एक दुकानदार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है, जिसने पूरे शहर में आक्रोश फैला दिया है। इस घटना के बाद पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह द्वारा आरक्षक अमित सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और नके खिलाफ



विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही, पुलिस विभाग में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सुधारात्मक कदम उठाने की जरूरत है।

**मोस्ट वांटेड अपराधियों से कनेक्शन~ मामला गंभीर**

सूत्रों से मिली जानकारी~ जैसा कि आपको बता दे कि आरक्षक अमित सिंह जिले के मोस्ट वांटेड अपराधियों के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं। थाने में पदस्थ एक अन्य आरक्षक रवि के साथ मिलकर अमित सिंह ने क्षेत्र में अपराधियों का साम्राज्य स्थापित कर रखा है।

जनता अब यह सवाल पूछती रही है कैसे एक पुलिसकर्मी खुलेआम अपराधियों से संबंध रख सकता है? क्या पुलिस महकमे में बैठे बड़े अधिकारी इस खेल में शामिल हैं? क्या कदम उठाने चाहिए? इस गंभीर मामले को देखते हुए पुलिस कप्तान को तत्काल सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इसके लिए निम्नलिखित कदम जरूरी हैं :- आरक्षक अमित सिंह को निलंबित करना शराब के नशे में मारपीट और अपराधियों से संबंध रखने के मामले में अमित सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। उनकी भूमिका की गहन जांच कर विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए।

विभागीय जांच बिठाई जाए

इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि यह साफ हो सके कि कौन-कौन इस अपराधी गठजोड़ का हिस्सा है। मोस्ट वांटेड अपराधियों से उनके संबंधों की गहराई से जांच की जाए। शराब के नशे में कानून तोड़ने वाले पुलिसकर्मियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल करना आम जनता में बढ़ रहे अविश्वास को खत्म करने के लिए पुलिस प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे। यह सुनिश्चित किया जाए कि अपराधियों को पुलिस का संरक्षण न मिले और आम जनता की सुरक्षा प्राथमिकता हो।

# श्री जिनवाणी अस्थाप कलशारोहण वेदी प्रतिष्ठा तिलक महाउत्सव का विधायक ने लिया जायजा

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**



**सिलवानी।** स्टेट हाईवे 15 सिलवानी सागर सड़क मार्ग पर स्थित मां कर्मा ग्राउंड मे तारण तरण दिगंबर जैन समाज के द्वारा 7,से 9,फरवरी तक तीन दिवसीय जिनवाणी, अस्थाप, वेदी प्रतिष्ठा, कलशारोहण, कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने मां कर्मा ग्राउंड में आयोजित होने वाले तारण तरण दिगंबर जैन समाज के कार्यक्रम को लेकर निरीक्षण कर भव्य आयोजन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को व्यवस्थाओं को लेकर दिशा निर्देश दिए जानकारी के अनुसार वेदी सूतन व तिलक महोत्सव का आयोजन तारण तरण जैन समाज के द्वारा किया जा रहा है। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल होंगे इस अवसर पर संजय मस्ताना जय बाबू जैन राजा धर्मवीर मिलन जैन जय कुमार जैन ऋषभ जैन संजीव जैन पुनीत समैया आदि मौजूद रहे


# पूर्व राज्य मंत्री लोक विजय शाह के छोटे अनुज निर्मल शाह की दसगात शामिल हुए



**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

**सिलवानी।** विधानसभा केविधायक देवेंद्र पटेल पूर्व सांसद सहित नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और नागरिक निर्मल शाह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि सिलवानी कांग्रेस के वरिष्ट नेता पूर्व राज्य मंत्री लोक विजय शाह के छोटे भाई राजा श्री निर्मल शाह का 25,जनवरी को देवलोक गमन हो गया था जिनकी तेरहवीं वा गंगाजली पूजन का आयोजन तत्कालीन कांग्रेस सरकार में रहे पूर्व राज्य मंत्री लोक विजय शाह नीलमणि बाबा शाह,तिलक शाह,संदीप शाह नितिन शाह द्वारा तेरहवीं वा गंगाजली पूजन के साथ श्रद्धांजलि का आयोजन सिलवानी के स्टेट हाईवे 15 सिलवानी बरेली मार्ग पर स्थित वर वधु गार्डन में परिजनों द्वारा दिन गुरुवार को रखा गया था जिसमे सिलवानी विधायक देवेन्द्र पटेल राजा धर्मवीर सिंह सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए तथा निर्मल शाह की आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि का आयोजन उनके परिजनों द्वारा रखा गया था जिसमें विधायक देवेंद्र पटेल सहित नगर तथा ग्रामीण के नागरिक तथा जनप्रतिनिधियों ने स्वर्गीय श्री निर्मल शाह के छायाचित्र पर तिलक वा पुष्प चढ़ाकर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व सांसद चंद्र प्रताप सिंह जिला सीधी लखनादौन कांग्रेस विधायक योगेंद्र सिंह वावा भाजपा पूर्व मंत्री प्रेम नारायण सिंह ठाकुर असगर अली बद्री विश्वकर्मा इमरान खान दिनेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## नाली निर्माण का भूमिपूजन



**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बेड़िया।** गांव डूडगांव में गुरुवार को 8.50 लाख रु की लागत से नाली निर्माण का भूमिपूजन विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने किया। इस दौरान मयाचंद भमोरिया,प्रेमलाल सिनगुने, रामेश्वर सिनगुने, प्रेमलाल बिरला, भगवान भटाण्या, महेश पटवारिया, प्रदीप सेन, भगवान पटवारिया, संदेश पटेल, सुनील भटाण्या, संजय पटेल, भारत धोंगड़िया, मोतीलाल धोंगड़िया, जितेंद्र भटाण्या, तुलसीराम उंधालिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन सिविल अस्पताल और नगर परिषद का निरीक्षण

**दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**मंडलेश्वर।** नवागत खरगोन कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल ने न्यायिक जिला मुख्यालय मंडलेश्वर पहुंचकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश जोशी से सौजन्य भेंट की पश्चात कलेक्टर ने नव निर्मित सिविल हॉस्पिटल का एस डी एम अनिल जैन के साथ निरीक्षण किया ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ अतुल गौर ने कलेक्टर को नवनिर्मित हॉस्पिटल के बारे में जानकारी दी ।कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ड्रेसिंग रूम दवाई वितरण कक्ष भंडार रूम एक्सरे मशीन लेबोरेटरी मैटरनिटी



वार्ड महिला वार्ड पुरुष वार्ड सहित हॉस्पिटल का निरीक्षण किया ।हॉस्पिटल में मीडिया से चर्चा में कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा कि सी एच सी और सिविल हॉस्पिटल में तीन से चार ऑपरेशन थियेटर है विशेषज्ञ डॉक्टर और पर्याप्त स्टाफ की कमी जल्द दूर होगी हमने स्टाफ और डॉक्टर की मांग की है आशा है पर्याप्त स्टाफ और डॉक्टर्स के आने के बाद यहां बड़े ऑपरेशन होने लगेंगे ।हॉस्पिटल में दवाइयां नहीं मिलने की खबर पर कलेक्टर द्वारा बी एम ओ महेश्वर को निर्देशित किया गया ।कलेक्टर ने नगर परिषद कार्यालय का भी निरीक्षण किया नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे सी एम ओ शिव जी आर्य उपयंत्री आरती मंडलोई एवं पार्षदों ने कलेक्टर को स्मृति चिन्ह भेंट किया। नगर परिषद अध्यक्ष ने परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी ।विधायक प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष अब्दुल खालिक कुरैशी, सफाई के ब्रांड एम्बेसडर यशवंत सिंह तवर समाजसेवी रत्नदीप मोयदे ,पार्षद एवं समाजसेवी नितिन पाटीदार ,कमलेश चौहान भाजपा नेत्री मंजुला मेवाड़े ,दीपक ठाकुर ने भी कलेक्टर का स्वागत किया।

# भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक सम्पन्न

## आजीवन सहयोग निधि सहित अनेक विषयों पर हुई चर्चा

**श्योपुर।** अटल जी के जन शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि कई कार्यक्रम आयोजित होंगे भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न आदरणीय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 14 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। अटल जी के जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं तथा उनके नेतृत्व एवं कृतित्व के महान संकलनों को भारतीय जनता पार्टी संजो रही है। जिले के अंतर्गत निवासरत कोई भी विभूति अगर अपने जीवन काल में अटल जी को आत्मसात किया हो तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनसे संपर्क कर उनकी स्मृति का संकलन कर रहे हैं यदि उनके पास अटल जी के साथ कोई तस्वीर अथवा उनसे जुड़ी यादगार है तो उसका संकलन कर प्रदेश




कार्यालय भेजा जाएगा।

**आजीवन सहयोग निधि सहित अनेक विषयों पर हुई चर्चा :-**

भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक जिला कर्यालय शिवपुरी रोड श्योपुर में संपन्न हुई जिसमें उपस्थित पूर्व अध्यक्ष गोपाल आचार्य, सुरेंद्र सिंह जाट, महावीर सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष शशांक भूषण सहित उद्बोधन में होने वाले कार्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया। जिला मीडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया बैठक की अध्यक्षता करते हुए नव न्युक्त जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि आगामी 11 फरवरी पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि से शुरू होने वाले आजीवन सहयोग निधि की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम करके श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी एक प्रभारी नियुक्त किया जाएगा और 11 फरवरी को लोकसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश शुक्ला, एवं संभागीय प्रभारी विजय दुबे जी सहित रामद्वारा मैरिज गार्डन में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे मुख्य अतिथियों का स्वागत रेस्ट हाउस से राम द्वारा तक जगह जगह माला पहना कर पुष्प वर्षा के साथ किया जाएगा इस अवसर पर भाजपा जन, प्रत्येक कार्यकर्ताओं के घर घर तक पहुंचे और उनकी आजीवन सहयोग निधि का संचय कर पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करें। इस हेतु उन्होंने सभी मण्डल अध्यक्षो से अपने-अपने मण्डलों से दो-दो नाम देने का आव्हान किया जिले के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकरी व जनप्रतिनिधियों से आने का आवाहन किया। बैठक का संचालन सतनारायण यादव एवं आभार व्यक्त संजय मंगल ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी, पूर्व अध्यक्ष गोपाल आचार्य, महावीर सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र सिंह जाट, अशोक गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, कार्यालय मंत्री सत्यनारायण यादव एवं मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ आदि सहित जिला पदाधिकारीगण, मण्डल के अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष के अलावा अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महेश्वर के विशाल केवट ने नेशनल गेम्स में दिखाया दम, जीता गोल्ड

**दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ**

**खरगोन।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें नेशनल गेम्स के अंतर्गत कैनो सलालम प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के महेश्वर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विशाल केवट ने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतकर महेश्वर का गौरव बढ़ाया। वहीं शिखा चौहान और पल्लवी जगताप ने सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राहुल केवट ने भी उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला खेल




अधिकारी श्रीमती पवी दुबे, कोच श्री देवेंद्र गुप्ता और चंपा मौर्य ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खिलाड़ियों की मेहनत लाई रंग :** वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ये युवा खिलाड़ी लगातार अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ रहे हैं। इस सफलता से महेश्वर सहित जिले भर के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

# जीआईएस में तीन एक्सपो बनेंगे निवेशकों के आकर्षण का केंद्र

**भोपाल।** भोपाल के ढाई सौ एकड़ में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को आकर्षक बनाने के लिए सरकार तीन बड़े एक्सपो भी आयोजित करने जा रही है। ये तीनों एक्सपो नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं। साथ ही भोपाल और आस-पास के इलाकों में बढ़ने वाली इंडस्ट्रीज को भी ध्यान में रखा गया है। इनमें सबसे आकर्षक मोबिलिटी एक्सपो होगा, जिसमें शामिल होने वाली सुपर कार और सुपरबाइक्स युवाओं को आकर्षित करेंगी। इसके साथ ही बिजनेस सेक्टर और मध्यमवर्ग की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए टेक्सटाइल और गारमेंट एक्सपो भी लगाया जाएगा। सरकार ने प्रदेश के हर जिले में खास पहचान रखने वाले वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (एक जिला एक उत्पाद) को भी एक्सपो का हिस्सा बनाने का फैसला लिया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान एमपी मोबिलिटी एक्सपो के जरिए प्रदेश की ऑटोमोटिव सेक्टर में हुई प्रगति को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके जरिए मध्य प्रदेश को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और भविष्य के परिवहन के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। प्रदेश ऑटोमोटिव और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में देश में एक महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। यहां 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माताओं के साथ अगली पीढ़ी की मोबिलिटी को ध्यान में रखकर काम हो रहा है। कई कंपनियां अपनी ईवी सुविधाओं की स्थापना में तेजी ला रही हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर यह बदलाव मध्य प्रदेश की पर्यावरण अनुकूल परिवहन नीति को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की रणनीति का हिस्सा है। 200 से अधिक ऑटो कंपोनेंट निर्माताओं के साथ राज्य ऑटोमोटिव उद्योग की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है। भारत के डेट्राइट के नाम से प्रसिद्ध प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर कई मूल उपकरण निर्माताओं और एशिया के सबसे बड़े नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स का घर है। यह ट्रैक्स ऑटोमोटिव और ऑटो कंपोनेंट उद्योगों के लिए परीक्षण और मूल्यांकन, अनुसंधान एवं विकास और प्रमाणन की मॉडर्न सुविधाएं प्रदान करता है।

वाहन निर्माताओं, प्रौद्योगिकी इनोवेशन, निवेशकों और नीति निर्माताओं सहित प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएगा।

# नशा बंद करो रोजगार दो को लेकर युवा कांग्रेस ने किया कलेक्टर घेराव

**- हजारों युवाओं के साथ किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव**

धार से संवाददाता मैना मारू

**- कलेक्टर से चर्चा के बाद हुआ घेराव का समापन**

**धार।** धार जिला मुख्यालय पर गुरुवार के दिन प्रदेश में बड रही बेरोजगारी और नाशा खोरी के खिलाफ युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व मे जिले भर के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया, दोपहर 12 बजे से त्रिमूर्ति चौराहे स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर भीड़ होना शुरू हो चुकी थी 1 बजे के करीब प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र सिंह यादव कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां हजारों कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय की ओर कूच किया, कलेक्ट्रेट पहुंचते ही प्रशासन के द्वारा लगाए गए भारी पुलिसबल ने भीड़ को रोकने के प्रयास किए बावजूद उसके प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र सिंह यादव के साथ जिलाध्यक्ष रोहित कामदार, पीयूष ग्वाल, शहर अध्यक्ष अभिनव बिंजवा ,अरविंद नायक , टोनी छाबड़ा सहित कुछ कार्यकर्ता बैरिकेट लांघकर अंदर पहुंचे जहां एसडीएम से वार्तालाप हुई लेकिन प्रदेशाध्यक्ष कलेक्टर से बात करने पर अड़े रहे बाद में फोन के माध्यम से चर्चा हुई उसके बात धरने से उठे, कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार, पूर्व अल्पसंख्यक



अध्यक्ष मुजीब कुरेशी, प्रदेश पदाधिकारी हरदेव सिंह जाट, विश्वजीत सिंह चौहान, शादाब खान, राधेश्याम मुवेल, राकेश डोड ,राजेश पटेल ,डॉ रफीक शेख, शुभांगना जमनिया, बंटी डोड, राजगढ़ नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, संदीप शेखावत, सरदारपुर नगर अध्यक्ष विक्की यादव, भानु तिमायची, छात्र नेता महेश कुमावत, निखिल गोखले, मनीष भार्गव, शकील खान, बलराम चौधरी, रजत सोनी, कल्लू नेताजी, विकास सौदपुर, सुरेश परमार, अर्पित बाबा, सुनील चौहान, साजिद खान, निलेश चौधरी, मोहन डामोर, धर्मेंद बुंदेला, दुर्गेश वर्मा, कृष्ण सुजान, धर्मेंद्र भदौरिया, तनवीर पटेल, करण सिंह मेड़ा, रईस खान, मोईन खान, मनीष प्रजापत, बदनावर जिम्मी बना, सोनू जाट, छोटू बना, चंदन भूरिया, रिंकू यादव, वकार खान, फारुख शाह, अशोक मांझी, कालू प्रजापत, भगीरथ डावर, सुखराम मकवाना, भानु जहाजपुरिया, मुफु साफी, चेतन परमार, चेतन राठौर, शिवा चौहान, यश मालवीय, यश राठौर, गुड्डु भाई मेवातीपुरा, पवन मालवीय, शकील टेलर, विक्की राठौर, अजय जैन, गुड्डु सोलंकी, लखन भाटिया, संजय प्रजापत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे उक्त जानकारी युवा कांग्रेस के जिला प्रवक्ता जीतू बाबा ने दी ।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा किया जा रहा जन कल्याण का कार्य अविश्वसनीय : मा भगवती प्रसाद सागर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा निवाड़ी द्वारा चल रहे रहे पांच दिवसीय मेला के तीसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिदिन की भाँति महाआरती से हुई द्य जिसमें ब्रह्माकुमारी चित्रा दीदी, बी के कविता दीदी,बी के उमा दीदी , भगवती प्रसाद सागर जी पूर्व स्वतंत्र प्रभार मंत्री,राजुल शेखर एडवोकेट,अमित राय जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, दीपू यादव द्वारा शिव भोलेनाथ एवं चैतन्य नौ देवियों की आरती की गयी द्य आये हुए सभी अतिथियों का बैच तिलक लगाकर स्वागत किया गया द्य एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से झूम उठे सभी भक्त द्य मा भगवती प्रसाद सागर जी ने



कार्यक्रम की शुभकामनाएँ एवं बहनो का आभार व्यक्त करते हुए कहा इन बहनो का पवित्र जीवन हम सब के लिए प्रेरणादायी है ये बहने निस्वार्थ भाव से जन कल्याण का कार्य कर रही हैद्य और हमे स्वयम का और परमात्मा से जुड़ने का सहज मार्ग दिखा रही हैद्य एडवोकेट राजुल शेखर ने चैतन्य देवियों की झांकी को देख,प्रसंशा करते हुए कहा की आज के युवा, बच्चों का अपनी संस्कृति के रीलस, मोबाइल के प्रति आकर्षित हो रहे है द्य मा अमित राय जी ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा किये गए कार्य की भूरी भूरी प्रसंशा की द्य और दीपू यादव जी कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी द्य साथ ही केंद्र प्रभारी मउरानीपुर बी के चित्रा दीदी ने , गुरसराय केंद्र प्रभारी बी के कविता दीदी एवं बरुआसागर केंद्र प्रभारी बी के उमा दीदी द्वारा भी विचार व्यक्त किये गये द्य बी के रचना दीदी के द्वारा सभी को प्रतिदिन शिव दर्शन मेले में आने, और परमात्मा के इस कार्य में सहयोगी बनने को कहा गया द्य और सभी आये हुए अतिथियों, भाई बहनो का आभार व्यक्त कर प्रसाद वितरित किया गया द्य इस कार्यक्रम में बी के रचना दीदी कटेरा केंद्र प्रभारी, बी के कल्याणी दीदी, बी के दीक्षा दीदी, बी के रेखा दीदी,बी के आरती दीदी, बी के मोहिनी दीदी, बी के प्रिंसि दीदी , बी के विद्या बहन, बी के ऊषा माताजी , प्रकाश भाई, भारत भाई, सीताराम भाई, दयाराम भाई अनेको भाई बहने शामिल रहे।

# मेहनत-ईमानदारी की कमाई से ही मिलती है बरकत व शांति - बाबा उमाकान्त जी महाराज

**( उज्जैन )।** वक्त गुरु परम संत बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बाबा जयगुरुदेव आश्रम उज्जैन पर नववर्ष सतसंग कार्यक्रम में कहा कि शुरू से ही जो पेड़ जमीन से निकलता है वह अगर सीधा ना किया और टेढ़ा हो गया तो फिर उसको सीधा कर पाना बड़ा मुश्किल है। वह पेड़ मोटा तो होता जाएगा लेकिन टेढ़ा ही रहेगा। ऐसे ही बच्चे बड़े हो जाते हैं, ताकतवर हो जाते हैं, शरीर से हष्ट-पुष्ट हो जाते हैं लेकिन जो आदत उनकी बन गई वह छूटती नहीं है। मां बच्चों को ज्यादा प्यार जब करती है तो वही बच्चे बिगड़ जाते हैं। मां को बचपन में ही छोटे बच्चों को समझाना चाहिए, मनाना चाहिए लेकिन तब भी ना



माने तो पिता से डांट लगवा देना चाहिए, तब वे आगे चलकर बिगड़ते नहीं हैं।

**बीमारी व तकलीफों में आराम देने वाला नाम जयगुरुदेव :-**

किसी भी बीमारी, दु:ख, तकलीफ, मानसिक टेंशन में शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त रहते हुए जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव की ध्वनि रोज सुबह-शाम बोलिए व परिवार वालों को बोलवाइए और फायदा देखिए ।

# भाजपा कांग्रेस एक साथ किया भुमीपुजन, प्राथमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष का किया लोकार्पण

धार से संवाददाता मैना मारू

सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने बुधवार को ग्राम लाबरिया मे एकीकृत माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का भूमि,पुजन एवं 15.86 लाख की लागत से निर्मीत प्राथमिक विद्यालय के अतिरिक्त भवन का लोकार्पण किया। विगत कई समय से माध्यमिक विद्यालय का भवन जर्जर अवस्था मे होने से नवीन भवन की मांग की जा रही थी। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने भूमिपुजन कर नवीन भवन की नीव रखी जिसकी लागत नवीन भवन की लागत 51 लाख रूपये है।



विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि सरदारपुर विधानसभा मे शैक्षणिक समस्यओ का समाधान हमेशा प्राथमिकता है विद्यार्थियो को बेहतर सुविधाए मिले यही मेरा प्रयास है। भूमिपुजन कार्यक्रम मे जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधी राजेन्द्रसिंह राठौर, जनपद सदस्य नारायण मारू, मण्डल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मैना मारू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रेवाशंकर वागडी, सरपंच प्रतिनिधी रमेश औसारी, नारायण मारू भट्ट, कालु चान्दौरा, प्रकाश रत्ताजी, शंकरलाल चौधरी, हिमांशु शर्मा, आशीष जैन, सुनील मारू,धुलचंद औसारी, राकेश चरपोटा, सुमीत बाकरेचा, दिनेश दादु उपस्थित रहे।

## भोपाल में अकाउंटेंट को लूटने वाले 3 गिरफ्तार

**भोपाल।** भोपाल में सोमवार को बंसल वन के अकाउंटेंट से 2 लाख रुपए की लूट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात की प्लानिंग बंसल वन में ही काम करने वाले एक पूर्व ड्राइवर ने रची थी। मामले में एक आरोपी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी अवधेश तोमर और उनकी टीम ने 35 बदमाशों से पूछताछ भी की। इस आधार पर मोहम्मद नौशाद, आमिर बेग और तलहा खान को गिरफ्तार किया गया। नौशाद और तलहा बंसल वन में ड्राइवर थे। डीजल चोरी के आरोप में नौशाद को हटा दिया गया।

# बड़ी धूमधाम से मनाया गया भगवान देवनारायण का जन्मोत्सव

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा नजीराबाद

समस्त गुर्जर समाज के आराध्या भगवान श्री देवनारायण जी का जन्मोत्सव माघ महीना छठ के पावन पर्व पर समस्त भोपाल जिले के नजीराबाद क्षेत्र में नजीराबाद खजुरिया जोड़ पर देवनारायण मंदिर स्थान पर देवनारायण जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें नजीराबाद मंडी प्रांगण से भव्य चल समारोह शुरू किया रास्ते में जगह-जगह श्री देवनारायण भगवान के चल समारोह का स्वागत किया गया एवं नजीराबाद खजुरिया



जोड़ पर भगवान देवनारायण के स्थान पर भव्य चल समारोह समापन हुआ एवं प्रसादी वितरण की गई जिसमें क्षेत्र के सभी भक्तजन सम्मिलित हुए चल समारोह में बैरसिया एवं राजगढ़ व्यायाम शाला के घोड़े का नृत्य एवं विभिन्न प्रकार के करतव देखने को मिले किसी भी समस्त समाज एवं सभी आसपास के समस्त श्रद्धालुओं ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

## श्रमिकों के वेतनवृद्धि में देरी से बढ़ी नाराजगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को नए वेतन आदेशों का इंतजार है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने इस मामले में श्रम आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल आदेश जारी करने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे के अनुसार, 1 अप्रैल 2024 को मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के वेतन में 2,225 रुपए की वृद्धि की घोषणा की थी और इसके आदेश भी जारी किए गए थे। इंदौर हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के बाद श्रम विभाग ने पुराने वेतन पर लौटने के निर्देश दे दिए थे। महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब इंदौर हाईकोर्ट ने 3 दिसंबर 2024 को वेतनवृद्धि के 1 अप्रैल 2024 को जारी किए गए

**भोपाल में बनेगा आचार्य विद्यासागर का स्मारक**

# स्मृति दिवस पर सीएम का ऐलान; मेट्रो स्टेशन का नाम जैन संत पर करने की मांग

**भोपाल।** भोपाल में विधानसभा परिसर में पहली बार किसी जैन संत का स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में आचार्य विद्यासागर महाराज का स्मारक बनाया जाएगा। सीएम ने मंच पर बैठे मुनि प्रमाण सागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन (पैर धोए) किया। दिगंबर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा रोशनपुरा चौराहा, मालवीय नगर, बिरला मंदिर होते हुए विधानसभा पहुंची। कार्यक्रम में आचार्य विद्यासागर महाराज के




जीवन पर आधारित 25 किताबों का विमोचन किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और मेट्रो का नाम आचार्य विद्यासागर के नाम पर करने की मांग की है। कार्यक्रम के दौरान सीएम मोहन यादव ने कहा, आचार्य विद्यासागर महाराज के भीतर जो मानव सेवा का भाव रहा है उसके चलते वो जीते जी देवता के रूप में हम सब के बीच विद्यमान हो गए। सीएम यादव ने गोमाता का जिक्र करते हुए कहा कि गोमाता के माध्यम से पूरी प्रकृति बदल सकती है। हम सबके जीवन में पूरा बदलाव आ सकता है। गोमाता के भीतर वह भाव है जो अपने बच्चों का ख्याल रखती है और मनुष्य के बच्चों का भी ख्याल रखती है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, महाराज जी के स्मरण के लिए भोपाल में एक अच्छा स्थान बनाएंगे। आज आचार्य श्री की पुण्यतिथि है। आज मुझे वो पुराना दृश्य आंखों के सामने दिखाई दे रहा है जब महाराज श्री यहां (विधानसभा) स्वयं पधारे थे। अलौकिक व्यक्तित्व थे। उस वक्त ऐसा लग रहा था कि देवता हमारे बीच पधारे हैं। हमने चक्षुओं से आमतौर पर मनुष्यों को ही देखा है। देखने में कई बार हमारा दृष्टिदोष हो सकता है। लेकिन कई बार जो होता है वो अलौकिक जीवन धन्य करने वाला होता है।

# बिछड़ोद ईस्तमुरार पंचायत में निर्विरोध



केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**घट्टिया।** ग्राम बिछड़ोद ईस्तमुरार में पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ ग्राम पंचायत के 14 पंचों ने सर्वसहमति से हनुमंतसिंह को निर्विरोध सरपंच चुन लिया गया। हनुमंतसिंह लगातार तीसरी बार निर्विरोध सरपंच चुने गए है। सरपंच चुने जाने के बाद हनुमंतसिंह ने क्षेत्रीय विधायक सतीश मालवीय एवं ग्रामवासियों सहित पंचों का आभार जताया सरपंच हनुमंतसिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत में रुके हुवे विकास कार्यों को गति देकर ग्रामहित में विकास कार्य करूंगा साथ ही सरकार की प्रत्येक योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीणजन तक पहुंचे इसका पूरा प्रयास करूंगा। सरपंच चुने जाने के बाद हनुमंतसिंह को ग्रामवासियों ने बधाई दी एवं पंचायत क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। मौके पर नायाब तहसीलदार राजेश चौहान, पुलिस उपनिरीक्षक शैलेंद्रसिंह अलावा,रमाकांत मीणा सहित पुलिस बल मौजूद था।

**बुंदेलखंड के दो हजार तालाबों को पुनर्जीवित करेगी सरकार**

# केन-बेतवा के साथ ही चंदेलकालीन वाटर बॉडीज में रोका बारिश का पानी

**भोपाल।** बुंदेलखंड के नाम के साथ ही सूखा ग्रस्त इलाका, पलायन और बेरोजगारी जैसी समस्याएं जुड़ी हुई हैं। पानी के संकट से जूझते इस पूरे इलाके को पानीदार बनाने के लिए देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा रिवर लिंक प्रोजेक्ट की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो महीने पहले 25 दिसंबर को खजुराहो में किया था। इस नदी जोड़ो परियोजना के साथ ही बुंदेलखंड रीजन में दो हजार चंदेल कालीन तालाबों को पुनर्जीवित करने सरकार काम करेगी। चंदेल कालीन तालाबों को पुनर्जीवित करने में मप्र का पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संरक्षण पर काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं , और पब्लिक की मदद से काम करेगी। जल संरक्षण पर काम कर रही गैर सरकारी संस्थाओं ने ओरछा में वर्कशॉप आयोजित की। इस कार्यशाला में जल पुरुष राजेंद्र सिंह, मप्र के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और जल संरक्षण पर काम करने वाले संजय सिंह तमाम एक्सपर्ट्स ने मंथन किया।



बुंदेलखंड मप्र और उप्र के 7-7 जिलों में बंटा हुआ है। इस इलाके में 9वीं से 16वीं शताब्दी तक चंदेलों का शासन रहा है। पानी की कमी से यह इलाका हमेशा जूझता रहा है। चंदेल राजाओं ने बरसाती पानी को सहेजने के लिए 2 पहाड़ों के बीच पत्थर और मिट्टी का प्रयोग करते हुए बांधों का निर्माण कराया। पहाड़ियों के तराई इलाके में बरसाती पानी इकट्ठा हो सके। इन तालाबों को बनाने में ऐसी तकनीक का प्रयोग किया गया। जिसमें एक तालाब के भरने पर वेस्टवियर के जरिए उसके तराई इलाके का तालाब भर सके। इन तालाबों के साथ ही बावड़ियां भी बनवाई गई। ताकि तालाबों और बांधों के किनारे की बावड़ियां भर सकें। पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने दैनिक भास्कर से कहा- लगातार चर्चाएं होती हैं वास्तविक स्थिति पर हमें जरुरी विचार करना पड़ेगा। शुरू से यह बातें होती रहीं हैं। जल पुरुष राजेंद्र सिंह और जो संस्थाएं जल के क्षेत्र में काम करती हैं। उनके साथ विमर्श करके हमें रास्ता निकालना पड़ेगा। चूंकि, मैं उस क्षेत्र का जनप्रतिनिधि रहा हूं तो मैंने देखा कि कैचमेंट की समस्या बढ़ी है। चाहे तालाबों में अतिक्रमण हो, या फिर सीसी रोड डाल दिया तो आने वाला बरसाती पानी अवरुद्ध हो गया।

# सीहोर जिले के अहमदपुर में दो बंगाली स्वास्थ्य विभाग पर भारी अब दिन में नहीं रात्रि के समय सुजीत नाथ और के.के.विश्वास कर रहे हैं जान जोखिम वाला इलाज

केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा. 9425727854

## आखिर इन पर एफआईआर क्यों नहीं हो पा रही बडा सवाल




**सीहोर।।** सीहोर जिले के सटे अहमदपुर में के .के. विश्वास सुजीत विश्वास बंगाली दो डॉक्टरो का बताया जा रहा है यह रात्रि के समय कर रहे हैं मरीजों का इलाज अखबारों और न्यूज़ चैनलों मैं प्रकाशित खबर को इनको प्रमुखताओं से दिखाया जा रहा है सचेत हुए बंगाली डॉक्टर अब भी एम बी बी एस की तरह बड़ा क्लीनिक खोलकर घातक बीमारियों का इलाज कर रहे हैं जैसे बवासीर दमा टाइडफाइड पीलिया गंजेपन शुगर बिना जांच किए कई प्रकार की बड़ी बीमारियों का इलाज चल रहा है जेक्शन से लेकर बोटल लगकर बीमारियों का कर रहे हैं इलाज बताया जा रहा है कि यह दोनों डॉक्टर बंगाली कोलकाता से हैं अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इनको ढूंढना होगा मुश्किल बिना नेम बोड के पर्दे के पीछे चल रहा है मौत का खेल अपनी दुकानदारी का गोरखधंधा फल फूल रहा है सीहोर जिले के अहमदपुर में चल रहा है राशन की दुकान की तरह दुकान में कई प्रकार की दवाईयां इंजेक्शन रखें हुए हैं चंद रुपए के लालच में मरीजों के साथ चल रहा है जान जोखिम वाला इलाज कभी भी घट सकती है बड़ी दुर्घटना जब हमने क्लीनिक संचालक से बात की गई यहां पर क्या-क्या इलाज करते हैं उन्होंने कहा यहां पर सभी प्रकार का इलाज़ किया जाता है यह क्लीनिक संचालक एमबीबीएस की तरह कर रहे हैं मरीजों का इलाज आपको बता दे की यह झोलाछा डॉक्टर मरीज के साथ जान से खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसे में कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही देखने को मिल रही है इन डॉक्टरों की जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे आखिर बड़ा सवाल इन पर अभी तक क्यों नहीं हो पा रही है एफआईआर स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिली भगत से चल रहा है यह मौत का खेल आखिर कौन है वह अधिकारी जल्द खुलासा करेंगे उसे अधिकारी का नाम जो चलवा रहा है चंद रुपए के चक्कर मे जान जोखिम वाला इलाज।

# राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पटेल के द्वारा प्रसिद्ध देव क्षेत्र आदोल्या मेला पक्की सड़क के आश्वासन दिखा हवा हवाई

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार )लखन पटेल के द्वारा दमोह विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मंडल के प्रसिद्ध मेला आदोलिया नाम से देव स्थल तीर्थ क्षेत्र से जिले में विख्यात है। जोकि 1 वर्ष पहले मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले से श्रद्धालुओं वहां पहुंचते हैं ।देव स्थान क्षेत्र के दर्शन कर मेला का आनंद लेते हैं। परंतु पिछले वर्ष 2024 में मंत्री श्री पटेल पहुंचे देव स्थल तीर्थ क्षेत्र के दर्शन प्राप्त कर जनता जनार्दन से मिले। देव स्थल क्षेत्र एवं जिले भर से आए मेला में जनता जनार्दन के द्वारा मांग रखी गई थी,कि मेला तक पहुंच मार्ग पक्की सड़क मध्य प्रदेश शासन की ओर से बनवाई जाए, तब जनता जनार्दन की मांग के चलते राज्य मंत्री श्री पटेल ने आश्वासन दिया की आगामी समय में ग्राम मंडला से आंदोलिया तीर्थ क्षेत्र मेला तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य का आश्वासन दिया था। और कहा कि मैं कोशिश करूंगा ताकि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा पक्की सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो। परंतु राज्य मंत्री श्री पटेल तो आश्वासन को भूल गए हैं। इस बार 2025 से मकर संक्रांति के पावन शुभ अवसर पर मेला में श्रद्धालु , के द्वारा राज्य मंत्री श्री पटेल के द्वारा आश्वासन के अनुसार पक्की सड़क निर्माण कार्य के चलते रहे ,चर्चाओं में परंतु मंत्री श्री पटेल के द्वारा दिया गया आश्वासन शायद भूल गए होंगे।

# महोत्सव पर पंचम दिन दादावाड़ी में रत्नत्रयी पूजा के साथ महोत्सव का समापन





दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट नागेश्वर तीर्थ स्थित श्री जिन कुशल सूरी दादावाड़ी परिसर में प्रवर्तनी चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब की शिष्या प्रखर व्याख्याति चंदनबाला श्रीजी के 50वें संयम दिवस के पंचम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दादा गुरुदेव मंदिर में स्नत्रयी पूजा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ आयोजित की गई पूजा के लाभार्थी पूनम चंद सुशीला बाई अशोक कुमार राजश्री कोठारी परिवार उज्जैन थे इस दौरान चंदनबाला श्रीजी महाराज साहब एवं साध्वी मंडल भी उपस्थित था महिला मंडल द्वारा पूजा पढ़ाई गई पूजा के दौरान भक्त भक्ति में लीन रहे और जमकर झूमे लाभार्थी परिवार का बहुमान कर दी विदाई बुधवार को कार्यक्रम के पश्चात महोत्सव में शामिल हुए लाभार्थी परिवार एवं अन्य भक्तों को मोमेंटो दिया।

# युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री, दिया उनके सवालों का जवाब

## सीधे संवाद कर हर्षित हुए कॉलेज के छात्र-छात्राएं, कहा धन्यवाद आपका जो आप हम से सीधे संवाद कार्यक्रम से जुड़े

### स्वास्थ्य मंत्री ने सभी सवालों का दिया जवाब, समस्या, सवाल और मांग के बीच आश्वस्त किया अनकही मांगों को

देबाशीष गांगुली (संवाददाता दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)



**चिरमिरी।** आज चिरमिरी के छोटी बाजार लाहिड़ी महाविद्यालय के समीप युवा संवाद कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के विधायक व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कॉलेज की विभिन्न समस्याओं के संबंध में सीधा कॉलेज के छात्र - छात्राओं से संवाद किया। इस संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं ने मंत्री से सवाल किए जिसका संतुष्टि पूर्ण जवाब पाने के बाद छात्राओं ने हृदय से धन्यवाद किया। युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री ने विधिवत छत्तीसगढ़ महतारी और स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा में माल्यार्पण के बाद संवाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्र नेता विजय कुमार शर्मा ने एक एक कर छात्र - छात्राओं को सामने बुलाया और छात्र छात्राओं के सवाल को शामिल किए। इस दौरान जो सबसे पहला संवाद समन्वय उसमें छात्रा ने इंग्लिश से एमए कराने की बात कही, जिसका जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में पीजी का दर्जा दिलाया है, आप लोग भी अपने मार्कशीट में इसे देख सकते है, हमने आठ विषय में पीजी अपने कार्यकाल में करवाया है ये आजादी के साठ सालों बाद संभव हो सका, आप लोग निश्चिंत रहे इंग्लिश से एमए की मांग पूरा होगा। इसके बाद आवागमन से संबंधित प्रश्न पर उन्होंने कहा कि निगम में भाजपा का महापौर बैठते ही एक माह के भीतर सिटी बस संचालित कर दिया जाएगा खासतौर पर हम उन क्षेत्रों को पहले प्राथमिकता में रखेंगे जो चिरमिरी से आवागमन के लिहाज से थोड़ा दूर है, इसमें कोरिया, गेल्हा पानी और बरतूंगा को हमने शामिल किया है। मंत्री और छात्र - छात्राओं के बीच इस तरह से हुआ यह पहला संवाद कार्यक्रम जिसमें कॉलेज के बच्चे अपनी समस्याओं को सीधा मंत्री के सामने रखने और उनसे रूबरू होने का उन्हें मौका मिला था। स्वास्थ्य मंत्री खुद इस बात को स्वीकार किये कि आपका कालेज सिर्फ आपका नहीं बल्कि मेरी मां है, मैं आज जो कुछ भी हु यही की बदौलत हु इसलिए आप से ज्यादा मै स्वयं चिंतित यहां को लेकर रहता हु, उन्होंने शिक्षा के इस सत्र पर नालंदा विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए चिरमिरी में भी नालंदा की तर्ज पर लाइब्रेरी खोलने का आश्वासन दिया, उन्होंने आगे कहा कि आप लोग एक चीज की मांग मुझसे नहीं की लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि आप के ही कॉलेज कैंपस में एक आडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा इसलिए मैं कहता हु हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। हजारों की संख्या में उपस्थित छात्रा - छात्राओं के संवाद कार्यक्रम में श्री बिहारी ने कहा कि चिरमिरी में सरकारी नर्सिंग कॉलेज की भी स्थापना की जाएगी ताकि आप लोगों को अब नर्सिंग के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और अंत में मंत्री से संवाद से उत्साहित छात्र छात्राएं संकल्पित हुए की हम अपना विवेक का इस्तेमाल करते हुए शहर के विकास के लिए शहर के उस नेता को महापौर चुनेंगे जो उनके आने वाले भविष्य की लकीर बन सके।

# ओलम्पियाड में राज्य स्तर के लिए सफलता

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी





आलोट सीएम राईज उत्कृष्ट उमावि आलोट प्राथमिक विंग एवं माध्यमिक विंग से दो छात्रों का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए हूआ है। पीयूष गणपत लाल राठोर कक्षा - आठवीं, विज्ञान एवं कृष्ण पाल सिंह -दशरथसिह कक्षा पांचवीं हिन्दी गणित एवं पर्यावरण विषय के लिए सफलता अर्जित कर विद्यालय ओर जिले का नाम रोशन किया है । दोनों छात्रों की इस विशेष उपलब्धि पर प्राचार्य फिरोज खान श्री मती ममता जैन , सत्यनारायण सोनगरा, एवं विद्यालय परिवार ने पुष्प माला से सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया । सीएम राईज विद्यालय विगत दो तीन वर्षो से इस प्रतियोगिता में सभी स्तर पर सफलता अर्जित कर रहा है। प्राथमिक विंग शिक्षको का योगदान भी बहुत सराहनीय रहा।

# टीआई काजी ने कोटवार एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं की आयोजित की कार्यशाला

ओमप्रकाश परमार,



**देवास।** कन्नौद थाना पुलिस द्वारा आमजन को धोखाधड़ी एवं मोबाइल इंटरनेट से होने वाली ठगी से रोकने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में पुलिस विभाग द्वारा सेफ क्लीक अभियान को ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए कन्नौद तहसील के 77 ग्राम के कोटवार एवं कन्नौद व सतवास तहसील की 300 आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया।

कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि डीजीपी भोपाल द्वारा इंटरनेट सेफ क्लीक अभियान को ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों तक पहुंचाने हेतु पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोत द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन.एच. बाथम को निर्देशित किया गया था के पालन में कन्नौद तहसील के 77 ग्राम के कोटवार तथा कन्नौद व सतवास तहसील की 300 आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें डीजीपी भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत इंटरनेट के उपयोग तथा सोशल एप पर सायबर फ्रॉड तथा सायबर अपराधों, महिला संबंधी अपराधों के सबंध में जानकारी देकर प्रशिक्षित किया और गांवो में जाकर प्रत्येक ग्रामीण को तथा इंटरनेट उपयोगकर्ता मोबाईल होल्डर को सायबर फ्रॉड, सायबर अपराधों से बचने के उपाय बताये जाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। उन्हें इसके लिये भी प्रशिक्षण दिया गया कि ग्राम में किसी के साथ यदि सायबर फाड या अपराध होता है. तो पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा प्रत्येक थाने में प्रशिक्षण उपरांत नियुक्त किये गये सायबर मित्र आरक्षक निकेतन परमार और रविराज चौहान से संपर्क कर निर्धारित फार्म भरकर चाही गई जानकारी भरकर ठगी गई राशि होल्ड करवाना है। सायबर फ्रॉड संबंधी उक्त कार्यशाला में निरीक्षक तहजीब काजी, तहसीलदार अंजली गुप्ता, परियोजना अधिकारी सपना शुक्ला, प्रआर अशोक जोसवाल, महिला आरक्षक मुस्कान चौहान द्वारा उक्त कार्यशाला में कोटवार तथा ग्राम आंगनवाडी कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

# अपनी पहचान, दिनचर्या और संस्कार को स्पष्ट रखें हिन्दू -परमाराध्य शङ्कराचार्य जी महाराज

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय

व्यक्ति, वस्तु अथवा विचारों की विशिष्टता ही हमारी पहचान है ।एक व्यक्ति के रूप में हमारा नाम, हमारा रूप, हमारी रुचियाँ, हमारे आचरण, हमारे मूल्य और हमारे अनुभव ही हमारी पहचान हैं। हमारी पहचान हमें या हमारे समूह को अद्वितीय ही नहीं बनातीं, अपितु हमें स्वस्थ-प्रसन्न तथा निर्भ्रम आचरण करने में सहायता करती हैं और हमें स्वयं को समझने और विश्व के साथ तादात्म्य स्थापित करने में सहयोग भी करती है। इसके विपरीत पहचान का सङ्कट हमें वैयक्तिक, सामाजिक और सांस्कृतिक-धार्मिक दबाव अथवा सङ्घर्ष में डाल सकता है।



उक्त बातें परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती 1008 ने आज हिन्दू पहचान / दिनचर्या / संस्कार विषय पर व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि परमधर्मसंसद् 1008 समस्त हिन्दुओं से उनकी पहचान को सुस्पष्ट बनाये रखने का धर्मादेश देती है। कम से कम अपनी पहचान बनाये रखने के लिए तिलक, चोटी, कण्ठी, जनेऊ और धोती-उत्तरीय जैसे धर्मचिह्न धारण करना आवश्यक है। इसी तरह अपनी दिनचर्या में सूर्योदय से पहले उठकर यथाविधि स्नान/सन्ध्या/पूजादि करना और दिन में समय से पवित्र भोजन कर रात्रि में जल्दी सोने के लिए जाना उचित है। इसे ही युक्ताहारविहार कहा है। साथ ही हिन्दुओं को अपने कम से कम 16 संस्कारों में से यथासंभव को अपनाना उचित होगा।

आगे कहा कि पहली पहचान हमारी वेशभूषा तथा अलङ्कारों से होती है। कोई हमें देखे तो उसे पक्का हो जाए कि हम हिन्दू हैं। और बाद में हमें अपने आचरणों/ व्यवहारों को भी वैसा ही रखना चाहिए, जिससे हमारी पहली पहचान कभी अपमानित न हो और बदले न। विचारों के स्तर पर हमारी पहचान 'वसुधैव कुटुम्बकम्', 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' , 'अहिंसा परमो धर्म:' तथा आत्मन: प्रतिकूलानि न परेषां समाचरेत् है जिसे हमे बनाए रखना है।

**आज विषय स्थापना हर्ष मिश्रा जी ने किया :** चर्चा में विशेष उद्बोधन में प्रवीण भाई तोगड़िया जी, चिलकुल बालाजी स्वामी रंगराजन जी महाराज जी, स्वामी दिलीप दास जी महाराज जी, धर्मदास जी महाराज, जनमेजय शरण जी महाराज, ने अपने विचार व्यक्त किए इसी क्रम में सुनील कुमार शुक्ला जी, अनुसिया प्रसाद उनियाल जी, दंगल सिंह गुर्जर जी, डेजी रैना जी, जय प्रकाश पांडे जी, संतोष कुमार सिंह जी, आदि लोगो ने अपने विचार प्रस्तुत किए ।प्रकर धर्माधीश के रूप में श्री देवेंद्र पांडेय जी ने संसद का संचालन किया। सदन का शुभारंभ जायोद्घोष से हुआ। अंत में परमाराध्य ने धर्मादेश जारी किया जिसे सभी ने हर-हर महादेव का उदघोष कर पारित हुआ ।उक्त जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने दी है।

# बसदेई के जवाहर नवोदय विद्यालय में युवा संसद को संबोधन में डॉ. प्रिंस ने बताया संसद का महत्व

देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)



बैकुंठपुर। बसदेई के जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार को 26वां युवा संसद का आयोजन हुआ। जहां छात्रों ने संसद की तर्ज पर लोकसभा अध्यक्ष, सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिकाएं निभाई। सत्ता पक्ष में बैठे छात्रों ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं का बखान किया तो विपक्ष ने उन पर कड़े सवाल दागे। इसी विधालय के छात्र रहे बैकुंठपुर निवासी व सूरजपुर जिले में डीपीएम पद पर कार्य करने वाले डॉ. प्रिंस जायसवाल ने छात्रो को वाले युवा संसद के दौरान हाल ही में बांग्लादेश में हुए सत्ता परिवर्तन और धार्मिक अल्पसंख्यक पर हो रहे अत्याचार को लेकर जानकारी दी। उन्होने बताया कि सत्त में पक्ष और विपक्ष ने इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष से सीधे सवाल पूछे और जवाब मांगे। इसके अलावा, पेपर लीक मामले पर भी सरकार को विपक्ष ने घेरा। हालांकि, सत्ता पक्ष ने विपक्ष के हर सवाल का सटीक जवाब दिया और अपनी नीतियों का बचाव किया। कार्यक्रम में नवोदय विधालय में अध्ययन करने वाले सभी पुराने छात्र जो आज सरकार के विभिन्न विभागो में अपनी सेवाए दे रहे हैं मौजूद रहे। जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया।

# रीवा जिला पंचायत में मचा हड़कम्प भ्रष्टाचार की जांच करने राजधानी से आई टीम

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**रीवा:** संजय सिंह के खिलाफ शिकायत पर जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम पहुंची रीवा से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां जिला पंचायत में पदस्थ सहायक जिला परियोजना अधिकारी वाटरशेड, संजय सिंह के खिलाफ की गई शिकायत की जांच करने के लिए एक तीन सदस्यीय टीम रीवा पहुंची है। जैसे ही जांच टीम जिला पंचायत कार्यालय पहुंची, भ्रष्टाचारियों के बीच हड़कंप मच गया। टीम ने जांच के लिए कार्यालय में सुबह से लेकर देर शाम तक कार्यवाही की, जिसमें कई फाइलों की गहन जांच की गई। यह शिकायत वाटरशेड और आंगनबाड़ी भवन के कार्यों में भुगतान, सचिवों की नियुक्ति को लेकर की गई थी, जो समाज सेवी कमल सिंह बघेल ने की थी। मध्य प्रदेश शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव द्वारा इस शिकायत की जांच की जा रही है। जांच टीम में अरुण श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक पंचायती राज भोपाल, प्रेम सिंह नेगी, सहायक लेखा अधिकारी, और राजीव गांधी वाटरशेड प्रबंधन मिशन भोपाल के सदस्य शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि संजय सिंह इससे पहले भी फर्जी नियुक्तियों के मामले में चर्चा में रह चुके हैं। एक छोटे कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर मामले को दबा दिया गया था। अब, जांच टीम के आने के बाद पूरे जिला पंचायत में उनके कार्यों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सवाल यह है कि क्या लगाए गए आरोपों की सच्चाई सामने आएगी या फिर जांच के नाम पर मामले को दबा दिया जाएगा।

# दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जिले की समस्त विकासखंडों में

बृजमोहन कारपेंटर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**राजगढ** - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सहायक उत्पादन केन्द्र-(एलिम्कों) भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम उज्जैन के माध्यम से दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य/चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद पंचायत नरसिंहगढ़, न.पा. नरसिंहगढ़, न.प. कुरावर, न.प. बोडा, एवं न.प. तलेन में शिविर का आयोजन 17 फरवरी, को किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत ब्यावरा, न.पा. ब्यावरा, न.प. सुठालिया में 18 फरवरी को, जनपद पंचायत सारंगपुर, न.पा. सारंगपुर, न.प. पचोर में 19 फरवरी को, जनपद पंचायत खिलचीपुर, न.पा. खिलचीपुर, न.प. छापीहेडा में 20 फरवरी को, जनपद पंचायत राजगढ़, न.पा. राजगढ़, न.प. खुजनेर में 21 फरवरी को तथा जनपद पंचायत जीरापुर, न.प. जीरापुर, न.प. माचलपुर में 22 फरवरी को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उक्त शिविर में अपने-अपने क्षेत्र के ऐसे दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों जिनको मोटराईज्ड ट्रायसिकल, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। उन्हें यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति, 03 पासपोर्ट साईज फोटो जिसमें दिव्यांगता दर्शायी गई हो, समग्र आईडी, आधार कार्ड, बीपीएल, राशन कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, निवास का प्रमाण पत्र आदि साथ में लाना अनिवार्य है।

# अमगार स्कूल में शिक्षा संकटः लापरवाही और अनियमितताओं का खुलासा

## स्कूल में शिक्षा की अनदेखी, 113 में से सिर्फ 13 छात्र उपस्थित

## बडा सवालः क्या आदिवासी और गरीब होना हमारा गुनाह है जोकि मददगार सरकार की सुविधाओं के लाभ से वंचित रखा जा रहा है..

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**मैहर,** मध्य प्रदेश। सरकार की ओर से शिक्षा सुधार के तमाम दावे किए जा रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। मैहर के अमगार माध्यमिक विद्यालय में गंभीर अनियमितताओं और लापरवाही का मामला सामने आया है, जिससे न केवल बच्चों का भविष्य दांव पर लग रहा है, बल्कि सरकारी योजनाओं की सच्चाई भी उजागर हो रही है। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए निःशुल्क यूनिफॉर्म, किताबें, भोजन और शिक्षकों की भर्ती जैसे कदम उठा रही है, लेकिन विद्यालयों में लापरवाही के चलते ये प्रयास असफल होते दिख रहे हैं। सरकारी सुविधाओं के बावजूद विद्यालयों में शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति, पाठ्यक्रम की अनदेखी और संसाधनों की अव्यवस्था जैसे मुद्दे आदिवासी छात्रों की शिक्षा को प्रभावित कर रहे हैं।




विद्यालय में शिक्षकों की गैरमौजूदगी, अधूरी भवन निर्माण प्रक्रिया और अनियमित मिड-डे मील जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। शिक्षा के अधिकार के बावजूद, आदिवासी बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, जिससे उनके भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है।

**113 बच्चों में सिर्फ 13 की उपस्थिति, शिक्षकों की मनमानी :** मैहर टाइम्स की टीम ने जब विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, तो चौकाने वाली तस्वीर सामने आई। 113 पंजीकृत विद्यार्थियों में से मात्र 13 ही उपस्थित थे। वहीं, विद्यालय में चार शिक्षक नियुक्त हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल दो ही शिक्षक उपस्थित पाए गए। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि अंग्रेजी विषय पढ़ाने के लिए नियुक्त शिक्षक संतोष शुक्ला ने कभी भी इस विषय की कक्षा नहीं ली।

**मिड-डे मील बर्बादी की भेंट, अधूरा भवन निर्माण :** विद्यालय परिसर में मध्यान्ह भोजन बर्बाद पड़ा मिला, जिससे साफ जाहिर होता है कि भोजन सही ढंग से नहीं बनाया जाता या बच्चों को पर्याप्त नहीं दिया जाता। बच्चों ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन नहीं बनाया जाता, जिससे कई बच्चे भोजन नहीं करते।

विद्यालय भवन की स्थिति भी बेहद दयनीय है। पुरानी इमारत में दीवारों पर दरारें हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। वहीं, नया भवन अधूरा बना पड़ा है, जिसका कारण भ्रष्टाचार बताया जा रहा है। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह के अनुसार, पास की खदानों में हो रही ब्लास्टिंग से स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हो रहा है।

**शिक्षकों की गैरमौजूदगी और लापरवाही उजागर :** विद्यालय की अनियमितताओं पर जब प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह से सवाल किए गए, तो उन्होंने बताया कि अंग्रेजी शिक्षक संतोष शुक्ला आज अनुपस्थित हैं। वहीं, एक अन्य शिक्षक ने अन्य स्थान पर ड्यूटी होने की बात कही। शिक्षकों की लापरवाही के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है, जिससे सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल उठने लगे हैं। वही शिक्षा सुधार के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। क्या प्रशासन इस लापरवाही पर कोई ठोस कार्रवाई करेगा? या फिर आदिवासी बच्चों की शिक्षा सिर्फ कागजी योजनाओं तक ही सीमित रह जाएगी?

# साक्षरता परीक्षा 16 फरवरी को, तैयारियों के लिए बैठक आयोजित




नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

साक्षरता परीक्षा की तैयारी के लिए जिला शिक्षाधिकारी श्री एमएल गर्ग की उपस्थिति में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्योपुर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त बीआरसीसी को रोटरी क्लब इन्दौर से रोटरी सरोज मोदानी एवं डा.रैनू सिहं द्वारा भेंट पुस्तक अक्षर पोथी का वितरण किया गया। 16 फरवरी को आयोजित होने वाली साक्षरता परीक्षा में राज्य से जिले को 35305 परीक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। विजयपुर ब्लॉक से 15000, श्योपुर ब्लॉक से 10305 एवं कराहल से 10000 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जिले के समस्त 769 सामाजिक चेतना केन्द्रो पर परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। बैठक में प्रोढ़ शिक्षा अधिकारी श्री भूपेन्द्र कुमार शर्मा, जिला सह समन्वयक साक्षरता श्री रामप्रताप सिहं जादौन सहित समस्त बीआरसी, बीएसी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री कोचर ने पंचायत ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, सामाजिक न्याय, श्रम एवं महिला बाल विकास विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा कर दिए अहम् दिशा-निर्देश

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, सामाजिक न्याय, श्रम एवं महिला बाल विकास विभागों की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान दिसंबर 2024 तक की लंबित शिकायतों की विषयवार चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों के शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथियों के अनुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के दौरान नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण



फुलपगारे विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिन शिकायतों के निराकरण किए जा चुके हैं, उन्हें शिकायतकर्ता को अवगत कराते हुए संतुष्टि से बंद कराएं एवं जो शिकायत राज्य शासन से निराकरण योग्य हैं, उनके संबंध में शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाये। साथ ही जिन शिकायतों के निराकरण नहीं हो सकते उनके संबंध में शिकायतकर्ता को कारण सहित लिखित सूचना दी जाए । नवागत सीईओ जिला अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण गंभीरतापूर्वक किए जाने के निर्देश दिए.इस अवसर पर जिला प्रबंधक लोक सेवा चक्रेश पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पूनम दुबे, मनीष बागरी, आरपी पटेल, अश्विनी कुमार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा, राजेश अवस्थी, प्रेम सिंह चौहान, श्रम अधिकारी जीडी गुप्ता, सहायक संचालक महिला बाल विकास संजीव मिश्रा, परियोजना अधिकारियों, सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारियों, श्रम निरीक्षकों, सहायक ई गवर्नेस प्रबंधकों

**साहूकारी लाईसेंस के बगैर लेनदेन करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश :** चंबल-ग्वालियर संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने बैठक के दौरान सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि साहूकारी लाईसेंस के बगैर लेनदेन करने वाले तथा ग्रामीण क्षेत्रो में जरूरतमंद लोगों का ब्याज के नाम पर आर्थिक शोषण करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जायें। इसके साथ ही उन्होने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में प्रगति बढाने के निर्देश भी दिये। एसडीएम हटा श्री मरकाम ने तहसील पटेरा अंतर्गत बमनपुरा, देवडोंगरा, सतरिया, दतिया में शिविरों का लिया जायजा

# अवैध शराब बिना रजिस्टर्ड वाहन एवं अवैध उत्खनन करने वालों के विरुद्ध संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया -कलेक्टर रीवा



भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने अवैध शराब की विक्री पर रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि टीम गठित कर शिकायत वाले क्षेत्रों में कार्यवाही करें। एवं आरटीओ को निर्देशित किया कि बिना रजिस्टर्ड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करें तथा असुरक्षित बसों व अन्य वाहनों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। जिन वाहनों के बीमा नहीं हैं उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जाय। इसके साथ साथ खनिज, आबकारी, परिवहन तथा खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती बरतें तथा अवैध उत्खनन किसी भी स्थिति में न हो। जवा क्षेत्र में टमस नदी से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें प्राप्त होती है। उस पर कार्यवाही करें तथा अवैध उत्खनन के प्रकरण बनाकर वाहनों की जप्ती करायें।

# निगमायुक्त ने किया पीएम आवास योजना के भवनों का औचक निरीक्षण

मारुति लाल विश्वकर्मा

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इमलीखेड़ा में बन रहे एमआईजी भवनो का निरीक्षण बुधवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के द्वारा किया गया। इस दौरान आयुक्त के साथ नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली एवं सहायक यंत्री विवेक चौहान उपस्थित रहे। निगम आयुक्त ने भ्रमण के दौरान आवास से संबंधित परिक्षेत्र की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने भवन निर्माता को निर्देश दिए कि भवनों के बाहरी कार्य एवं अन्य शेष कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण कर जानकारी समक्ष में प्रस्तुत करें। इसके उपरांत



निगमायुक्त ने इमलीखेड़ा में बन रही निगम की निर्माणाधीन दुकानों का निरीक्षण किया जहां उन्होंने दुकानों निर्माण को बारीकी से देखा। इन दुकानों को भी आयुक्त ने

# टीकमगढ़ की दो तहसीलों को निवाड़ी में मिलाने का विरोधः दिगौड़ा में प्रदर्शन, लोग बोले- राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा विलय

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़ जिले की मोहनगढ़ और दिगौड़ा तहसील को निवाड़ी जिले में शामिल करने के फैसले के खिलाफ स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। गुरुवार को दिगौड़ा में अंबेडकर प्रतिमा के पास बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने परिसीमन आयोग की इस कार्रवाई के विरोध में 7 जनवरी से धरना प्रदर्शन और भूख हडताल शुरू करने की चेतावनी दी है।

मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के साथ बस स्टैंड पर हुए विरोध प्रदर्शन में संगठन के प्रांतीय मुख्य सचिव रामरतन दीक्षित ने आरोप



लगाया कि निवाड़ी जिले के नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए यह विलय करवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले ही टीकमगढ़ को विभाजित कर निवाड़ी जिला बनाया गया, जबकि छतरपुर और सागर जैसे बड़े जिलों को नहीं तोड़ा गया।

स्थानीय समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर ने कहा कि वे इस विलय के विरोध में अपने प्राणों की आहुति देने को तैयार हैं। दिव्यांग कार्यकर्ता सलमान खान ने यात्रा की परेशानियों का मुद्दा उठाया और बताया कि निवाड़ी जाने के लिए लोगों को दो बार बस बदलनी पड़ेगी। स्थानीय निवासी विनोद सेन ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक सीट जीतने के लिए निवाड़ी को जिला बनाया था। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि विलय ही करना है, तो निवाड़ी को टीकमगढ़ में मिला दिया जाए।

# किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री तथा ई-केवाईसी करवाने किया प्रेरित



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**दमोह** - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्व कार्यों के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने तहसील पटेरा अंतर्गत बमनपुरा, देवडोंगरा, सतरिया, दतिया में शिविरों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम हटा श्री सिंह ने शिविरों में ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री कार्य करवाने आए किसानों से चर्चा की गई। एसडीएम हटा श्री सिंह ने किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री तथा ई-केवाईसी करवाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री कराये ताकि शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

# आयुक्त ने नवागत सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी को सौंपे दायित्व

मारूति लाल विश्वकर्मा

छिंदवाड़ा। नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने कार्य सुविधा की दृष्टि से नवागत सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी को राजस्व वसूली, स्वच्छ भारत मिशन, अतिक्रमण, उद्यान, सौन्दर्यीकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाये यथा संबल, श्रम कर्मकार मंडल, एन0यु0एल0एम0, प्रधानमंत्री स्वनिधि, समग्र पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, समग्र केवायसी, आयुष्मान कार्ड, राशन पात्रता पर्ची, यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांगजनों से संबंधित कार्यों का दायित्व सौंपा।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान करें-कमिश्नर

## आगामी ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत पेयजल व्यवस्थाओं की कार्य योजना बनाने के निर्देश

## एसडीएम सतत् रूप से भ्रमण करें, विकासखण्ड स्तर पर बैठक लें

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

**चंबल**-ग्वालियर संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जायें तथा एल-1 स्तर पर त्वरित रूप से जवाब भरा जायें। एल-2 स्तर के अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर समस्या एवं मांगों का उचित निराकरण करायें। इसके साथ ही उन्होने आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्थाओं के लिए समुचित कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश पीएचई अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि अनुभाग स्तर पर एसडीएम विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की नियमित रूप से बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा करें तथा सतत् रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

कमिश्नर श्री मनोज खत्री ने पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन आवास योजना एवं पीटीजी आवास की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि चौथी किस्त प्रदाय करने के उपरांत हितग्राहियों से संपर्क कर 45 दिन में आवास पूर्ण कराये जायें। एसडीएम द्वारा इसकी समीक्षा की जाये तथा सीईओ जनपद आवास निर्माण कार्यो की अपने अमले से सतत् निगरानी करायें। उन्होने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से गुणवत्तायुक्त उपयोगी कार्य कराये जायें। उन्होने मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की सतत् रूप से निगरानी के निर्देश भी दियें। उन्होने कहा कि सीईओ जिला पंचायत प्रत्येक माह ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर आवास, एमडीएम, मनरेगा आदि कार्यो की समीक्षा करें। उन्होने निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामों में नल से जल प्रदाय किया जा रहा है, जिन ग्रामों में कार्य प्रगति पर है, उन्हें पूर्ण किया जायें। इसके साथ




ही ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्थाओं के लिए सर्वे कराकर आवश्यकतानुसार कार्य योजना बनाई जायें तथा कलेक्टर के माध्यम से सिंगल फेस मोटर, राईजिंग पाईप आदि के प्रस्ताव भेजे जायें। उन्होने विजयपुर में बायपास रोड निर्माण के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करने, मेडिकल कॉलेज एप्रोच रोड पर विधुत पोल शिफ्टिंग कराने तथा इसी मार्ग पर नहर के माईनर पर पुलिया निर्माण के लिए क्लीयरेंस प्रदाय करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिये। उन्होने कहा कि विजयपुर में बनने वाले 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के लिए स्थान का निर्धारण करने एसडीएम, सीएमएचओ एवं पीआईयू अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण किया जायें तथा 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत की जायें। इसके साथ ही कर्मकार मंडल अंतर्गत दो प्रतिशत सेस की राशि संबंधितों से जमा कराने के निर्देश श्रम निरीक्षक को दिये गये। उन्होने कहा कि कौशल विकास उन्नयन अंतर्गत युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायें। निर्माणाधीन कार्यो में हैवी वाहन चालक, जेसीबी एवं अन्य मशीनों के ऑपरेटर के रूप में इनका नियोजन किया जा सकता है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बैठक में अवगत कराया कि विभिन्न योजनाओ में कुल 53 हजार 195 आवास स्वीकृत कर 40 हजार 415 पूर्ण किये गये है तथा 12 हजार 780 प्रगतिरत है, वर्तमान में पीएम आवास योजना ग्रामीण-2 का सर्वे जारी है। पीएम जनमन में 23 हजार 764 आवास स्वीकृत किये गये है। पीएम जनमन में 35 आंगनबाडी स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 15 पूर्ण हो गये है तथा 20 प्रगतिरत है। राज्य आयोजना मद में भी 68 आंगनबाडी स्वीकृत किये गये है। उन्होने बताया कि एनआरसी के भी पूर्ण सद्उपयोग के लिए उनके द्वारा निरीक्षण कर निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में 60 की संख्या वाले तीनो एनआरसी में 50 बच्चों की देखरेख की जा रही है। इसके साथ ही उन्होने विभिन्न योजनाओ की प्रगति के बारे में भी अवगत कराया गया।

सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा मनरेगा कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि जिला वर्तमान में ए-ग्रेड में है। उन्होने गौशालाओं के संचालन के संबंध में भी जानकारी दी कि 25 गौशालाएं संचालित है।

बैठक में प्रभारी एसडीएम श्योपुर श्री संजय जैन, कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर श्री अभिषेक मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर श्री वायएस तोमर, डीपीओ महिला बाल विकास श्री ओपी पाण्डेय, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार, जिला योजना अधिकारी डॉ सुनील चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

Estd. 1999 | Suryadatta Education Foundation's

# SURYADATTA® GROUP OF INSTITUTES, PUNE

ISO 9001 : 2015 Certified Institutes and Accredited by ANAB, USA (Member of IAF) by NVT-QC

SURYADATTA Enriching Career and Enhancing Lives Since 1999

SURYADATTA Enabling Holistic and Sustainable Development Since 1999

## SURYADATTA NATIONAL LIFE TIME ACHIEVEMENT & SURYADATTA NATIONAL AWARDS 2025

Bestowed By | Chairperson & Chief Guest | Guest of Honor | Keynote Speaker | Guru & Mentor





Prof. Dr. Sanjay B Chordiya – Founder President & Chairman : SEFChairman : SSGI

Mrs. Sushama S. Chordiya – Vice President : SEF, President : SWELA

P P Acharya Dr. Lokesh Muni – Founder President, Ahimsa Vishwa Bharti

Sister Lucy Kurien – Founder Director, MAHER NGO

Lt. Gen. Ashok Ambre – PVSM, AVSM**, SM (Veteran)

Shri Raza Murad – Renowned Indian Cinema Actor

Prof. Sharadchandra Darade

**The Suryadatta National Life Time Achievement & Suryadatta National Awards 2025 seek to recognize the valuable contribution of eminent personalities who are iconic role models known nationally and internationally for their zeal and enthusiasm for excellence, and enrichment of society through their relentless efforts.**



### Subedar Major (Then Rifleman) Sanjay Kumar (Param Vir Chakra)

**For Excellence in the field of Service to the Nation**

Recipient of the Param Vir Chakra, India's highest military award, stands as a symbol of unmatched bravery and devotion to duty. In the heat of battle during the Kargil War, Rifleman Sanjay Kumar displayed extraordinary courage in the face of enemy fire. His relentless determination and unyielding spirit led him to single-handedly storm enemy positions, despite being severely wounded. His fearless actions not only neutralized the enemy threat but also saved numerous lives of his comrades.



### Dr. G. B. Deglurkar

**For Excellence in the field of Ancient Indian Temple Architecture & Education**

For recognition of his deepened understanding of India's rich heritage in temple Architectural studies. He was Vice Chancellor of Deccan College 'Deemed University'. He has created value-based learning, integrating cultural wisdom with modern academic excellence with Indian Knowledge System. His extensive research and dedication to historical preservation continue to inspire students and scholars across the globe.



### Prof Dr Narendra Bhandari

**For Excellence in the field of Science & Technology**

For exceptional excellence in contributing to the realm of Space and Planetary Sciences, where his pioneering endeavors have propelled India's lunar and Martian explorations to unprecedented heights. A trailblazer in the scientific community, he has ignited a spirit of discovery and inspired future generations to reach for the stars. This honor celebrates his monumental legacy, his unwavering pursuit of knowledge, and his profound impact on the advancement of global scientific excellence.



### CA Dr. Ashok Kumar N Pagariya

**For Excellence in the field of Social Service**

In profound admiration of an illustrious stalwart whose unparalleled excellence in academic brilliance, social service, and visionary leadership has illuminated countless lives. With an unwavering commitment to education, philanthropy, and community empowerment, he has sculpted a legacy steeped in integrity, compassion, and selfless dedication to the greater good. This honor stands as a tribute to his boundless wisdom, noble endeavours, and transformative impact on society.



### Shri Mayur Vora

**For Excellence in the field of Food, Agri Business & Creating New Venture**

In recognition of his work as the Managing Director of Mapro Foods Pvt Ltd. In addition, he is a partner Mapro Garden LLP. He actively coaches social entrepreneurs, offering his knowledge and experiences to help them in their business journeys. He is an entrepreneur in the proper meaning of the term. His work is typically based on sustainability and has a long-term perspective. Over the years, he has transformed Mapro into a global brand.



### Shri Dilbagh Singh Bir

**For Excellence in the field of Global Entrepreneurship**

In recognition of his work as a beacon of excellence in the global jewellery industry, earning recognition for his visionary leadership in transforming Neelkanth Jewelers into a globally trusted brand. His exceptional craftsmanship, innovative designs, and deep understanding of market dynamics have redefined jewellery standards. With a strong commitment to quality and customer satisfaction, Dilbagh has cultivated a loyal global clientele, ensuring Neelkanth Jewelers' continued success.



### Dr Sadanand Raut

**For Excellence in the field of Medical Social Service**

In earnest recognition of a visionary healer, a beacon of hope, and an unwavering crusader for humanity, whose selfless service has illuminated countless lives. Through boundless compassion and an indomitable spirit, he has safeguarded the well-being of thousands and uplifted entire communities. This honor stands as a testament to his noble mission, tireless dedication, and enduring legacy of benevolence.



### Shri Mayoor Shah

**For Excellence in the field of Creative Arts**

In earnest recognition of a polymath of timeless brilliance, whose boundless imagination, profound wisdom, and creative mastery transcend the ordinary. A maestro whose artistry resonates through time, whose storytelling immortalizes moments, and whose pursuit of excellence illuminates countless lives. This accolade stands as a tribute to his visionary spirit, enduring legacy, and the indelible mark he leaves upon the world.



### Shri Sachin Pilgaonkar

**For Excellence in the field of Indian Cinema**

In recognition of his unmatched brilliance in cinema, direction, and storytelling, and to feliciate the one who has enriched the world of Indian arts and culture with his exceptional vision and artistry. His unwavering dedication to his craft has inspired countless generations, leaving an indelible mark on the cinematic landscape. This honor celebrates his extraordinary contributions, his timeless legacy, and the lasting impact of his creative genius on the cultural fabric of India.



### Padma Shri Chaitram Pawar

**For Excellence in the field of Rural Development and Environment Protection**

In profound recognition of his extraordinary dedication to environmental conservation, tribal empowerment, and sustainable rural development; he has championed the cause of ecological harmony and community-led progress. His unwavering commitment to the betterment of society stands as a beacon of resilience, innovation, and selfless service. This honor celebrates his inspiring journey and the transformative impact of his work on preserving nature and uplifting marginalized communities.



### Smt. Jaya Prada

**For Excellence in the field of Indian Cinema**

She is an renowned Indian Actress and politician, known for impressive performances in more than 300 films in eight different languages including Telugu, Tamil, Hindi, Malayalam, Bengali and Marathi films in late '70s, '80s and early '90s. She has been considered by many as one of the most beautiful faces to have ever graced Indian cinema including Satyajit Ray who called her "She is one of the most beautiful faces on the Indian Silver Celluloid"In 2022, she was placed in Outlook India's "75 Best Bollywood Actresses" list.



### Shri Rajendra Mutha

**For Excellence in the field of Pharma & Global Healthcare Diagnostics Services**

Mr. Rajendra Mutha, the Chairman and Whole Time Director of Krsnaa Diagnostics Pune, brings over two decades of expertise in pharmacy and diagnostics. Mr. Mutha leverages his extensive knowledge to drive the company's strategic vision and operational excellence. Under his leadership, Krsnaa Diagnostics has expanded across India, making a significant impact in the healthcare sector. Additionally, the company is committed to social service, contributing to various community welfare initiatives.



### Shri Sagar Chordia

**For Excellence in the field of Significant Contribution to Global Trade**

In recognition of his unparalleled contributions to transforming the real estate landscape. He has played a pivotal role in fostering economic growth and elevating India's global stature. Through his visionary leadership, commitment to innovation, and dedication to creating luxury and world-class infrastructure, he has redefined industry standards. This honor stands as a tribute to his groundbreaking achievements and the enduring impact of his work on shaping the future of Indian development.



### Smt. Smita Jaykar

**For Excellence in the field of Indian Cinema**

For excellence in exceptional contributions to the realms of Performing Arts, Spiritual Enlightenment, and Holistic Healing, Smita Jayakar shines as a beacon of inspiration and a masterful artist par excellence. Through her profound devotion to transforming lives, she has illuminated the path to deeper understanding and spiritual awakening. This honor stands as a tribute to her unwavering commitment to uplifting souls, inspiring change, and fostering harmony through her boundless talent and wisdom.



### Adv. Shekhar K Jagtap

**For Excellence in the field of Law & Judiciary**

In appreciation of his remarkable work as proprietor of J Shekhar Associates, formulated a law firm in view of diversifying and mobilising the legal profession. He came up with this concept of forming an association and utilising the strengths and ideologies of every individual associate to divulge to this world the true principles of law. He abides a social responsibility towards those issues, which require legal assistance on the principle of pro bono publico. He is having connect across the globe.



### Dr. Shivajirao Dole

**For Excellence in the field of Rural and Co-operative Development**

He is the Chairman & Founder Venkateshwara Co-operative Power & Agro Processing Ltd. is a dynamic collaboration of ex-servicemen and farmers, united by the vision of "Sahakar se Samridhi". His organization aims to transform agriculture into a viable and profitable industry by managing the entire process of agro-produce from farming and processing to marketing and exporting all under cooperative principles. Hon'ble Prime Minister Narendra Modi mentioned him during Man ki Baat.



### Dr. Rajesh Parasnis

**For Excellence in the field of Medical Social Service**

In recognition of unparalleled excellence in spine surgery and groundbreaking contributions to the global medical community. For pioneering advancements in the surgical management of complex spinal deformities and inspiring future generations of surgeons. Your unwavering dedication to improving lives through innovative surgical techniques sets a new standard in medical care. A beacon of knowledge, compassion, and excellence, you stand as a true leader in your field.



### Shri Rahul Kapoor Jain

**For Excellence in the field of Motivational Speaker**

In appreciation of his remarkable 'Inside Out technique,' which effortlessly blends science, psychology, and spirituality to aid one's subconscious in tackling latent, hidden issues that unintentionally hamper success. This transformative process removes barriers, boosting one's ability to learn quickly and use current information effectively. His knowledge frees you from inner anxieties and restrictions, propelling you onto a path of accomplishment, contentment, and genuine fulfillment



### Shri Indraneel Chitale

**For Excellence in the field of Entrepreneurship**

Honoring a visionary paragon whose ingenuity transcends boundaries, seamlessly blending tradition with innovation to redefine the gastronomic landscape. With unwavering integrity and an unyielding pursuit of excellence, he has revolutionized the art of culinary mastery and enterprise. This accolade stands as a tribute to his pioneering spirit, transformative contributions, and indelible legacy in the world of gastronomy.



### Shri Kishor Madanlal Khabiya

**For Excellence in the field of Social Service**

In appreciation of his contributions to society as Chairman of the Khabiya Group. He is in charge of the Khabiya Group's real estate segment, as well as its other enterprises. He and his five brothers successfully manage Khabiya Group's principal enterprises. He is also involved in a number of social and religious organisations at the highest levels. Hon. Shri Narendra Modiji praised his efforts as the National Youth Co-ordinator of JITO, citing his involvement in numerous religious and social institutions and activities.



### Shri Sunil Kuber Waghmode

**For Excellence in the field of Food & Agri Business**

In recognition of over the past 35 years, starting from humble beginnings and now running multiple successful branches of hotels and restaurants. His journey is blend of hard work, passion, and strategic expansion. His involvement in agriculture with vegetables, fruits, and plans for further upgrades is also impressive-diversifying into these sectors likely gives him a strong foothold in different industries. He is known for his products, like "Lamboti Chiwda," Shenga, chutneys, sweets, and masalas, have earned significant recognition across Maharashtra.





### Jainam & Jivika Jain

**For Excellence in the field of Startup & Entrepreneurship**

In recognition of extraordinary individuals whose leadership, mentorship, & unwavering commitment have ignited transformation & uplifted communities, Jainam & Jivika stand as paragons of youthful brilliance, innovation & service. Together, they embody the essence of inspiration, shaping new paradigms of leadership & empowerment. Their relentless pursuit of excellence has set a benchmark for the next generation.

## Career Corridor Open for A.Y. 2025-26

**TRUSTED NAME FOR QUALITY EDUCATION AND ASSURED SUCCESS IN THE RESPECTIVE PROFESSION**




• Shaping Professionals for Global Market Place • Round the year value addition leading to Nation Building
• Multidisciplinary Integrated Campus offering Courses in Emerging Sector - NEP complied

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| CBSE School | Junior College | · B.Com · M.Com | · BA · MA | B.Sc. Animation | · B.Sc.-C S · M.Sc.-C S | B.Sc. Information Technology |
| B.A.LL.B | Diploma in ·Cyber law ·Labour Law & Labour Welfare | B.Sc. Cyber & Digital Science | B.Sc. Media Graphics & Animation | Nursing ·ANM ·GNM | B.P.Th Physiotherapy | |
| D.Pharm B.Pharm | Hotel Management B.Sc. Home Science | Travel Tourism Aviation | Fashion Design | Event Management | Interior Design | |
| Performing Art | Professional Beautician | AICTE Approved PGDM | AICTE Approved BBA MBA | AICTE Approved BCA MCA | M.Sc. Media & Comm. Studies | M.Sc.DS (Data Science) |
| M.Sc.CA (Computer Application) | M.Sc. Mathematics | M.Sc. Statistics | PGD Taxation | Ph.D | Finishing School | Liberal Arts |

**KEY AFFILIATIONS & ACCREDITATIONS OF SURYADATTA GROUP OF INSTITUTES**

NAAC · AICTE · PCI · BCI · Savitribai Phule Pune University · DBATU · YCMOU · KKSU · MUHS · DTE · MSBTE · MSBVEE · HSC Board · CBSE Board · Mumbai · Sun to Human Foundation, Madhya Pradesh · EduSkills, Delhi · NSE Academy, Mumbai · C.E.A.L., Singapore · Thailand · SWISSAM International University, St Petersburg RUSSIA · Lincoln, Malaysiya · London, UK · City of Glasgow College, Scotland, UK · South Korea

Multi Disciplinary Integrated Campuses @ Different Locations in Pune, Offices in India & Abroad | Follow us on | www.suryadatta.org | For details Scan QR Code

**Suryadatta - Enriching Career & Enhancing Lives for Enabling Sustainable Development Since 1999**


स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# अपराधिक कृत्यों से अर्जित सम्पत्ति का उपयोग नही कर सकेगे अपराधी

## कप्तान चक्रेश मिश्रा हुए सख्त क्राइम बैठक में दिये सख्त आदेश



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा द्वारा रात्रि रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित महर्षि दधीचि सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थानाध्शाखा प्रभारियों की गोष्ठी आहूत की गयी। इस दौरान द्वारा प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए निम्न दिशा निर्देश दिये गये कि वांछित, जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध अब तक की गयी कार्यवाही की समीक्षा कर विभिन्न अभियोगो में वांछित चल रहे अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने करने के साथ ही महत्त्वपूर्ण अभियोगो के निस्तारण एवम् अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही व बरामदगी की समीक्षा की जाये। इसके साथ ही .महिला संबंधी अपराधों की समीक्षा करते हुए जिन प्रकरणो में आरोप पत्र प्रेषित किया जा चुका है उनमें अभियुक्त के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। कप्तान ने कहा कि आबकारी अधिनियम, गोवध अधिनियम के अतंर्गत पंजीकृत अभियोगो व संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा के साथ ही .थानों पर लंबित विवेचनाओं एनसीआर जांच व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध विस्तृत समीक्षा कर त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होने कहा कि .साइबर अपराध से संबंधित लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए पेशेवर सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने, गैंग पंजीकरण, गैंगेस्टर एक्ट के वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी तथा आंशिक विवेचनाधीन अभियोगों के निस्तारण की समीक्षा जल्द से जल्द सम्पन्न की जाये। इसी के साथ .महिला सशक्तिकरण एवम् अपराधियों के प्रति चलाये जा रहे अभियान व .पीआरवी वाहनो के रूट मार्च रिस्पांस टाइम पर विशेष ध्यान रखा जाये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आई.जी.आर.एस पोर्टल से प्राप्त शिकायतीं प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवम् गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जायें। आई.जी.आर.एस प्रार्थना पत्रों की जाँच आख्या के सम्बन्ध में फीडबैक लें और एंटी रोमियो स्कॉड द्वारा मिशन शक्ति के अतंर्गत अभियान के दौरान की गयी कार्यवाही की समीक्षा एवम् एंटी रोमियों टीम को बाजारों,चैराहो, कस्बों में निरंतर चेकिंग हेतु निर्देश दिये गये। .14(1) गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति का चिन्हांकन करते हुए उसे कुर्क करने हेतु प्रस्ताव भेजने के लिये भी निर्देश दिये गये।.जिलाबदर अपराधियों, माफिया गैंगो एवं पूर्व से चिन्हित गैंगो की सक्रियता व उनके संदर्भ में कृत कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।.संवेदनशील स्थलों पर पी.आर.वी. आदि अन्य पुलिस बल के माध्यम से गश्त बढ़ायी जाये।.आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## संदना पहुंची जन जागरण यात्रा

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत थाना संदना के गांव बखुरी(कुर्सी) में जयगुरुदेव के धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जी महाराज की (86) दिवसीयशाकाहार, सदाचार, महानिषेध अध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा सत्संग सात फरवरी और आठ फरवरी 025को। जिस में एक हजार की भीड़ का होना बताया गया है। जयगुरुदेव के धर्म प्रचारक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जी महाराज की (86) दिवसीय जनजागरण यात्रा की जानकारी देते हुए सत्संग के मनोहर ने बताया कि गांव बखुरी (कुर्सी)सात फरवरी 025को पहुंचे गीत और आठ फरवरी 025को रवाना हो गी जिसमें भारी संख्या में जयगुरुदेव भक्तों की होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# समीक्षा के दौरान बोले डीएम लापवारही बर्दास्त नही




**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत फेज-2 एवं फेज-3 में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मैसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने सम्बन्धी कोई प्रकरण लंबित न रखें एवं निर्धारित विभागीय प्रक्रिया का पालन करते हुए सक्षम अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र समय से निर्गत कराए जाएं। जिलाधिकारी ने गृह संयोजन बढ़ाते हुए हर घर जल की स्थित में सुधार हेतु भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्ण परियोजनाओं में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये। सड़कों के रिस्टोरेशन कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष सड़कों का रिस्टोरेशन मानकों के अनुसार कराए जाने और इसकी सम्बन्धित अधिकारियों से जांच कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों के लिए मानकों के अनुसार थर्ड पार्टी इंस्पेशन भी सुनिश्चित कराया जाये और टी0पी0आई0 द्वारा संज्ञान में लाए गए बिंदुओं पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। आईएसए गतिविधियों हेतु नामित कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आम जनमानस को शुद्ध पेयजल से होने वाले लाभों के विषय में जानकारी प्रदान की जाय। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), जिला पंचायत राज अधिकारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेने के बाद भी लेखपाल ने नही की पैपाइश समाधान दिवस पर की गई शिकायत

**सिधौली -सीतापुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत देवरीकैल में क्षेत्रीय लेखपाल ने पैमाइश करने के नाम पर लिए हजार रुपये भूमि गाटा संख्या 695 की पैमाइश भी नहीं की करा दिया विपक्षी गणों का कब्जा पुर्खो को मिली पटटे की भूमि को पाने के लिए पीड़ित तहसील और थाना के चक्कर लगाते घूम रहा है। तहसील क्षेत्र के देवरीकैल निवासी निवासी एक व्यक्ति ने क्षेत्रीय लेखपाल को पर गंभीर आरोप लगाते हुए सिधौली तहसील में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है पीड़ित के केशनपाल पुत्र गंगा पूर्व में थाना संदना और तहसील में समाधान दिवसों में कई प्रार्थना पत्र अपने पिता को मिली पटटे की भूमि गाटा संख्या 695को पाने के लिए। देवरीकैल निवासी केशनपाल ने मण्डल आयुक्त मण्डल लखनऊ की अध्यक्षता में संपन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र शिकायत संख्या (30080825000132)में कहा है कि है कि उसकी भूमि गाटा संख्या 695 पेटटे में मिली थी जिसे उसके माता-पिता के मरणोपरांत बनवाई थी पीड़ित का कहना है कि इस भूमि में विपक्षी गोकर्ण लाला तथा रामविलास पुत्रगण मैकू एक राय होकर लेखपाल अनिल पांडे द्वारा नपवा कर लगभग छः बिस्वा जमीन अपने कब्जे में कर ली थी। पीड़ित अपनी भूमि नपवाने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत सिंह को आईजीआरएस के माध्यम से सूचना दी तो लेखपाल प्रशांत सिंह ने पुलिस व अपना खर्चा के लिए ?4000ध्रुपए नगद लेकर गांव खेत पर होकर चले आए कोई नाप व पैमाइश नहीं की पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया की प्रार्थना पत्र पर गलत रिपोर्ट लगा दी गई है क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा किए गए कार्य पर कार्यवाही और खेत के द्वारा पैमाइश करवाने की मांग की है इस संबन्ध में पूछे जाने पर आई ए एस तहसीलदार नितिन सिंह ने कहा जांच सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माधाधीन पार्क का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क, सीतापुर का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वाकिंग ट्रैक, वाटर बॉडी, टायलेट ब्लॉक, वाच टॉवर, आर.सी.सी. बेंच सहित अन्य निर्माण कार्यों को देखा। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त कार्यों की शीघ्र मरम्मत कराते हुए शेष कार्यों को समय से पूर्ण कराएं। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही पार्क के सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कराते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पार्क के प्रवेश स्थल पर गेट एवं मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पार्क को शीघ्र संचालित कराए जाने हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये। पार्क को निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराते हुए वन विभाग को हस्तांतरित कराए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि पार्क में सुरक्षा के भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। जिलाधिकारी ने इलासिया बाल वनोद्यान का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**सीतापुर।** जनपद के नैमिषारण्य कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आवश्य कार्यवाही करर्यवाही करनी शुरू कर दी है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार नैमिषारण्य थानान्तर्गत ग्राम रहीमाबाद निवासी साधना (40) का शव कमरे में लगे कुंडे से साड़ी के सहारे लटकता मिला। साधना के ससुर रामनरेश ने बताया कि उनका पुत्र कमाई करने के लिए एक दिन पहले ही घर से चला गया था। साधना पति के साथ अलग मकान में रहती थी। बुधवार को जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आई तो परिजनों को घटना की जानकारी हुई। थानाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# लक्ष्य के 54वें पड़ाव पर जनजागरण यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

**मछरेहटा (सीतापुर)।** आपसी प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता तथा प्रभु की भक्ति की प्रेरणा जगाते हुये 86 दिवसीय जनजागरण यात्रा लेकर जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज कल सायंकाल मछरेहटा, बहोरनपुर के रामलीला मैदान पर अपने 54वें पड़ाव हेतु पधारे। स्थानीय भाई-बहनों ने फूलमालाओं, कलशों तथा वाद्ययन्त्रों के साथ यात्रा का भावपूर्ण स्वागत किया।आज यहां सत्संग संदेश सुनाते हुये संत जी ने कहा कि यह मानव जीवन अनमोल है। इसी शरीर में रहते हुये किसी जगे हुये महात्मा की ''जिन्होंने सुरत शब्द योग की साधना करके अपनी आत्मा को जगाकर परमात्मा का दीदार कर लिया हो'', तलाश करके उनसे भजन का रास्ता लेकर चैबीस घण्टे में एक घण्टा, दो घण्टा भजन कर लें नहीं तो यह जीवन खाने-पीने तथा दुनिया के ऐशो आराम में व्यर्थ चला जा रहा है। यहां का एक तिनका भी अपने साथ नहीं ले जा सकते हो। यह मृत्यु लोक है। खाली आये थे और खाली ही चले जायेंगे। इसलिये आपस में बिना किसी भेदभाव के हिलमिलकर रहें। एक-दूसरे के काम आयें। छोटे से प्यार तथा बड़ों का सम्मान करें। जिस प्रकार शरीर को आप दोनों समय भोजन देते हो उसी प्रकार अपने शरीर में बैठी जीवात्मा को भी भोजन दो। जीवात्मा का भोजन-भजन है। महाराज जी ने भजन की तीन क्रियायें पहला सुमिरन, दूसरा ध्यान तथा तीसरा भजन को भी विधिवत समझाया। संस्थाध्यक्ष ने कहा कि यदि आप अच्छा समाज बनाना चाहते हैं तो पहले शाकाहारी बने और दूसरे किसी भी प्रकार के नशों का परित्याग करें। जब तक इन दो परहेजों को आप नहीं अपनायेंगे तब तक आंखों में मां बहन बेटी की पहचान कायम नहीं होगी। और देश को घृणित कृत्यों से शर्मसार होना पड़ेगा। उन्होंने 13 मार्च से 15 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में होने वाले होली पर्व पर आने का निमन्त्रण भी दिया। समारोह में पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर मोती लाल, शिवराज सिंह, वीरपाल, बहोरनपुर ग्राम प्रधान मो. कलीम, बबलू अवस्थी ब्लॉक प्रमुख, प्रधान अंकित सिंह, रामपाल सिंह, रजनीश मिश्रा, राम दयाल, शंभू नाथ वर्मा, ब्रह्मानन्द, सुश्री पूनम सिंह, डिम्पू यादव, डा. दिलकेश्वर यादव, शंभू प्रसाद वर्मा आदि सहित कई सम्मानितजन उपस्थित रहे।सत्संग के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव हेतु प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र संदना के लिये प्रस्थान कर गई। जहां कल (आज) दिन में 12.30 बजे से सत्संग आयोजित है।

# मनरेगा ऑनलाइन हाजिरी में हो रही धांधली







**सीतापुर( ऐलिया )।** विकास खण्ड ऐलिया में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यो में रोजगार सेवक व प्रधान जमकर फर्जीवाडा कर रहे है, सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में एक ही श्रमिक से कई कार्यो पर एक साथ कार्य कराया जा रहा है ऑनलाइन हाजिरी में अपलोड की गई फोटो में एक ही श्रमिक कई कार्यो पर एक साथ कार्य करते नजर आ रहे है, बताते चले कि विकास खण्ड ऐलिया की ग्राम पंचायत बीबीपुर आलमपुर में मनरेगा से दो कार्य चल रहे है, गाटा संख्या 1063 पर तालाब खुदाई कार्य व गाटा संख्या 1062 पर तालाब खुदाई कार्य दोनो ही कार्यो पर एक ही श्रमिको की फोटो अपलोड कर फर्जीवाडा किया जा रहा है, गाटा संख्या 1062 पर तालाब खुदाई कार्य के मास्टर रोल संख्या 11825 व गाटा संख्या 1063 पर वही श्रमिको की फोटो अपलोड की गई है जो तालाब खुदाई कार्य के मास्टर रोल संख्या 11831 पर फोटो अपलोड की है जिससे यह साफ तौर से पता चलता है कि रोजगार सेवक किस प्रकार से जिम्मेदारो की आंखों में धूल झोंककर घोटाला कर रहे है। जब हो रहे फर्जीवाड़े के सम्बंध में एपीओ ऐलिया से जानकारी ली जानी चाही गयी तो उनका फोन न उठने के कारण जानकारी प्राप्त नही हो सकी।

# विधायक ने पर्यटन मंत्री से मिलकर पर्यटन सुविधा दिये जाने की उठाई मांग



**सिधौली- सीतापुर।** सीतापुर के गौरव और पासी समाज के स्वाभिमान के प्रतीक रहा महाराजा छीता पासी किला एवं सूचैना देवी मंदिर परिषद का पर्यटन विकास कराए जाने हेतु भाजपा विधायक मनीष रावत ने पर्यटन मंत्री उत्तर प्रदेश से मिलकर पत्र देकर मंदिर परिसर में पर्यटन सुविधा एवं स्थल का पर्यटन विकास कराए जाने का अनुरोध किया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय भाजपा विधायक मनीष रावत ने प्रदेश के पर्यटन मंत्री को मिलकर एक पत्र भेंट कर अवगत कराते हुए मांग की कि सीतापुर के गौरव तथा पासी समाज के स्वाभिमान के प्रतीक महाराज छीता पासी का सीतापुर स्थित महाराजा छीता पासी किला एवं उसी परिसर में स्थित सूचैना देवी का मंदिर वर्तमान में जर्जर स्थिति में है तथा यहां पर आए दिन काफी संख्या में पर्यटक श्रद्धालुओं का आवागमन होता रहता है ऐसी स्थिति में महाराज छीता पासी किला एवं सुचैना देवी मंदिर परिसर का पर्यटन विकास कराए जाने की मांग किया है।

# लोक अदालत को सफल बनाने के लिये बैठक सम्पन्न



**सीतापुर ।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना'' के निर्देशानुसार, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ' नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' द्वारा एक बैठक समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ आहूत की गयी, उक्त बैठक की ''अध्यक्षता भगीरथ वर्मा,'' अपर जिला जज, पाक्सो कोर्ट नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा, दिनांकित-08.03.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों से वार्ता की गयी। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को नियत करें तथा वादों के अधिक निस्तारण हेतु कम से कम तीन बार प्रत्येक वादकारी को नोटिस जारी की जाये।

# अलग अलग हादसों में युवक की मौत, चार घायल



**रेउसा ( सीतापुर )।** जनपद के अलग अलग थानों क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई व चार घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसों की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार इलाके के गोबरहिया पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मंगलवार रात एक युवक की मौत हो गई। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि गांव पुरैनी बोहरा निवासी ललित कुमार श्रीवास्तव (40) सोमवार को घर से निकले थे। वह सेमरा गांव में अपने मामा के घर गए थे। बहराइच मार्ग बीती रात अज्ञात वाहन से उनको टक्कर लग गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र महमूदाबाद में रामपुर मथुरा मार्ग पर एक बाइक सवार को एक अन्य बाइक से टक्कर लग गई। हादसे में बाराबंकी के बड्डूपुर थाना क्षेत्र निवासी महेंद्र (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर आई पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती करवाया। बहराइच जनपद के थाना बौड़ी के धोविन पुरवा गांव निवासी पंकज (28) व रोहित (25) बाइक से लखनऊ जा रहे थे। थानगांव के होली पुरवा गांव निवासी देशराज निषाद (32) बाइक से किसी काम से रेउसा आ रहे थे। महमूदाबाद मार्ग पर परसिया गांव के पास दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं। आमने-सामने की भीषण टक्कर में पंकज, रोहित व देशराज घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल बहराइच में भर्ती कराया गया।

# एल्पिस ग्लोबल के जनता के सामने बिखरे अपनी प्रतिभा



**बिसवां सीतापुर।** शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस का कार्यक्रम अत्यंत भव्यता के साथ मनाया गया ।प्रथम दिवसीय वार्षिकोत्सव में पी. जी. से प्रथम कक्षा के नौनिहालों नें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में पधारे समस्त लोगों का मन मोह लिया। प्रथम दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालय डायरेक्टर निशीथ नारायण गोयल मुदित सिंघल व अनुज सिंघल नें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा शत - प्रतिशत उपस्थित रहे ,। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा नें सभी विद्यार्थियों के प्रतिभा प्रर्दशन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों ,अभिभावकों ,पत्रकार बंधुओं एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया।

# शिक्षा कारोबारी अवधेश सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी एवं जालशाज का परिवाद दर्ज

## उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता पवन पांडे ने शिक्षा कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु न्यायालय में किया था आवेदन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के अमावस सूफी रामनगर निवासी एवं जिले के चर्चित शिक्षा कारोबारी अवधेश कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी अमावा सूफी थाना खण्डासा जनपद अयोध्या सहित दो ज्ञात और चार अज्ञात के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पंजीकृत हो गया है। न्यायालय ने शिक्षा कारोबारी पर धोखाधड़ी, जालसाजी, कूट रचना व आपराधिक खडयंत्र की गंभीर अपराधिक धाराओं में परिवाद दर्ज करते हुए कानूनी शिकंजा कस दिया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता व भारत सरकार के पूर्व सीजीसी रहे पवन पांडेय की शिकायत व बहस पर न्यायालय ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपियों के खिलाफ परिवाद दर्ज करने का अयोध्या आदेश दे दिया है। जिसमें आगामी 18 फरवरी को सुनवाई होना सुनिश्चित किया गया है। बताते चलें कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता पवन पांडे ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय फैजाबाद के यहां वाद संख्या 44/2023 पवन कुमार पांडे बनाम राम लगन के तहत वाद प्रस्तुत किया था। जिसमें उन्होंने अवधेश कुमार शुक्ला पुत्र हरिशंकर शुक्ला एवं उनके सहयोगियों नंदकुमार मिश्रा पुत्र शुभकरण मिश्रा व चार अन्य सहयोगियों मिली मददगारों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र के अग्रसारण में राम लगन मिश्रा पुत्र रामदुलारे को साजिश तौर पर हमराह करके उनके फर्जी बा को रचित पता सृजित करके धोखाधड़ी जालसाजी करते हुए झूठा शपथ पत्र तैयार करने का आरोप लगाया था। वादी मुकदमा द्वारा आरोप लगाया गया कि क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के यहां फर्जी हस्ताक्षर एवं कुतर्चित शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया जो अवधेश कुमार पुत्र हरिशंकर शुक्ला के हस्तलेख में प्रस्तुत किया गया था। शिकायतकर्ता ने अपने कथनों के समर्थन में एसएसपी अयोध्या को दिए गए प्रार्थना पत्र की फोटो कॉपी निर्वाचक नामावली व खाता विवरण की फोटो कॉपी प्रस्तुत किया। थाने की आख्यानुसार आवेदक पवन कुमार पांडे पुत्र राम लखन पांडे के प्रार्थना पत्र की जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि आवेदक पवन कुमार पांडे उपरोक्त के विरुद्ध अवधेश कुमार शुक्ला पुत्र हरिशंकर शुक्ला द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 457/2019 अंतर्गत धारा 419, 420, 467, 471, 386 406, 506 आईपीसी बनाम पवन कुमार पांडे पुत्र राम लखन पांडे के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया है आवेदक पवन कुमार पांडे द्वारा पेशबंदी में प्रार्थना पत्र दिया गया है थाना स्थानीय के रजिस्टर के अवलोकन करने पर आवेदक के प्रार्थना पत्र पर अभियोग पंजीकृत होना नहीं पाया गया। न्यायालय द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिसमें आवेदक द्वारा समस्त सच न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की बात कही गई जिसके आधार पर न्यायालय ने मामले में विवेचना कराए जाने का आधार पर्याप्त नहीं माना। न्यायालय द्वारा समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थना पत्र पर परिवार दर्ज किए जाने के आदेश दिए गए और आगामी 18 फरवरी 2025 मामले में अग्रिम सुनवाई हेतु तिथि सुनिश्चित की गई है।

# एक ही तरह के अपराध में अलग अलग मापदंड बनी चर्चा का विषय

## सफाईकर्मी से अवैध वसूली का वीडियो जारी होने के बाद भी नहीं हुई बृजेश सिंह (एडीओ पंचायत)के निलंबन की कार्यवाही

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** मामला विकास खंड बसखारी में सफाई कर्मी से पेरोल भेजने के नाम पर की जा रही वसूली के वीडियो जारी होने के बाद भी संबंधितों पर कार्यवाही न करने का है। पिछले दिनों एक सफाई कर्मी ने खुद कैमरे में पूरी घटना कैद की थी जिसमें वह पेरोल भेजने के लिए 200 रुपया लिए जाने के बारे में बोल रहा है कि पहले तो 100 रुपया था अब 200 कैसे हो गया।अच्छे मेरे पास सिर्फ 200 रुपए ही हैं 100 रुपए ले लीजिए 100 मैं फिर दे दूंगा।

वीडियो सोशल मीडिया पर चलने के बाद भी अधिकारियों नेणाज तक किसी भी आरोपी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं कि जबकि अभी कुछ महीने पहले ठीक इसी तरह का मामला विकास खंड भीटी में भी पैरोल भेजने के लिए सफाई कर्मी से वसूली करने का सामने आया था जिसपर बिना किसी नोटिस स्पष्टीकरण के तत्काल कार्यवाही करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने 2 सफाई कर्मी सही प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामजीत शास्त्री को भी निलंबित कर दिया था जो आज तक निलंबित है। परंतु बिल्कुल हु बहु उसी तरह की घटना के बाद भी आज तक किसी के विरुद्ध कोई कार्यवाही न किया जाना किसी और तरफ इशारा करता है।

विकास खंड भीटी की घटना के बाद ही यह चर्चा आम हो गई थी कि भ्रष्टाचार का यह सिस्टम पूर्व में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश सिंह ने विकसित किया था। रामजीत शास्त्री को उसमें बिला वजह बलि का बकरा बनाया गया।तब बात आई है हो गई थी लेकिन विकास खंड बसखारी में विकास खंड भीटी की घटना की पुनरावृत्त होने पर प्रमाणित हो गया कि भ्रष्टाचार का यह तंत्र बृजेश सिंह द्वारा ही बनाया गया है। सब कुछ सिद्ध हो जाने के बाद भी बृजेश सिंह के विरुद्ध कार्यवाही न होना यह दर्शाता है कि वह जिले के उच्च अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण कर्मचारी अर्थात कमाऊं पूत है।

**भ्रष्ट के साथ साथ दबंग,छह्र पंचायत की छवि है बृजेश सिंह की :-**

जिस विकास खंड में रहे अंदर बाहर हर तरफ लूट मचाई और की तैनाती वाले विकास खंड में किसी गरीब चाय वाले का 15000 रुपया बाकी कर हजम कर गए अब पैसा मांगने पर गरीब चाय वाले को गाली भी देते हैं। वही वाले ने वीडियो बनकर अपनी बात जिला अधिकारी तक पहुंचाई लेकिन उन्होंने भी उस गरीब चाय वाले की कोई मदद नहीं की।

इससे साफ जाहिर होता है कि ब्लॉक बसखारी में तैनात एडीओ पंचायत बृजेश सिंह पर अधिकारी कर्मचारी किस तरह से मेहरबान है।जिस तरीके से वीडियो में पेरोल के नाम पर अवैध वसूली करना दिखाया गया है इसके बाद भी कार्यवाही न करना साफ जाहिर हो रहा है कि अवैध वसूली का धंधा जिले के बड़े अधिकारियों की निगरानी में चल रहा है।

**पेरोल के नाम पर रामजीत शास्त्री पर आखिर क्यों की गई कार्यवाही :-**

जो ऊपर के अधिकारियों को हिस्सा नहीं पहुचाएगा उसपर बिना सवाल जवाब के सीधे होगी कार्यवाही,बाकी जो बृजेश सिंह की तरह जिले पर हिस्सा पहुंचाएगा उससे स्पष्टीकरण मांग कर छोड़ दिया जाएगा।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष और महामंत्री चयनित, व्यापारियों ने दी बधाई

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान जलालपुर
तहसील संतोष कुमार




**अम्बेडकर नगर ।** जिले में व्यापार मंडल को और सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार रात्रि को जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक की गई। व्यापारी एकता और व्यापारियों की सुरक्षा समेत विषयों पर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष पद पर हरिओम सोनी और महामंत्री पद पर शरद जायसवाल को नियुक्त की गई। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हरिओम सोनी,नगर महामंत्री शरद जायसवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने बताया कि जब तक व्यापारी एकजुट नहीं होगा तब तक उसका उत्पीड़न होता रहेगा।हमारी एकता ही हमारी शक्ति है।उन्होंने व्यापारी से एकजुट होने की अपील की। विकाश निषाद ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री आदित्य गोयल,जिला कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रहरि,जिला उपाध्यक्ष देवेश मिश्र,जिला मंत्री शंभु गुप्ता,मनीष सोनी,सतनाम सिंह,अमित गुप्ता गौरव जायसवाल,दीपचंद जायसवाल,सुमित गुप्ता,सर्वेश जायसवाल ,उमेश जायसवाल,राजू जायसवाल, नन्द कुमार गुप्ता, हसनज़ादे, राशिद अख्तर,संतोष गुप्त आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## अपार आईडी बनाने में लापरवाही, 21 विद्यालयों की मान्यता पर संकट

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जनपद में अपार आईडी बनाने की गति बहुत धीमी है। इसकी समीक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा कर रहीं हैं। इसके बावजूद 21 विद्यालय अपार आईडी बनाने को लेकर संजीदा नहीं मिले। बीएसए के निर्देश पर इनका यूडायस कोड बंद कर दिया गया है। स्कूलों की मान्यता पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।टांडा ब्लॉक के लार्ड बुद्धा पब्लिक मीरानपुरा बाभनपुरा, एमआरवी पब्लिक स्कूल, रामचेत सुंदरा देवी जूनियर हाईस्कूल और एस आरडी पब्लिक आशोपुर विद्यालय, रामनगर क्षेत्र के रामपाल एसएम हायर सेकंड्री स्कूल आमा दरवेशपुर, आरपी एसएसपीवी आमा दरवेशपुर, आरपीएस यूएमवी आमा दरवेशपुर, मदरसा जहीरखान पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों का यूडायस कोड बंद किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी 21 विद्यालयों का यूडायस बंद किया गया है। इसके बाद मान्यता भी रद की जाएगी।

# बिजली उपभोक्ताओं का लुट गया धन, जेई सुल्तान अहमद पैसा लुट कर जिले से हुआ फरार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** एक तरफ जहां सुबे के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी बिजली उपभोक्ता राहत पहुंचाने के लिए एकमुश्त योजना चलाकर बिजली उपभोक्ताओं समाधान हो लेकिन जनपद अम्बेडकर नगर के बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सरकार के मनसूबे पर पानी फेर रहें हैं। अम्बेडकर नगर सुरापुर फीडर टाण्डा जेई सुल्तान अहमद ने बिजली बिल उपभोक्ताओं को कम करा देने के नाम पर जनता को झांसा देकर 50 लाख रुपए अधिक वसूला विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस वसूली में शामिल फिरोजपुर गांव का भी एक व्यक्ति है।

**जेई सुल्तान अहमद जनता को कैसे बेवकूफ बनाकर वसूला 50 लाख रुपए से अधिक :-**

मिली जानकारी अनुसार पहले तो जेई सुल्तान अहमद ने पहले बिहरोज के एक व्यक्ति को वसूली में सहभागी बनाया वह व्यक्ति ग्राम पंचायत में टहलकर बिजली उपभोक्ता से बिजली कम करने के नाम पर झांसा दे कर जेई के पास लाता था । जेई सुल्तान अहमद व वह व्यक्ति मिलकर जनता से 50 लाख रुपए से अधिक वसूली कर लिया यह मामला तब खुला जब जनता के बिल कम नहीं हुए और ना ही जमा हुए तब बिजली उपभोक्ता चर्चा करने लगे धीरे-धीरे इतनी खलबली मच गई । मामला दो महीना तीन महीना से चल रहा था जब बिजली विभाग जिम्मेदार अधिकारियों को फोन जाने लगा तो बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी हुई कई महीनो तक यह मामला अधिकारियों के बीच खिचड़ी पक रहा था। बिजली विभाग की जिम्मेदार अधिकारियों ने क्या सेटिंग बनाया की सब कुछ जानते हुए भी उसके ऊपर कारवाई ना करके उसका यहां से फरार होने का इन्तजार करने लगें ।अब बिजली उपभोक्ताओं का कौन दुखड़ा सुनने वाला धन भी चला गया धर्म भी चला गया बिल भी नहीं पास काम हुआ कितनों की लाइन कट रही है कितनों को धमकी दी जा रही है।

**बिजली उपभोक्ताओं को कौन दिलाएगा न्याय :-**

भोली- भाली जनता को जेई सुल्तान अहमद ने बेवकूफ बनाया किसी उपभोक्ता का बिजली बिल कम नहीं हुआ न जमा हुआ ।जनता में मची हाय- तौबा बिजली उपभोक्ता का लुट गया धन और धर्म आखिर ऐसे लोग समाज के संकट बने हुए हैं। अम्बेडकर नगर,.ष्ट से मोबाइल वार्ता करने दौरान बताया गया कि एक माह से अम्बेडकर नगर जिले से गायब हो गया है यह भी बताया कि टाण्डा एक्सीयन द्वारा नोटिस जारी किया गया हैं । यह कहा गया बिजली उपभोक्ता थाने पर व सभी अधिकारियों को लिखित शिकायत दें तभी कोई कार्रवाई संभव है ।अब बड़ा सवाल यह भी उठता है कि मामला सभी अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद भी कैसे फरार हो गया।फिलहाल मीडिया की पड़ताल आगे भी रहेगी जारी इसमें और कौन-कौन लोग है शामिल...

# पिस्टल की नोक पर हाथ पैर बांधे और ट्रैक्टर ट्राली लेकर लुटेरे फरार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित तिवारीपुर मिझौडा मार्ग पर कटघरवा गांव के दक्षिण तरफ दरवन नाले के समीप सुनसान स्थान पाकर बदमाशों द्वारा चीनी मिल में गन्ना बेचकर वापस आ रहे एक किसान के ट्रैक्टर व ट्रैक्टर ट्राली को चालक को जानकारी अनुसार असलहे की नोंक पर बंधक बनाते हुए उसका हाथ पैर बांधकर जंगल में फेंकने के उपरांत ट्रैक्टर और ट्राली को लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची अहिरौली पुलिस ने हाथ पैर बांधकर जंगल में फेके गए ट्रैक्टर चालक को मुक्त कराया ।और पुलिस लूट की घटना का पर्दाफाश करने में तत्परता से जुड़ गई ।फिलहाल देर सांय तक उसका पता नहीं चल सका है ।महारुआ थाना क्षेत्र के धानेतारा निवासी विजय बर्मा चीनी मिल मे महिंद्रा अर्जुन ट्रैक्टर द्वारा गन्ना बेचने के बाद घर के लिए बुधवार रात लगभग 12.00 बजे निकले चीनी मिल से लगभग 4 किलोमीटर रोड पर कटघरवा के पास एक जंगल के पास वहां पर पहले से घात लगाकर रास्ते में अपाची गाड़ी से तीन चार लोग सामने आकर खड़े होकर ट्रैक्टर को रोक लिया विजय वर्मा जब तक कुछ समझ पाते तब तक उनकी कनपटी पर पिस्टल लगाकर जंगल में ले जाकर उनका हाथ पैर बांधे और ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गए। गनीमत थी कि लुटेरे उसकी मोबाइल छोड़ गए। हाथ पैर बंधे होने पर भी कड़ी मशक्कत के बाद उसने जेब से मोबाइल नीचे गिराया ओर डायल 112 पर काल कर के घटना की सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसका हाथ पैर खुलवा कर उसे आजाद कराया और लूटे गए ट्रैक्टर व ट्राली की खोज में जुट गई। उक्त घटना की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। अहिरौली पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस कप्तान ने अहिरौली पुलिस सहित एसओजी टीम को भी घटना का पर्दाफाश करने के लिए लगाया है ।थानाध्यक्ष सुनील पांडेय ने बताया कि शीघ्र ही लूट की घटना का पर्दाफाश करते हुए लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नाबालिग से गैंगरेप, सुल्तानपुर एसपी बोले जल्द आरोपी होंगे सलाखों के पीछे

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर में कक्षा 6 की 14 वर्षीय छात्रा के साथ चार युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है बताया जाता है कि वारदात 20 जनवरी की रात को हुई। जब मोहल्ले के मिशान नाम का युवक अपने तीन साथियों रंगबाज, साहिल और अज्जू के साथ पीड़िता को हथियार की नोक पर सफेद रंग की कार में ले गया। आरोपियों ने पीड़िता को शहर के गभड़िया स्थित एक सुनसान जगह पर ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया ।घटना के बाद मिशान अपने घर चला गया, जबकि बाकी तीन आरोपी बेहोश पीड़िता को कार में डालकर लखनऊ के चारबाग स्टेशन तक ले गए। पीड़िता के पिता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से मिशान को पकड़ा, लेकिन बाद में उसे और उसके साथियों को छोड़ दिया गया ।पिछले 15 दिनों से पीड़िता और उसके माता-पिता न्याय के लिए थाने और पुलिस कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। गुरुवार को पीड़िता ने एएसपी अखंड प्रताप सिंह से मिलकर शिकायत की, जिस पर उन्होंने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।यह घटना कोतवाली नगर क्षेत्र की है, जहां पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं पीड़िता परिवार के साथ एसपी कुंवर अनुपम सिंह से मिली, जहां उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं ।एसपी ने कहा जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

## 03 ग्राम प्रधान और 44 ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) चन्द्र विजय सिंह ने आदेशित कर जनपद में रिक्त 03 ग्राम प्रधान और 44 ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की ब्लॉकवार ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विकास खंड बीकापुर के ग्राम पंचायत खिदिरपुर, विकास खंड मया बाजार के ग्राम पंचायत वन्दनपुर व भिटौरा में ग्राम प्रधान के पद और विभिन्न विकास खंडों मे 44 ग्राम पंचायत सदस्यों के के पद रिक्त हैं। चुनाव कार्यक्रम के तहत 8 फरवरी 2025 को नाम निर्देशन पत्र जमा किए जाएंगे। 10 फरवरी को पत्रों की जांच होगी और 11 फरवरी को नाम वापसी पूर्वाहन 10.00 से अपराह्न 3ः00 बजे तक होगी।

# रोडवेज बस ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, पिता की मौत

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
जलालपुर तहसील संतोष कुमार



**अम्बेडकरनगर ।** मालीपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर निकले बाइक सवार पिता पुत्र को बुधवार की शाम करीब चार बजे रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने पिता को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल पुत्र की स्थिति नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर टक्कर मारने वाला चालक बस छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को अभिरक्षा में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के सैरपुर उमरन निवासी रविंद्र (38) पुत्र राम बहाल ने बुधवार की शाम करीब चार बजे बाइक से अपने 13 साल के बेटे बादल को पीछे बैठाकर मालीपुर शाहगंज रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराया। इसके बाद जैसे ही वह मुख्य सड़क पर पहुंचा कि शाहगंज की तरफ से आ रही रही तेज रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मार कर चालक मौके से बस छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को अभिरक्षा में लेकर गम्भीर रूप से घायल पिता पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने पिता रविन्द्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि पुत्र की नाजुक हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# विद्यालय के 100 गज की परिधि में तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद की ब्रिक्री स्थल चिन्हित कर रोक-थाम की कार्यवाही करने के निर्देश

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार मे राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद स्तरीय समन्वय समिति, अनुश्रवण समिति एवं प्रवर्तन दल की बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सहयोग करे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि वृहद स्तर पर धूम्रपान निषेध कार्यक्रम पर जागरूकता बढ़ाने तथा विद्यालय के 100 गज की परिधि में तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पाद की ब्रिक्री स्थल चिन्हित कर रोक-थाम की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। ई-सिगरेट की ब्रिक्री की जानकारी होने पर प्रवर्तन दल को सूचित की जाय ताकि प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने-अपने कार्यालय परिसर को तम्बाकू रहित वातावरण बनायें तथा अनुपालन न करने वाले कर्मियों पर कोटपा अधिनियम-2003 के अर्न्तगत कार्यवाही सुनिश्चित करें। हम धूम्रपान एवं तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे।,हम अपने बच्चों एवं समाज को तम्बाकू से दूर रखेंगे एवं समाज को होने वाले क्षति से बचायेंगे।,हम तम्बाकू कम्पनियों से किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं लेंगे ना ही उन्हें सहयोग करेंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, प्रतिनिधि महामाया मेडिकल कॉलेज, जिला पंचायतराज अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी अकबरपुर, समस्त अधीक्षक सामु0स्वा0के0, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका अकबरपुर एवं तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर शुक्रवार 7 फरवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक



# हजारों निर्माण मजदूरों ने प्रदेश की तानाशाही सरकार के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

**, समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 4 मार्च को श्रम मंत्री अनिल विज के आवास का किया जाएगा घेराव, समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 4 मार्च को श्रम मंत्री अनिल विज के आवास का किया जाएगा घेराव**

केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा

जींद– बीजेपी सरकार द्वारा निर्माण मजदूरों के रद्द किए गए पंजीकरण से गुस्साए हजारों मजदूरों ने आज जींद शहर में जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया और बीजेपी के मजदूर विरोधी फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । प्रदर्शन से पहले तमाम निर्माण मजदूर जींद के नेहरू पार्क मे इकट्ठे हुए और जनसभा की जिसकी अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला प्रधान कश्मीर सेलवाल व संचालन जिला कोषाध्यक्ष संदीप जाजवान ने किया । निर्माण मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड सुखबीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बिना किसी तहकीकात व छानबीन के हरियाणा की बीजेपी सरकार ने श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूरों को एक झटके में बाहर कर दिया और लगभग एक लाख मजदूरों के पंजीकरण को रद्द कर दिया। इससे तमाम निर्माण मजदूरों मे बीजेपी सरकार के खिलाफ भारी गुस्सा है जो आज के प्रदर्शन में साफ दिखाई दे रहा है । यूनियन ने सरकार को 2018 में पहले ही आगाह किया था कि निर्माण कल्याण बोर्ड से यूनियन को बाहर करने से भारी भ्रष्टाचार फैलेगा और गाँव-गाँव लूट के अड्डे खुलेंगे । आज हम देख रहे हैं किस प्रकार सीएससी संचालक, व दलाल टाइप लोग पंजीकरण से लेकर लाभ दिलवाने तक फर्जीवाड़ा कर रहे है जिसमें बीजेपी सरकार के लकड़-भग्गे भी शामिल है । 90 दिन का काम वेरिफिकेशन करवाने के नाम पर मजदूरों भारी शोषण हो रहा है यूनियन ने बार-बार सरकार को कल्याण बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार के बारे में आगाह किया लेकिन इन दलालों व सीएससी संचालकों पर किसी



प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई । सरकार ने भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही करने की बजाए निर्माण मजदूरों को ही निशाना बनाया और एक झटके में उन्हे इस बोर्ड से बाहर कर दिया ।

यूनियन के जिला सचिव कॉमरेड कपूर सिंह ने बताया कि अकेले जींद जिला के 35 हजार निर्माण मजदूरों का पंजीकरण रद्द किया गया है । यूनियन तो लंबे समय से मांग कर रही थी कि सभी निर्माण मजदूरों का पंजीकरण किया जाए और उनकी बकाया सुविधा राशि जारी की जाए, 90 दिन के काम का अधिकार यूनियनों को दिलवाया जाए व फैमिली आईडी की बाध्यता को खत्म किया जाए। लेकिन हरियाणा की तानाशाही बीजेपी सरकार ने समस्याओं का समाधान करने की बजाए उन्हे और बढ़ा दिया है । निर्माण मजदूरों व यूनियन ने फैसला कर लिया है कि जब तक पंजीकरण बहाल नहीं किया जाता तब तक ये चुप नहीं बैठेंगे। हजारों मजदूरों की कन्यादान, मृत्यु सहायता, मातृत्व, छात्रवृति आदि सुविधाओं की राशि रुकी हुई है। इनकी शिकायत यूनियन पिछले 10 वर्षों से श्रम मंत्री मुख्यमंत्री एवं कल्याण बोर्ड के उच्च अधिकारीयों को लगातार अवगत करवाती रही लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। अब भ्रष्टाचार पर कार्यवाही न करके मजदूरों को निशाना बनाया गया है।

सीआईटीयू नेता कॉमरेड रमेश चंद्र ने बताया कि बीजेपी मजदूरों का असल मुद्दों से ध्यान भटकाकर साम्प्रदायिक व जातिवादी ध्रुवीकरण करके फिर से सत्ता में आ गई। बीजेपी गरीब, महिला व मजदूर हितेषी होने का झूठा ढोंग कर रही है जबकि मजदूरों के हक और अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। जिस कारण मजदूरों में आक्रोश है और हजारों की संख्या में निर्माण मजदूरों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया है ।

निर्माण मजदूरों की मांगों के समर्थन में किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह, खेत मजदूर यूनियन के नेता सूरजभान, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान संजीव ढांडा, ब्लॉक प्रधान मंदीप नेहरा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता आजाद पांचाल आदि ने भी आक्रोश प्रदर्शन में हिस्सेदारी की और मजदूरों के साथ एकजुटता दिखाई । प्रदर्शन के बाद यूनियन ने मजदूरों की मांगों एवं समस्याओं के ज्ञापन श्रम मंत्री व उपायुक्त जींद के नाम एसडीएम मान को सौंपे । इस प्रदर्शन में उपरोक्त के अलावा भवन निर्माण कामगार यूनियन के जींद ब्लॉक सचिव राजेश कुमार, प्रधान जोगेन्द्र ईगराह, जुलाना ब्लॉक प्रधान सुभाष पांचाल, नरवाना ब्लॉक प्रधान सुभाष धीमान, सफीदों ब्लॉक प्रधान अंग्रेज़ छापर, दीनदयाल, आदि शामिल हुए । जारीकर्ता, कपूर सिंह, जिला सचिव, जींद भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा मुख्य मांगे–1. नि म ा ण मजदूरों का रद्द किया गया पंजीकरण तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाए और बकाया सुविधाओं की 2. जींद के श्रम कल्याण बोर्ड के कार्यालय में सहायक निदेशक (ष्ठ) व सहायक कल्याण अधिकारी (ड्डह्र) तथा अन्य सहायक स्टाफ की स्थाई नियुक्ति की जाए ।

3. निर्माण मजदूरों के 90 दिन के काम की तसदीक का अधिकार यूनियनों को भी दिया जाए। सरकार द्वारा अधिकृत उप निदेशक, सहायक निदेशक, कल्याण अधिकारी, श्रम निरीक्षक अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ग्राम सचिव, पटवारी आदि 90 दिन के काम की तसदीक नहीं कर रहे । जो तसदीक कर रहे हैं उनकी अपनी मन मर्जी चलती है । काम की तसदीक करवाने में भारी भ्रष्टाचार है । इस भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए और निर्माण मजदूरों के काम की तसदीक कारवाई जाए ।

# भा.कि.म.यू.(धीरज) ने सपेरा समाज को लेकर किया जिला मुख्यालय का घेराव

**दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो प्रमुख दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र)**



**आगरा–** दिनांक 6 फ़रवरी 2025 गुरूवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन( धीरज ) राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज सिकरवार के नेतृत्व में सपेरा समाज के जाति प्रमाण पत्र की समस्या को लेकर शाहगंज पृथ्वी नाथ फाटक से जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च तथा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के नाम जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी जी को ज्ञापन प्रेषित किया

राष्टीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने कहा कि सपेरा समाज को आज तक सुचिबद्ध नहीं किया है, जिस कारण सपेरा समाज को किसी प्रकार की सरकारी सुविधा नहीं मिल रही है। तथा सपेरा जाति के जातिप्रमाण पत्र कंजर जाति से जारी किये जा रहे थे लेकिन उन पर भी अब बंदिश लगा दी गई है अगर सपेरा जाति को जल्द सुचिबद्ध नहीं किया तो भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) सपेरा समाज को लेकर मुख्यमंत्री आवास लखनऊ का घिराव करेगी इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामबहोरी सिंह जी राष्ट्रीय प्रवक्ता लेफ्टिनेंट राजवीर उपाध्याय जी संगठन संरक्षक राम गोपाल चाहर जी वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह चाहर, रि. फ्लाइट लेफ्टिनेंट वीरेंद्र चाहर जी, अजय चाहर, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मंजू परमार जी,रेखा वर्मा जी, पूनम गोला जी जिला सचिव दीक्षा शर्मा जिला मंत्री धर्मेंद्र परमार वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र चौधरी जिला मीडिया प्रभारी दीवान सिंह सिकरवार जी मनिया के पूर्व प्रधान सिंधी नाथ तथा समस्त सपेरा समाज सहित भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे

# स्वच्छ भारत मिशन में लापरवाही पर डीएम सख्त : कौशाम्बी में 31 अधिकारियों का वेतन और एचआरए रोका, कार्रवाई के आदेश

**गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ - कौशाम्बी - केसरिया हिंदुस्तान**

**कौशाम्बी।** जनपद में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने 31 अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका वेतन और हाउस रेंट अलाउंस रोकने के आदेश दिए। यह कार्रवाई अधिकारियों द्वारा सरकारी योजनाओं में रुचि न लेने, विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने और जनपद में रात्रि प्रवास न करने के कारण की गई।जिला स्वच्छता समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए स्वच्छ भारत




मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय का लाभ बिना विलंब के दिया जाए। साथ ही, लंबित भुगतानों को तत्काल जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।मधुसूदन हुल्गी ने गांवों में रात्रि प्रवास अनिवार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रहना होगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वत: रोजगार सुखराज बंधु, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव, सभी विकास खंड अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।मधुसूदन हुल्गी, जिलाधिकारी ने गांवों में रात्रि प्रवास अनिवार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रहना होगा।बैठक में शामिल अधिकारीबैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वत: रोजगार सुखराज बंधु, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव, सभी विकास खंड अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्वच्छता अभियान को मिलेगी रफ्तार :** सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए ग्राम पंचायतों को अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि लंबित कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भविष्य में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया औचक निरीक्षण कर्मचारियों में मची खलबली

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**



कमासिन बांदा 6 फरवरी आज गुरुवार को नवागत जिला अधिकारी जे रीभा के द्वारा कमासिन ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए सभी पटल के कार्मिकों सहित स्टाफ को अपने दायित्व के लिए नियमित उपस्थित रहने के शख्त निर्देश देते हुए लाभकारी योजनाओं से संबंधित जो भी कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं उनका समय पर क्रियान्वयन करने के निर्देश देने के साथ स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे ,मनरेगा, आजीविका मिशन , पीएम आवास सर्वे के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की ।ब्लॉक निरीक्षण के उपरांत जिला अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमासिन में ओपीडी कक्ष पहुंच कर उपस्थिति पंजिका को देखकर डॉक्टर संजय जायसवाल , डॉक्टर नरेश सहित कार्यरत सभीकर्मचारियों को बुलाकर आवश्यक जानकारी ली कार्य विभाग की जानकारी लेते हुए एचआईवी खून जांच वप्रसूता ग्रह का निरीक्षण कर दवा वितरण कक्ष में मरीजों को जो दवा वितरण की जा रही है के बारे में जानकारी प्राप्त की चिकित्सक डॉ संजय जायसवाल को गर्भवती महिलाओं की एनीमिया सहित गर्भावस्था की सभी जांच नियमित करने के भी निर्देश दिए। स्टाफ के सभी चिकित्सकों महिला पुरुष स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित उपस्थित रहनेके साथ स्वास्थ्य संबंधित जो भी कार्यक्रम चल रहे हैं उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के कड़े निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी , पशुअस्पताल के प्रभावी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश सिंह तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर संजय जायसवाल डॉक्टर नरेश आदि मौजूद रहे

जिलाधिकारी जे रीभा ने बड़ी फुर्ती दिखाते हुए 1 घंटे में ब्लॉक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया डीएम करीब 2ः00 बजे आकरब्लॉक का निरीक्षण करने के बाद सीएचसी का निरीक्षण किया और इसके बाद बांदा के लिए रवाना हो गई निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों की सांसें थमी हुई थी क्योंकि पहली बार कमासिन आकर औचक निरीक्षण किया

# संविधान समाप्त करने की साजिश को कभी सफल होनें नहीं देंगे : गोप

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**

**बाराबंकी ।** संविधान आरक्षण और बहुजन एकता को बरकरार रखने के लिए कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है संविधान पिछड़ा बहुजन आदिवासी विरोधी भाजपा सरकार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे देश के संविधान को समाप्त करने की साजिश को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा दरियाबाद के ग्राम अजईमऊ मझेला भिटरिया चौराहा स्थित विधानसभा कार्यालय पर आयोजित संविधान बचाओ पीडीए चौपाल मे ग्राम वासियों के बीच व्यक्त किये।

राष्ट्रीय सचिव ने आगे कहा कि संविधान के तहत देश के पीडीए परिवारों को मिले आरक्षण को किसी कीमत पर खत्म नहीं होने देने के साथ संविधान की रक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में हम पुरजोर लड़ाई लड़ते हुए एससी एसटी ओबीसी वर्ग के लोगों को आरक्षण की जो सहूलियत मिलती है उसको बरकरार रखने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करते



रहेंगे क्योंकि मौजूदा भाजपा सरकार कमजोर वर्ग के लोगों का आरक्षण खत्म करने की साजिश रचते हुए सरकारी कंपनियों को निजी हाथों मे सौप कर आरक्षण खत्म करने का कुचक्र रच रही है जिससे देश में बेरोजगारी महंगाई ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए गरीब कमजोर वर्ग के लोगों को पाई पाई का मोहताज बना दिया है इस बड़ती महंगाई बेरोजगारी पर लगाम लगाने के साथ अपने हक अधिकारों की रक्षा सुरक्षा के लिए मौजूदा सरकार को हटाकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना ही होगा तभी प्रदेश वासियों को इन तकलीफ परेशानियों से निजात मिल सकेगी इसलिए हम सबको पूरी ताकत मेहनत से लगकर गांव-गांव पड़ीए चौपाल को आयोजित करके भाजपा की साजिश को बेनकाब करना होगा जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता को भ्रमित करने की मौजूदा सरकार की कोई भी साजिश कामयाब ना हो सके।

पीडीए चौपाल में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, युवा सपा नेता अविरल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, अजय प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला सचिव विनय पांडे, विकास सिंह, विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव गुड्डू, हसमत अली गुड्डू, शुभम वर्मा, फूलचंद रावत,सुरेंद्र विक्रम यादव, जय जय रावत, वरिष्ठ नेता मेराज प्रधान, सावन यादव,वीरू सिंह, महेंद्र सिंह, उदय राज सिंह, भूपेंद्र सिंह,मो आरिफ,मो अजीज ,मो इरफान,केतार यादव,धरम रावत, राजू कश्यप, राम सुफल रावत, संजय गौतम, राम सेवक गौतम,रमपत यादव, जीत यादव,भगौती सिंह,भीम सिंह, डॉ गोविंद ,झगरू रावत, कुलदीप सिंह, पप्पू रावत, प्रदीप यादव आदि।

# अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटा पीलीभीत का युवक



## डंकी रूट से पहुंचा था गुरप्रीत, एजेंट ने ठगे के 25 लख रुपए

**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

**पीलीभीत,** पीलीभीत, अमेरिका सरकार द्वारा डिपोर्ट किए गए 104 भारतीय नागरिकों में से एक पीलीभीत का युवक गुरप्रीत सिंह भी शामिल है पूरनपुर कस्बे के बंजरिया गांव के रहने वाले गुरप्रीत सितंबर 2022 मैं पहले इंग्लैंड गया था जहां उसने डंकी रूट के जरिए अमेरिका जाने का प्रयास किया गुरप्रीत की मां जसविंदर कौर के अनुसार, लगभग डेढ़ महीने पहले उनके बेटे ने अमेरिका पहुंचने की सूचना दी थी जिसके बाद उनका संपर्क टूट गया तीन भाइयों में सबसे छोटा गुरप्रीत अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए विदेश गया था उसका बड़ा भाई गुरदेव सिंह उर्फ गुरजीत भारतीय सेना में कार्यरत हैं

परिवार ने स्थानीय एजेंट की मदद से कारीव 20 25 लाख रुपए खर्च कर गुरप्रीत को लंदन भेजा जहा वह फैक्ट्री और कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम कर रहा था काम में कठिनाइयों का सामना करने के बाद एक एजेंट ने उसे अमेरिका में बेहतर अफसरो का लालच देकर मोटी रकम वसूली और अवैध तरीके से अमेरिका भेज दिया13 जनवरी को अमेरिका बॉर्डर कंट्रोल ने उसे सीमा पार करते हुए पकड़ लियावर्तमान में गुरप्रीत पंजाब में लैंड होने के बाद से दिल्ली पुलिस की पूछताछ में है जबकि परिजन उससे संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं

# जिले के जांबाज कराटे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले को किया गौरान्वित

8 वी इंटनेशनल कराटे चेम्पियनशिप का भव्य आयोजन विगत 01 एवं 02 फरवरी 2025 को राजीव गांधी इंडोर,ष्ट पोर्ट स्टेडियम विशाखापटनम (आंध्रप्रदेश) में सम्पन्न हुआ जिसमे नेपाल, भूटान, बंगलादेश, श्रीलंका,मलेशिया और मेजबान भारत सहित विभिन्न देशों के प्रतिभावान 2000 महिला पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया आयोजन में प्रमुख रूप से आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चन्द्रबाबू नायडू,फ़िल्म अभिनेता डॉ.सुमन तलवार (गब्बर इज बेक,शिवाजी द बॉस) क्योसी हैदर अली ,शिहान वरुण पाण्डेय महासचिव यू. एस. के. इंडिया सहित देश विदेश के मार्शल आर्टिस्ट उपस्थिति रहेंगे, उक्त 8 वी इंटरनेशनल कराटे चेम्पियनशिप में भारतीय टीम की ओर से छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले से (1) आरना शुक्ला - काता - गोल्ड

(2) लीजा महंत - काता - सिल्वर (3) आर्यन दिव्य - काता - बाउंस (4) अन्वीक्षा तिवारी - काता - बाउंस (5) जोयल लकड़ा - काता - बाउंस (6) सरताज - काता - ब्राउज मेडल (7) अदिति पाण्डेय - काता - बाउंस

(8) आर्यन पटेल - कुमिते - सिल्वर (9) हार्दिक राठौर - कुमिते - ब्राउज (10) हार्दिक राठौर - काता - बाउंस (11) तमन्ना राठौर - काता - सिल्वर (12) पूर्ववांस यादव - काता - ब्राउज (13) आभास पटेल - कुमिते - गोल्ड (14) आभास पटेल - काता - बाउंस (15) आर्यन पटेल - काता - सिल्वर (16) निकिता देशमुख - कुमिते - बाउंस

(17) निकिता देशमुख - काता - सिल्वर (18) सांझ थवाईत - काता - बाउंस (19) जिज्ञासा मरकाम - काता - ब्राउज (20) पुष्कर सूर्यवंशी - काता -




बाउंस(21) मालिना कमल सांडे - काता - सिल्वर (22) अवनी कश्यप - काता - बाउंस(23) अन्वीक्षा तिवारी - कुमिते - ब्राउज (24) अनिकेत साहू - कुमिते - गोल्ड मेडल (25) अवनी नाग - काता - बाउंस (26) नैंसी सोनवानी - काता - बाउंस(27) आर्यन दिव्य - कुमिते - बाउंस (28) पूजा तिवारी - काता - ब्राउज (29) मालीना कमल सांडे - कुमिते - बाउंस मेडल (30) अमृता शर्मा- कुमिते - बाउंस मेडल (31) स्पर्श थवाईत - सिल्वर मेडल (32) भूमिका जोगी - काता - बाउंस मेडल (33) विशु वर्मा - बाउंस मेडल

(34) मुस्कान कश्यप बाउंस मेडल (35) आहना शर्मा - ब्राउज मेडल (36) आर्या सिंह - सिल्वर मेडल (37) आकांक्षा सिंह - बाउंस मेडल (38)वैभवी सिसोदिया - ब्राउज मेडल (40) पारिजात सिन्हा - बाउंस मेडल (41) हिमांशु पटेल - बाउंस मेडल (42) आकांक्षा चंद्रा - गोल्ड मेडल जीते इनके अलावा ब्लैक बेल्ट 1ह्यह्ल स्रड्डठ्ठ की डिग्री क्योशी हैदर अली सर के हाथों संध्या धीवर, नागेश्वरी धीवर , लक्ष्मीन बरेठ, भगवंतीन निराला लवली महंत और 2ठ्ठस्र स्रड्डठ्ठ मधु विश्वकर्मा को प्राप्त हुआ। कोच रूखमणी रानू के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले व छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाए इनके पदक जीतने पर जिला कराते संघ के अध्यक्ष गुरुजी सनत राठौर, संरक्षक सन्तोष गुप्ता, इंजीनियर रवि पांडेय ,अमर सुल्तानिया,अरविंद तिवारी आदि ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए हर्ष व्यस्त किए हैं। सविता राठौर, अम्बा पटेल, तनुजा राठौर , बिन्दुलता यादव, प्रमिला सांडे , हसीना देशमुख, सुरेश थवाईत , ज्योति शर्मा, उषा शर्मा , अंशु सिंह, बिमला सूर्यवंशी , शिव चमन ठाकुर , योगेश खूंटे आदि ने अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक बधाई दिए एवं उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं किए ??

# जंगली सुअर,से बाइक सवार भाई बहन की हुई टक्कर हायर सेंटर किया गया रेफर

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



एटा जनपद के नया गांव थाना क्षेत्र के मंगदपुर गांव के समीप सड़क पर अचानक जंगली सुअर के गुजरने के कारण बाइक सवार अनियंत्रित होकर टकरा गए ।जिसकी वजह से बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए ।रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने सूचना नया गांव थाना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गम्भीर देखते हुए घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है ।सड़क हादसे में रामसरन पुत्र जसवंत सिंह निवासी सूरजपुर अहिरवा कटरा उम्र 60 वर्ष,सावित्री देवी पत्नी जितेंद्र उम्र 65 घायल हुए हैं ।जानकारी के अनुसार घायल दोनों सगे भाई बहन है दोनों लोग शौरिख से दाऊदगंज स्थित जितेंद्रिय योग साधना केंद्र अनाथ आश्रम आ रहे थे ।तभी अचानक रास्ते से जंगली सुअर निकला और बाइक अनियंत्रित हो गई । घायल सावित्री देवी ने जानकारी देते हुए बताया बताया कि वह सौरिख से अलीगंज स्थित आश्रम पर आ रही थी ।तभी जंगली सुअर अचानक निकला और बाइक से टकरा गया जिसकी वजह से मैं और मेरा भाई दोनों घायल हुए हैं।

# विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ



**मुरादाबाद** मुरादाबाद मंडल के औषधि विभाग के सहायक आयुक्त मनु शंकर को विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. बरेली विजिलेंस टीम ने यह कार्रवाई की, जब मनु शंकर एक मेडिकल स्टोर खोलने की अनुमति देने के बदले 35,000 रुपये रिश्वत मांग रहे थे. संभल निवासी एक व्यक्ति से रिश्वत मांगे जाने की शिकायत विजिलेंस टीम को मिली थी. इसके बाद विजिलेंस टीम ने शिकायतकर्ता को 15,000 रुपये एडवांस रिश्वत देने के लिए भेजा. जैसे ही सहायक आयुक्त ने यह रकम ली, टीम ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया.। गिरफ्तारी के दौरान टीम ने सहायक आयुक्त की दराज से 1,30000 रुपये नकद बरामद किए. इसके अलावा 1,00,000 रुपये के दो अलग-अलग लिफाफे भी मिले, जो संदिग्ध रूप से रिश्वत की रकम माने जा रहे हैं.

# 200 वर्ग मीटर में बनी दुकानों पर लगाई गई सील

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद



मुरादाबाद के लाइन पर मझोला प्रकाश नगर चौराहे के पास 200 वर्ग मीटर में बनी दुकानों पर लगाई गई सील प्राधिकरण उपाध्यक्ष शेलेष कुमार के दिशा निर्देशन में सील करने की कार्रवाई करने पहुंची थी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम मानको को अनदेखा कर किया गया था अभिषेक मल्होत्रा द्वारा सात दुकानों का निर्माण

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 651जोड़ा हुए एक दूजे के संग




**कौशाम्बी** ।जिले के ओसा नवीन मंडी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 651जोड़ों का विवाह बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बेटियों के विवाह के लिए सहायता प्रदान करना है ताकि वे समाज में सम्मान से अपना जीवन शुरू कर सकें ।लोगों ने मुख्यमंत्री सामोहिक विवाह पोर्टल पर आवेदन कर रखे थे ।गुरुवार को विवाह समारोह का आयोजन किया गया है ।इस मौके पर सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल दिवाकर, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ,मंझनपुर नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

# मथुरा आज भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने गोवर्धन विधानसभा के किसानों के साथ गोवर्धन तहसील का घेराव किया व ज्ञापन सौंपा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी

राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान के नेतृत्व में किसान जय जवान जय किसान किसानों को न्याय दो के गगन भेदी नारे लगाते हुए गोवर्धन तहसील पहुंचे तहसील में धरने पर बैठ गए 2 घंटे तक कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर नहीं आया उसके बाद भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओ ने ऐलान किया 1 घंटे में कोई अधिकारी धरना स्थल पर नहीं आया तो पूरे तहसील में तालाबंदी की जाएगी इसके 5 मिनट बाद ही एसडीएम साहब तहसीलदार साहब नायब तहसीलदार साहब धरना स्थल पर पहुंचे किसानों की सभी बातें मानी भू माफियाओं से चक रोड खाली करने के आदेश दिए उसके बाद भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता धरना स्थल से हटे

भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव ने कहा गोवर्धन तहसील के गांव बछगाव में भू माफियाओं द्वारा किसानों के चक रोड को घेर रखा है भू माफियाओ ने किसानों का रास्ता बंद कर दिया है लेकिन तहसील के अधिकारी कर्मचारी इस और ध्यान नहीं दे रहे पूर्व में हुई बरसात से गोवर्धन तहसील में किसानो की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी लेकिन अभी तक किसी भी किसान का मुआवजा नहीं दिया गया बछगाव में जल भराव से जिन किसानों की फसल नष्ट हुई थी



उनको तत्काल मुआवजा दिया जाए जिन भू माफियाओं ने किसानों के चक रोड को घेरा है उन पर कार्रवाई की जाए सौख से बच्चगांव तक ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग को बनवाया जाए किसान जब अपने काम के लिए तहसील जाते हैं तो किसानों को कोई भी कर्मचारी तहसील में नहीं मिलता किसानों को सिर्फ दलालों से मिलना पड़ता है हर कर्मचारी ने अपना एक प्राइवेट कर्मचारी लगा रखा है जो बिना सुविधा शुल्क के कोई भी काम किसानों के नहीं करते इस मौके पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव बबलू चौधरी जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान आगरा मंडल अध्यक्ष नीरज प्रधान उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन श्याम पाठक उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बालकृष्ण दीक्षित नगर अध्यक्ष मथुरा शिवा बघेल राजू चौधरी मेंबर सिंह बच्चू सिंह देवेंद्र पहलवान कर्मवीर सिंह जीतू रिशिपाल जितेंद्र लेखराज महेश रतनी हवलदार विष्णु प्रमुख रूप से उपस्थित थे

# तहसीलदार सदर के विरुद्ध लामबंद हुए राजस्व कर्मी

## तहसील दार बोले आरोप निराधार,सरकारी कार्यों में रुचि नहीं लेने पर हुआ लेखपाल का ट्रांसफर

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव



**एटा** सदर तहसील के दर्जनों लेखपाल तहसीलदार संदीप सिंह के विरुद्ध लामबंद हो गए और उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले दर्जनों लेखपालों ने एकत्रित होकर धरना और प्रदर्शन करने लगे ।महिला लेखपाल कल्पना भदौरिया के ट्रांसफर किए जाने के विरोध में दर्जनों लेखपाल धरने पर बैठे हैं ।लेखपालों ने इस दौरान प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की है ।लेखपालों के प्रदर्शन के बाद तहसीलदार संदीप सिंह ने भी प्रतिक्रिया दी है ।महिला लेखपाल कल्पना भदौरिया ने बताया है कि उनका ट्रांसफर डी एम साहब ने अलीगंज कर दिया है जिसकी वजह से धरना कर रहे हैं ।महिला लेखपाल ने तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने डी एन साहब को गुमराह कर दिया है ।और तहसीलदार साहब के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए डी एम साहब को गुमराह कर दिया है ।मैं लेखपाल संघ की तहसील अध्यक्ष हूं मैने लेखपालों के हक और अधिकारों के लिए पक्ष रखा था ।उन्होंने अधिकारी की हनक दिखाते हुए धमकाया भी है ।एक वाट्स ऐप ग्रुप पर चैट को लेकर और टाइम बे टाइम मीटिंग बुलाने पर महिला लेखपाल होने के नाते विरोध किया था ।फॉर्मर रजिस्ट्री में हो रही असुविधा के बारे में भी कहा था इसलिए इश्यू बना कर ट्रांसफर कराने का आरोप लगाया है ।बही तहसीलदार सदर संदीप कुमार ने भी अपना पक्ष रखते हुए बताया कि 3 फरवरी अनुशासन हीनता करने पर महिला लेखपाल कल्पना भदौरिया के खिलाफ स्पतीकरण जारी किया गया था ।जिसकी एक प्रति आलाधिकारियों भेज दी गई थी तत्पश्चात उच्चाधिकारियों द्वारा लेखपाल का तबादला एटा सदर से तहसील अलीगंज कर दिया गया है ।ट्रांसफर के बाद तत्काल इनको कार्यमुक्त कर दिया गया है ।मेरे द्वारा इसमें कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।इनका स्पष्टीकरण अभी नहीं मिला है ।जवाब आने के बाद कार्यवाही इनके विरुद्ध होनी है या नहीं ये बाद में तय किया जायेगा जनहित में इनका ट्रांसफर जिलाधिकारी महोदय ने किया है ।इसी से क्षुब्ध होकर लेखपालों द्वारा धरना किया जा रहा है ।महिला लेखपाल कल्पना को आज अलीगंज जाकर ज्वाइन कर लेना चाहिए था परन्तु ये आज धरने में शामिल हुई हैं ।दबाव बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# निराश्रित गौ वंश, जंगली सूअर आलू की फसल कर रहे हैं बर्बाद, किसान चिंतित : रामवीर सिंह तोमर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

**बलदेव**/ निराश्रित गौवंश, जंगली सूअर आलू की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। भाकियू चढ़ूनी मंडल अध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर ने बताया कि निराश्रित गौ वंश ने उनकी एक एकड़ फसल को बर्बाद कर दिया है। श्री तोमर ने बताया कि निराश्रित गौ वंश ही किसानों के दुश्मन नहीं बने हैं, जंगली सूअर भी फसल को खराब कर रहे हैं। महंगे बीज, खाद, डीजल कीटनाशक और बढ़ती लागत से किसान परेशान हैं उस पर निराश्रित गौ वंश जंगली जानवर नुकसान कर रहे हैं। बेचारे किसान की एक नन्ही सी जान और हजार दुश्मन। किसी साल बेमौसम बारिश किसान की फसल को चौपट कर देती है, झुलसा, चूहे, खरगोश, अनेक कुदरती दुश्मनों से किसी तरह फसल बच जाती है तो किसान को अच्छा भाव



मिल ही जाएगा इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। भाकियू चढ़ूनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान, मंडल महासचिव रमेश चंद्र सिकरवार, प्रदेश सचिव सतीश चन्द्र बिल्ला सिंह ने कहा है कि गौवंशी समस्या न सुलझी तो प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि निराश्रित गौ वंश किसानों के खून पसीने से सींची फसल को बर्बाद कर रहे हैं और किसान अपनी बर्बादी पर कुछ नहीं कर पा रहा है। मुख्यमंत्री ने छुट्टा गौ वंश को पकड़वाने और गौ शालाओं में भेजने का निर्देश दिया है उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी संवेदनशील नहीं हैं, समस्या समाधान नहीं कर रहे। किसान जगमोहन सोलंकी, कुंतभोज रावत, ओमवीर , भूले सिंह, अशोक , प्रताप सिंह , रवि सिकरवार, नेत्रपाल बोहरे, सोनवीर सिंह तोमर, हरिपाल सिंह परिहार हरिओम सिंह, जयपाल सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री से जंगली सुअरों और निराश्रित गौवंश को पकड़वाने की मांग की है।

# भाजपा नेता पर गरीबों के प्लाटो पर कब्जा करने का लगा आरोप

## डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार
व्यूरो पीलीभीत



**पीलीभीत-बरखेड़ा।** कस्बे के लोगो ने डीएम पीलीभीत को शिकायती पत्र देते हुए बताया है। कि हम सब कस्बे बासी गणो ने लोगो ने कस्बे मे गाटा संख्या 504,506,507,508 में पिछले तीन वर्ष पूर्व आवासीय प्लाट खरीदे थे। जिसका बैनामा भी कर लिया है। जब प्लांट स्वामी लोग निर्माण कराने के लिए कार्य शुरू कर रहे थे। तभी अचानक कस्बा निवासी के संजीत सरन व उनका पुत्र श्रीकृष्ण अपने अन्य साथियों के साथ प्लाटो पर पहुंच गये और गली गलौज करते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया वही प्लांट स्वामियो का आरोप है। की भाजपा नेता ने अपने व अपनी बहिन को भाजपा का महिला आयोग का सदस्य बताते हुए प्लांट स्वामियो पर रौब गाठा की डीएम एसडीएम मुठ्ठी मे है। मेरा कोई कुछ नही बिगाड सकता है। वही प्लांट स्वामियो का आरोप भाजपा नेता कस्बे मे कई जगह प्लाटो पर अबैध कस्बा किए हुए है। प्लाटिंग स्वामियो ने बताया की यह प्लांट मेहनत मजदूरी करके व गहनों को गिरवी रखकर व गहने बेचकर प्लांट खरीदे थे। उसके बावजूद भी भाजपा नेता अपनी दंबगई से प्लाटो पर कब्जा करना चाहते है। पीडितो का आरोप है। की अगर डीएम ने समस्या समाधान नही किया तो प्लांट स्वामी आत्महत्या करने को मजबूर होंगे वही प्लांट स्वामियो ने जोरदार प्रदर्शन करके भाजपा नेता पर कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर राजकुमार, सुशीला देवी, सत्यपाल, वीरपाल, उर्मिला देबी, मैकादेवी, आशा देवी, कुलदीप सिंह,गुड्डी देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# धर्म की स्थापना को होता है प्रभु का अवतार=कथावाचक पंकज शुक्ला

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक
केसरिया हिंदुस्तान

**बलौदाबाजार।** ग्राम गिन्दोला के ब्राह्मण पारा में उमाशंकर पाठक उर्मिला पाठक के घर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिन पंडित पंकज शुक्ला ने भगवान वामन अवतार श्रीराम कथा एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। कथा वाचक पंकज शुक्ला ने वामन अवतार की कथा में बताया कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मांगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि का मन नापा तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आई तो राजा बली भी मुक हो गई। तब उनकी पारी आगे आई और राजा बलि को अपना तन भगवान को अर्पित कर देने की बात



कही। इस तरह राजा बलि ने तन मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया ।इसके अलावा समुद्र मंथन गज ग्राह श्रीराम जन्म एवम कृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए कथावाचक पंकज शुक्ला ने मनुष्य को उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने की प्रेरणा दी कथा के दौरान श्रीराम चरित मानस के दोहों व चौपाइयों का संक्षेप में वर्णन करते हुए उसका सार बताया।

धर्म की स्थापना को होता है प्रभु का अवतार: कथावाचक ने वामन अवतार की लीला के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार दुराचार पाप बढ़ता है तब तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मथुरा में राजा कंस के अत्याचार से व्यथित होकर धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण रूप में देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया और धर्म और प्रजा की रक्षा कर कंस का अंत किया उन्होंने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य बाद दुर्लभ है जब भी हमें यह अवसर मिले इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा का सुनना तभी सार्थक होगा जब उसकी बताए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करेंगे। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह उत्सव का सभी ग्रामवासी भरपूर आनंद उठा रहे है ।श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 10 फरवरी तक चलेगी।

# एफसीआई चावल से इथेनॉल उत्पादन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, याचिका दायर

श्री उदय सुरेश भाई ठक्कर

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के श्री उदय सुरेश भाई ठक्कर ने कहा भारतीय खाद्य निगम (स्न्नष्टढ्ढ) के चावल से इथेनॉल उत्पादन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में एफसीआई द्वारा कंपनियों को चावल उपलब्ध कराने पर अस्थायी रोक लगा दी है।

याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि विटामिनयुक्त और पोषक तत्वों से भरपूर चावल का उपयोग इथेनॉल उत्पादन के लिए किया जाना उचित नहीं है, क्योंकि यह खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। उनका कहना है कि इस चावल का प्राथमिक उद्देश्य देश की जनता को सस्ते दरों पर पोषण उपलब्ध कराना होना चाहिए, न कि इसे जैव ईंधन के उत्पादन में उपयोग किया जाए।

**क्या है मामला?** भारत सरकार ने इथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एफसीआई के अधिशेष चावल को डिस्टिलरी कंपनियों को उपलब्ध कराने की योजना बनाई थी। इसके तहत चावल से इथेनॉल बनाकर पेट्रोल में मिश्रित किया जाना था, जिससे देश में ईंधन आयात पर निर्भरता कम की जा सके। लेकिन इस योजना के विरोध में कई सामाजिक संगठनों और विशेषज्ञों ने आपत्ति जताई थी, जिसके चलते यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश :** सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एफसीआई से चावल वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है और कहा है कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक एफसीआई कोई भी चावल इथेनॉल उत्पादन के लिए कंपनियों को नहीं देगा। अदालत ने केंद्र सरकार से भी इस मामले में विस्तृत जवाब देने को कहा है।

**आगे की कार्रवाई :** मामले की अगली सुनवाई जल्द ही होने की संभावना है, जिसमें अदालत यह तय करेगी कि क्या एफसीआई का चावल जैव ईंधन उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है या इसे केवल खाद्य आपूर्ति के लिए ही सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को इस मामले में संतुलित निर्णय लेना होगा, जिससे देश की खाद्य सुरक्षा भी बनी रहे और इथेनॉल उत्पादन को लेकर सरकार की योजनाओं पर भी असर न पड़े।

# 33 वां सालाना उर्स पाक ए सुलतानुल औलिया सरकार संपन्न हुआ

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत-बरखेड़ा। कस्बे मे उर्से पाक ख्वाजा मोहम्मद हसन शाह का बृहस्पतिवार को कुल शरीफ के साथ संपन्न हुआ तीन रोज से चल रहे उर्स सुलतानुल औलिया हज़रत ख़्वाजा सूफी मोहम्मद हसन शाह रह. भैसोडी शरीफ वालो का खानकाहे हसनी मकसूदी जहांगीरी कस्बा बरखेड़ा कला तहसील बीसलपुर पीलीभीत उर्स बड़े ही शानो शौकत हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया पहले दिन कुरान ख्वानी महफिले मीलाद शरीफ हुई दूसरे दिन हल्का ए ज़िक्र महफिल ए सिमा बज्मे क़व्वाली रात भर शब्बेदारी हुई तीसरे दीन कुल शरीफ हुआ कुल शरीफ में बात ओ मनकावत दुआए खैर हुई धुँदारी शरीफ के सज्जादा नशीन हज़रत ख़्वाजा सूफी शाकिर मियां किब्ला ने मुल्क की तरक्की वा खुशहाली अमन ओ चैन आपस में भाई चारे की दुआ की उर्स की निजामत मौलाना सूफी अजीमुद्दीन मकसूदी ने की जनाब हाजी जमील अहमद पूर्व चेयरमैन ने



उर्स में बड़ा किरदार निभाया खुसुसी महमान जाहिद हुसैन मकसूदी जाने आलम मकसूदी. असलम मकसूदी. पूर्व मैनेजर बैक ऑफ बड़ौदा अंसार हुसैन बरेली साबिर प्रधान धुँदारी शरीफ खानकाह खादिम पूर्व चेयरमैन जनाब सूफ़ी बाबर हुसैन मकसूदी. सागीर अहमद मक़सूदी मोहम्मद जुनैद मकसूदी दामोदर, लेखपाल बशीर अहमद आदि लोग मौजूद रह

# सेफ क्लिक रायसेन पुलिस का जन संवाद अभियान

## बाड़ी पुलिस ने किया लोगो को जागरूक

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

**बाड़ी,** पुलिस का सेफ क्लिक जन संवाद अभियान के तहत आज टी आई राजेश तिबारी ने अपने दलबल के साथ चिंतामन चौराहे पर एंव बाड़ी नगर के बस स्टेंड पर नुक्कड सभा के माध्यम




से लोग अपने आप साइबर क्राइम से केसे बचा जा सकता है उन तरीको को बताया एंव यह भी बताया यदि कोइ फाड काल आता है तो इसकी सूचना साइबर सेला एंव नजदीकी पुलिस थाने मे दे यदि कोई फाड का शिकार हो गया है तो 1930पर तत्काल शिकायत दर्ज करबाया सुरक्षित रहे ओर सेव रहे सुरक्षित क्लिक करे बही टी आई बाड़ी ने नगर से हौकर चलने बाली बसो का निरिक्षण किया इसमे फोजदार बस बगैर परमिट की चलती पाई गई जिसपर टी आई बाड़ी ने चलानी कार्य बाही कीबही बस संचलको मे हडकंप मच गया एंव बसे लेकर फरार होते नजर आये